सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 25 नवम्बर , 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 318, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 331 अंकों की गिरावट

शेयर बाजार में लगातार गिरावट आई और सेंसेक्स शुरुआती बढ़त गंवाते हुए 331.21 अंक की गिरावट के साथ 85,000 के नीचे 84,900.71 अंक पर बंद हुआ। } 14

## भारत, कनाडा एफटीए वार्ता फिर शुरू करने पर सहमत

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और कनाडा मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत फिर से शुरू करने पर सहमत हो गए हैं। } 16



### बॉलीवुड ने दी श्रद्धांजलि, सिनेमाजगत में एक युग का अंत



धर्मेंद्र का निधन बहुत ही दुखद है, ऐसा लगता है कि एक युग का अंत हो गया। वह मुख्यधारा के सिनेमा में एक नायक का अवतार, भारतीय सिनेमा के सच्चे दिग्गज थे, हैं और हमेशा रहेंगे, लेकिन सबसे बढ़कर, वह एक बेहतरीन इंसान थे, उन्हें हमारे फिल्म जगत में सभी बहुत प्यार करते थे।



धर्मेंद्र जी अपनी फिल्मों के जरिए हमेशा जीवित रहेंगे। अक्षय कुमार ने कहा धर्मेंद्र जी ऐसे हीरो थे जो हर युवा लड़का बनना चाहता था, हमारे फिल्म जगत के असली ही-मैन, पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए शुक्रिया। आप अपनी फिल्मों और अपने प्यार के जरिए जीवित रहेंगे। ओम शांति।



धर्मेन्द्र जी आप हमेशा हमारे दिलों में रहेंगे। धरम जी, आपकी आत्मा को शांति मिले। एक शानदार अभिनेता जिन्होंने लाखों दिलों को छुआ। परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। धर्मेंद्र जी के निधन की खबर सुनकर गहरा दुख हुआ।

# नहीं रहे हिंदी सिनेमा के चहेते अभिनेता धर्मेंद्र

मुंबई। सत्यकाम से लेकर शोले तक 300 से ज्यादा फिल्मों में काम करके मनोरंजन जगत में एक अलग मुकाम हासिल करने वाले दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का सोमवार को यहां निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। मुंबई में पुलिस ने यह जानकारी दी। उनके परिवार की ओर से अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की गयी है। धर्मेंद्र पिछले कुछ वक्त से बीमार थे और मुंबई के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। परिवार ने इस महीने की शुरुआत में घर पर ही उनका इलाज जारी रखने का निर्णय लिया था।

वह आठ दिसंबर को 90 वर्ष के हो जाते। उनका फिल्मी करियर 65 वर्षों का रहा। पुलिस की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि धर्मेंद्र का आज सुबह निधन हो गया और मुंबई के विले पार्ले उपनगर स्थित पवन हंस श्मशान घाट में अंतिम संस्कार की तैयारियां की जा रही हैं। धर्मेंद्र के जुहू स्थित आवास से एक एम्बुलेंस और कई कार रवाना हुईं तथा हेमा मालिनी, एशा देओल, आमिर खान, अमिताभ बच्चन और अभिषेक बच्चन को श्मशान घाट पर देखा गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनके निधन से भारतीय सिनेमा में एक युग



(1935 –2025)

का अंत हो गया है। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा धर्मेंद्र जी का निधन भारतीय सिनेमा के एक युग का अंत है। वह एक प्रतिष्ठित फिल्मी शख्सियत और अद्भुत अभिनेता थे जिन्होंने अपने हर किरदार में आकर्षण और गहराई पैदा की। जिस तरह से उन्होंने विविध भूमिकाएं निभायीं, उसने अनगिनत लोगों के दिलों में गहरी छाप छोड़ी। प्रधानमंत्री ने कहा धर्मेंद्र जी अपनी सादगी, विनम्रता और गर्मजोशी के लिए भी जाने जाते थे। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार, मित्रों और असंख्य प्रशंसकों के साथ हैं। ओम शांति। सलमान खान और उनके पिता एवं पटकथा लेखक सलीम खान भी श्मशान घाट पर देखे गए। धर्मेंद्र के परिवार ने अभी तक इस खबर पर कोई बयान नहीं दिया है। उन्होंने इस महीने की शुरुआत में धर्मेंद्र के निधन की खबर देने के लिए मीडिया की आलोचना की थी और उनकी निजता का सम्मान करने का अनुरोध किया था। कई मीडिया संस्थानों ने खबर दी थी कि धर्मेंद्र का 11 नवंबर को निधन हो गया था लेकिन अभिनेता को अगले दिन अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी और तब से उनका घर पर ही इलाज चल रहा था। करण जौहर, काजोल, अजय देवगन और करीना कपूर सहित कई हस्तियों ने सोशल मीडिया पर अभिनेता के निधन पर ...शेष पृष्ठ 14 पर

### राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री व अन्य नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



राष्ट्रपति मुर्मू ने धर्मेन्द्र के निधन पर दुख जताते हुए कहा दिग्गज अभिनेता और पूर्व सांसद धर्मेंद्र जी का निधन भारतीय सिनेमा के लिए बड़ी क्षति है। वह सिनेमा की एक महान हस्ती के रूप में अपने पीछे एक ऐसी विरासत छोड़ गये हैं जो फिल्म जगत युवा कलाकारों को सदैव प्रेरित करती रहेगी।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धर्मेंद्र को एक प्रतिष्ठित फिल्मी शख्सियत और एक अद्भुत अभिनेता के रूप में याद करते हुए कहा कि उनके निधन से भारतीय सिनेमा में एक युग का अंत हो गया। वे प्रतिष्ठित फिल्मी शख्सियत, एक अद्भुत अभिनेता थे जिन्होंने अपने हर किरदार में आकर्षण और गहराई पैदा की।



मुख्यमंत्री योगी ने कहा लोकप्रिय फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र जी का निधन अत्यंत दु:खद एवं कला व फिल्म जगत की अपूरणीय क्षति है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलिउ। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को सद्गति तथा शोकाकुल परिजनों एवं उनके प्रशंसकों को यह अथाह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। ओम शांतिउ।

## संक्षेप

### कालीन फैक्ट्री गैस से तीन मजदूरों की मौत

भदोही। जिले के औराई क्षेत्र में सोमवार को एक कालीन निर्माण फैक्ट्री में टैंक में उतरे तीन मजदूरों की कथित तौर पर जहरीली गैस के कारण दम घुटने से मौत हो गई, जबकि एक अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद भदोही में फैक्ट्री में हुए हादसे का संज्ञान लिया। उन्होंने ने मृतक के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री जी ने घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। घटना औराई थाना क्षेत्र के उगापुर में स्थित एक कालीन इकाई के डाइंग संयंत्र में हुई, जहां मजदूर टैंक के अंदर सफाई और मोटर की मरम्मत का काम कर रहे थे। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि पहला मजदूर सफाई और मरम्मत के लिए टैंक में उतरा और जहरीले गैस के कारण बेहोश हो गया। उसे बचाने के ...शेष पृष्ठ 14 पर

### कार्य में लापरवाही को लेकर तीन पुलिसकर्मी निलंबित

मुजफ्फरनगर। जिले के बुढ़ाना थाना क्षेत्र में मोबाइल की दुकान के मालिक ने पुलिस पर परेशान करने का आरोप लगाते हुए खुद को आग लगाने की कोशिश की, जिसके बाद कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने कहा कि अधिकारियों के खिलाफ शिकायत की शुरुआती जांच के बाद निलंबन का आदेश दिया गया। पुलिस के अनुसार, बुढ़ाना थाना क्षेत्र के हसनपुरकला गांव में मोबाइल फोन की दुकान के मालिक अनस (22) ने 19 नवंबर को कथित तौर पर आत्मदाह का प्रयास किया था। उसका दावा था कि पुलिस उसे परेशान कर रही है।

# राम मन्दिर के शिखर पर आज फहरेगी धर्मध्वजा

❍ सीएम योगी ने अयोध्या में तैयारियों का लिया जायजा ❍ सुरक्षा-व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश

विशेष संवाददाता

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर जाएंगे और मंदिर के शिखर पर ध्वज फहराएंगे। इस कार्यक्रम की तैयारियां पूरी हो गई हैं।

- ध्वजारोहण वाले झंडे में दिखेगा चमकता सूरज, कोविदारा का पेड़ और लिखा होगा 'ॐ', भगवान श्री राम की वीरता और आदर्शों को करेगा प्रदर्शित
- श्री राम और मां सीता की विवाह पंचमी के अभिजीत मुहूर्त के साथ होगा ध्वजारोहण



आयोजन के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को ही अयोध्या पहुंच गए।

यहां उन्होंने ध्वजारोहण कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियों के बारे में भी जाना। मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी व श्रीराम मंदिर में दर्शन-पूजन भी किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को अयोध्या पहुंचने के बाद सबसे पहले वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे। वहां का निरीक्षण किया और अधिकारियों को यहां से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं के बारे में जाना। मुख्यमंत्री वहां से सीधे साकेत डिग्री कॉलेज स्थित हेलीपैड पहुंचे। यहां उन्होंने हेलीपैड से जुड़ी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इसके बाद मुख्यमंत्री हनुमानगढ़ी पहुंचे। यहां उन्होंने संकटमोचन हनुमान के चरणों में शीश झुकाया। मुख्यमंत्री यहां से श्रीराम जन्म भूमि मंदिर पहुंचे। यहां पर उन्होंने कार्यक्रम की तैयारियों व सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। सीएम ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों से भी तैयारियों के संदर्भ में जानकारी ली। फिर सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रशासनिक अधिकारियों को ध्वजारोहण कार्यक्रम से संबंधित दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने सुरक्षा, सफाई, अतिथि स्वागत आदि को लेकर भी प्रशासन की तैयारियों को जाना, फिर दिशा-निर्देश भी दिया। राजकीय तुलसी उद्यान में श्रीराम मंदिर ध्वजारोहण समारोह के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में समर जीत रंधावा, विकास तिवारी, रामदेव शर्मा, सीमा ...शेष पृष्ठ 14 पर

### पीएम मोदी आज करेंगे ध्वजारोहण

जिला संवाददाता

अयोध्या (उप्र)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को अयोध्या का दौरा करेंगे और श्री राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर भगवा ध्वज फहराएंगे, जो इसके निर्माण के पूरा होने का प्रतीक होगा। एक आधिकारिक बयान के अनुसार प्रधानमंत्री मंगलवार सुबह करीब 10 बजे सप्तमंदिर आयेंगे जिसमें महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, महर्षि वाल्मीकि, देवी अहिल्या, निषादराज गुहा और माता शबरी से जुड़े मंदिर हैं। सोमवार को पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ...शेष पृष्ठ 14 पर



### आज होगा चारधाम यात्रा का समापन

देहरादून। उत्तराखंड के उच्च गढ़वाल हिमालयी क्षेत्र में स्थित विश्वविख्यात बदरीनाथ धाम के कपाट मंगलवार को शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे और इसी के साथ इस वर्ष की चारधाम यात्रा का औपचारिक समापन हो जाएगा। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

बदरीनाथकेदारनाथ मंदिर समिति के अधिकारियों के अनुसार, मंगलवार अपराह्न दो बजकर 56 मिनट पर बदरीनाथ धाम के कपाट शीतकाल हेतु बंद कर दिए जाएंगे। बदरीनाथ मंदिर के कपाट बंद होने के साथ ही इस वर्ष की चारधाम यात्रा का समापन हो जाएगा। गढ़वाल हिमालय के चार में से तीन धामों के कपाट पहले ही बंद किए जा चुके हैं। केदारनाथ और यमुनोत्री के कपाट 23 अक्टूबर को, जबकि गंगोत्री के कपाट 22 अक्टूबर को दिवाली के अगले दिन अन्नकूट पर्व पर बंद किए गए थे। उच्च हिमालयी क्षेत्रों में सर्दियों के दौरान भारी बर्फबारी और भीषण ठंड के कारण चारों धाम के कपाट हर वर्ष अक्टूबर-नवंबर में बंद कर दिए जाते हैं, जिन्हें अगले वर्ष अप्रैलमई में पुनः खोला जाता है। करीब छह महीने तक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## भारतीय नौसेना में शामिल हुई आईएनएस माहे

### उथले जल के स्वदेशी लड़ाकू जहाजों की नयी पीढ़ी का प्रतीक है पनडुब्बी

एजेंसी

मुंबई। भारतीय नौसेना ने सोमवार को आईएनएस माहे को अपने बेड़े में शामिल किया, जो माहे श्रेणी का पहला पनडुब्बी रोधी युद्धक जहाज है। इस जहाज के सेवा में शामिल होने से नौसेना की युद्ध क्षमता में वृद्धि होने की उम्मीद है।

सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी आईएनएस माहे के जलावतरण के अवसर पर मुख्य अतिथि थे। यह जलपोत उथले जल के स्वदेशी लड़ाकू जहाजों की नयी पीढ़ी का प्रतीक है। जनरल द्विवेदी ने कहा कि आईएनएस माहे का जलावतरण न केवल देश की समुद्री युद्ध व्यवस्था में एक शक्तिशाली नए पोत के शामिल होने का प्रतीक है, बल्कि यह स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के साथ जटिल लड़ाकू जहाजों को डिजाइन करने, निर्माण करने और तैनात करने की भारत की समुद्री क्षमता को भी दिखाता है। उन्होंने कहा कि इसके सेवा में शामिल होने से भारतीय नौसेना की समुद्री प्रभुत्व सुनिश्चित करने, तटीय सुरक्षा तंत्र को मज़बूत करने और देश के विशाल तटीय जलक्षेत्र में भारत के समुद्री हितों की रक्षा करने की ...शेष पृष्ठ 14 पर




### छत्तीसगढ़ : 15 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में 15 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया जिनमें से नौ नक्सलियों पर कुल मिलाकर 48 लाख रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों के अनुसार जिले में पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) बटालियन क्रमांक एक में सक्रिय चार नक्सलियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय कुल 15 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया जिनमें पांच महिला नक्सली भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वालों में माड़वी सन्ना (28), सोड़ी हिड़मे (25), सूर्यम उर्फ रव्वा सोमा (30) और मीना उर्फ माड़वी भीमे (28) पर आठआठ लाख रुपये, सुनिता उर्फ ...शेष पृष्ठ 14 पर

## न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने ली सीजेआई पद की शपथ

### 15 माह देंगे सेवाएं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी शुभकामनाएं

एजेंसी

नयी दिल्ली। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सोमवार को भारत के 53वें प्रधान न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में न्यायमूर्ति सूर्यकांत को शपथ दिलाई और उन्होंने हिंदी में शपथ ली। न्यायमूर्ति सूर्यकांत को न्यायमूर्ति बी आर गवई के स्थान पर न्यायपालिका के सर्वोच्च पद पर नियुक्त किया गया है। न्यायमूर्ति गवई रविवार को सेवानिवृत्त हो गए।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत को 30 अक्टूबर को अगला प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किया गया था और वह लगभग 15 महीने तक इस पद पर रहेंगे। वह नौ फरवरी 2027 को 65 वर्ष की उम्र होने पर यह पद छोड़ देंगे। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत कई वरिष्ठ नेता इस समारोह में शामिल हुए। शपथ लेने के तुरंत बाद न्यायमूर्ति सूर्यकांत प्रधानमंत्री मोदी का अभिवादन करने उनके पास गए। बाद में, प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर शपथ ग्रहण समारोह की तस्वीरें साझा कीं। प्रधानमंत्री ने लिखा न्यायमूर्ति सूर्यकांत के भारत के प्रधान न्यायाधीश के तौर पर शपथ लेने के ...शेष पृष्ठ 14 पर





### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 26.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 12.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


- बच्चों के भविष्य की मजबूत नींव है जंबूरी : पटेल (पृष्ठ-02)
- अयोध्या में निवेश और रोजगार को लगे पंख (पृष्ठ-02)
- अर्थव्यवस्था 6.5 % की दर से बढ़ने का अनुमान (पृष्ठ-14)
- रबी बुवाई का रकबा पिछले साल से ज्यादा होगा (पृष्ठ-14)
- रुपया 46 पैसे की तेजी के साथ 89.20 प्रति डॉलर (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** सितारों की आमद के बीच के. श्रीकांत ने परखी तैयारी, कोर्ट पर बहाया पसीना, सुपरस्टार शटलरों ने लखनऊ में किया अभ्यास

## सैयद मोदी इंटरनेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप का आगाज आज से

खेल संवाददाता

लखनऊ। विश्व बैडमिंटन के दिग्गज सितारों की आमद सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025 के लिए लखनऊ में हो चुकी है। भारतीय बैडमिंटन एसोसिएशन (बीएआई) के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा योनेक्स सनराइज बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में आयोजित इस चैंपियनशिप में 2,40,000 अमेरिकी डालर की ईनामी राशि दांव पर होगी।

इन सितारों ने आज बीबीडी बैडमिंटन अकादमी के साथ विनय खंड व विजयंत खंड गोमती नगर स्थित मिनी स्टेडियम सहित 35वीं वाहिनी पीएसी के बैडमिंटन कोर्ट पर आज पसीना बहाकर अपने-अपने स्ट्रोक की धार परखी और अपनी तैयारियों का जायजा लिया। इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप के लिए अब तक 2016 में मोदी बैडमिंटन चैंपियन के.श्रीकांत, भारत के प्रियांशु राजावत, अनुपमा उपाध्याय, तन्वी शर्मा, आकर्षी कश्यप सहित चीनी ताइपे के खिलाड़ी, मोदी बैडमिंटन में 2023 की चैंपियन व पूर्व विश्व विजेता जापान की नोजोमी ओकुहारा सहित पिछली बार की महिला युगल विजेता त्रिशा जॉली व गायत्री गोपीचंद पी. अपनी आमद दर्ज करा चुके हैं। गौरतलब है कि वर्ष 2016 के मोदी बैडमिंटन चैंपियन के.श्रीकांत की तो मलेशियाई मास्टर्स के उपविजेता रहे श्रीकांत घरेलू टूर्नामेंट के माध्यम से साल का शानदार अंत करना चाहेंगे। श्रीकांत पहले दौर में हमवतन मीराबा लुवांग मैसनाम के खिलाफ अभियान शुरू करेंगे। वहीं जापान मास्टर्स और ऑस्ट्रेलियाई ओपन में हिस्सा ले चुके तीसरे वरीय एचएस प्रणय के सामने भारत के ही कविन थंगम की चुनौती होगी। छठीं वरीय भारत के ...शेष पृष्ठ 14 पर






फोटो : अमित वर्मा

## टिहरी : खाई में गिरी तीर्थयात्रियों से भरी बस, पांच लोगों की मौत





प्रमुख संवाददाता

टिहरी गढ़वाल (उत्तराखंड)। उत्तराखंड के टिहरी जिले में नरेंद्रनगर के पास स्थित प्रसिद्ध कुंजापुरी मंदिर के निकट आज एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। गुजरात से आए श्रद्धालुओं से भरी एक बस अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई, जिसमें पांच लोगों की मौत की आधिकारिक पुष्टि हो चुकी है। इस बस में कुल 29 यात्री सवार थे और सभी कुंजापुरी देवी मंदिर के दर्शन के लिए आये हुए थे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

# जनता की सेवा-सुरक्षा ही सरकार का संकल्पः सीएम

## प्रत्येक पीड़ित की शिकायत सुन, समाधान करें डीएम-एसएसपी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन किया। जनता दर्शन में प्रदेश भर से 52 से अधिक फरियादी पहुंचे। सीएम योगी हर फरियादी के पास स्वयं पहुंचे, उनकी समस्याएं सुनीं और निराकरण के निर्देश दिए। सीएम ने सभी जिलाधिकारियों और एसएसपी को निर्देशित किया कि वह पीड़ितों की शिकायतें सुनकर जनपद में ही उनका निस्तारण कराएं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अभिभावकों के साथ आए बच्चों को दुलारा, उन्हें चॉकलेट दी और कहा कि खूब मन लगाकर पढ़ाई करो।

- **प्रदेश भर से आए फरियादी, हर पीड़ित से मिले मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन किया। इस दौरान आर्थिक सहायता, अवैध कब्जे, बिजली, शिक्षा, पुलिस आदि से जुड़ी शिकायतों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया। जिस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलाधिकारियों सहित वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया कि वह जनपद स्तर पर सभी फरियादियों की शिकायतें सुनकर उनका निराकरण कराएं। जिलाधिकारी देखें कि जनपदों में सभी विभागों के द्वारा पीड़ितों की शिकायतें सुनकर निर्धारित समयावधि में समाधान कराया जाए। जनता दर्शन में गोरखपुर, शामली, झांसी, कन्नौज आदि जनपदों से पीड़ित पहुंचे थे। सभी ने अपनी समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

जिस पर सीएम योगी ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन की सेवा और सुरक्षा ही सरकार का संकल्प है। सरकार हर जरूरतमंद की सहायता के लिए खड़ी है। सरकार के स्तर पर प्रदेशवासियों की हर उचित परेशानी का निरंतर निदान कराया जा रहा है और आगे भी कराया जाता रहेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अभिभावकों के साथ आए बच्चों से भी मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने सभी से नाम पूछा, चाकलेट दी और मन लगाकर पढ़ने करने को कहा। सीएम ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद भी दिया।

# अयोध्या में निवेश और रोजगार के अवसरों को लगे पंख

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** देश ही नहीं विदेशों से आने वाले पर्यटक भी अयोध्या के बदलते स्वरूप को देखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों की खुलकर तारीफ कर रहे हैं। राम मंदिर के निर्माण के बाद अयोध्या का आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन परिदृश्य इतना व्यापक हुआ है कि इसका सीधा प्रभाव शहर की अर्थव्यवस्था, होटल इंडस्ट्री और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में दिखाई दे रहा है। रूस से आई पर्यटक ईवा ने कहा कि अयोध्या एक भव्य और सुंदर आध्यात्मिक नगर के रूप में विकसित हुआ है। उन्होंने बताया कि यहां ठहरने और सुविधाओं की विश्वस्तरीय व्यवस्था है, शहर साफ-सुथरा है और वातावरण अत्यंत दिव्य है।

- **देशी, विदेशी मेहमानों ने अयोध्या की दिव्यता को देख सरकार को सराहा**

उनके अनुसार अयोध्या में मिलने वाली सुकूनभरी अनुभूति और श्रद्धामय ऊर्जा भारतीय संस्कृति की विराट शक्ति का अनुभव कराती है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि वह एक आध्यात्मिक व्यक्ति हैं वह भारतीय संस्कृति को जिस प्रकार से प्रमोट कर रहे हैं वह अतुलनीय है। धर्म ध्वज स्थापना कार्यक्रम को लेकर दर्शनार्थियों में भारी उत्साह है। अयोध्या में दूसरे राज्यों से आने वाले तीर्थयात्रियों का तांता लगा हुआ है और पूरा शहर धार्मिक और आध्यात्मिक उल्लास में डूबा दिखाई दे रहा है।



पुणे से आए दर्शनार्थी शिव नारायण ने कहा कि अयोध्या का विकास मोदी और योगी आदित्यनाथ की दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम है। वहीं स्थानीय गीतकार विकल्प त्रिवेदी के शब्दों में यह भावना स्पष्ट झलकती है कि राम मंदिर का सपना युगों बाद पूरा हुआ है और 25 तारीख को लहराने वाला भगवा ध्वज इस ऐतिहासिक क्षण का प्रतीक बनेगा। अयोध्या के आर्थिक विकास में होटल और रेस्टोरेंट कारोबार महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उडुपी टू मुंबई रेस्टोरेंट के मैनेजर शैलेन्द्र कुमार अवस्थी ने बताया कि अयोध्या में फिलहाल चार रेस्टोरेंट संचालित हो रहे हैं और लगभग 10 नई परियोजनाओं पर कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि शहर में कुल 100 करोड़ रुपये निवेश का लक्ष्य है जिसमें से 70 करोड़ रुपये पहले ही लगाए जा चुके हैं। प्रतिदिन 2000 से 3000 लोग उनके यहां भोजन के लिए आते हैं। विशेष अवसरों पर यह संख्या 5000 तक पहुंच जाती है। प्रत्येक महीने 5 से 6 करोड़ रुपये का कारोबार हो रहा है। इसके साथ ही स्थानीय युवाओं एवं पड़ोसी जिलों के लोगों को रोजगार का अवसर मिल रहा है। शैलेन्द्र अवस्थी बताते हैं कि अयोध्या में योगी सरकार की विकास योजनाओं का परिणाम जमीनी स्तर पर साफ दिख रहा है। अयोध्या में पर्यटन गतिविधियों के विस्तार से छोटे होटल और गेस्ट हाउस भी समृद्ध हुए हैं। सब्जी मंडी स्थित काका गेस्ट हाउस के मैनेजर दुर्गेश वर्मा ने बताया कि पहले उनके यहां प्रतिदिन 3000 रुपये का कारोबार होता था जो अब 15000 रुपये प्रतिदिन तक पहुंच गया है।

**वैश्विक आध्यात्मिक ध्रुव के रूप में उभरती अयोध्या :** राम मंदिर के आसपास के क्षेत्र में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की निरंतर आवाजाही से अयोध्या का वातावरण दिनभर जीवंत बना रहता है। रामपथ, हनुमानगढ़ी, सरयू घाट और मंदिर परिसर में बढ़ती चहल-पहल बताती है कि यह बदलाव स्थायी है और शहर ने एक नई पहचान हासिल की है। अयोध्या अब केवल धार्मिक धरोहर नहीं बल्कि आधुनिक व्यवस्थाओं से सुसज्जित विश्वस्तरीय आध्यात्मिक नगर है। होटल कारोबार की वृद्धि, विदेशी पर्यटकों की उत्साहपूर्ण प्रतिक्रियाएं और लगातार फैलता हॉस्पिटैलिटी सेक्टर मजबूत होगी।

# पर्यावरण समावेशी नीतियों को धरातल पर उतारने का काम कर रही प्रदेश सरकार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को भविष्योन्मुख विकास के नए प्रतिमानों के अनुरूप परिवर्तित कर रही योगी सरकार पर्यावरण समावेशी नीतियों को धरातल पर उतारने के लिए ध्यान केंद्रित कर रही है। इसी क्रम में, विकसित उत्तर प्रदेश-2047 के अंतर्गत सोमवार को योजना भवन सभागार में सृजन शक्तिः बैलेंस्ड डेवलपमेंट एंड एनवायरमेंटल स्टीवर्डशिप थीम पर सेक्टोरल वर्कशॉप का आयोजन हुआ।

- **बैलेंस्ड डेवलपमेंट एंड एनवायरमेंटल स्टीवर्डशिप थीम पर हुआ सेक्टोरल वर्कशॉप**

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग तथा उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) के तत्वावधान में एक दिवसीय वर्कशॉप का शुभारंभ वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने किया। यह वर्कशॉप हरित ऊर्जा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की भविष्योन्मुख कार्यप्रणाली का चित्रण प्रस्तुत करने का माध्यम बना। वर्कशॉप में जोर दिया गया कि विकास एवं पर्यावरणीय संरक्षण को सम्मिलित करते हुए संतुलित एवं समग्र विकास सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। साथ ही, हरित विकास को नीति-निर्माण एवं कार्यान्वयन के प्रत्येक स्तर पर पर्याप्त महत्व प्रदान किया जाने पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। इस कार्यशाला में वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, तकनीकी विशेषज्ञों, शैक्षणिक संस्थानों तथा प्रमुख स्टेकहोल्डर्स ने सतत एवं जलवायु समग्र विकास हेतु दीर्घकालिक रणनीतियों पर व्यापक विचार-विमर्श किया और रोडमैप को लेकर सुझाव प्रस्तुत किए।

वन राज्यमंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि यूपी हर लिहाज से अग्रणी राज्य है, चाहे बात जनसंख्या की हो या फिर विकास की, प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश वर्ष 2047 तक विकास के नए प्रतिमान स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में स्किल डेवलपमेंट तेजी से बढ़ रहा है। राज्य में सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में आईटीआई, पॉलिटेक्निक, कौशल विकास केंद्र तथा प्राइवेट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट खुल रहे हैं। अनिल कुमार, प्रमुख सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन ने नीति सुधारों में तीव्रता लाने एवं सुदृढ़ संस्थागत तंत्र विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि उत्तर प्रदेश जलवायु समावेशी अग्रणी राज्य के रूप में उभर सके। आलोक कुमार, प्रमुख सचिव योजना ने दीर्घकालिक विकास योजनाओं में जलवायु सम्बंधित विचारों को शामिल करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

बी. प्रभाकर, पीसीसीएफ (मानिटरिंग) ने वनों के संरक्षण, पारिस्थितिकी तंत्र पुनःस्थापन तथा जिलास्तरीय जलवायु अनुकूलन उपायों के महत्व को रेखांकित किया। इंदरजीत सिंह, निदेशक, यूपीनेडा ने राज्य में नवाचार आधारित मॉडलों एवं सार्वजनिक-निजी सहभागिता के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा को व्यापक रूप से बढ़ाने की क्षमता पर प्रकाश डाला। बी. चन्द्रकला, सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन ने नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने एवं कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने, परिपत्र अर्थव्यवस्था एवं संसाधन-कुशलता को बढ़ावा, पारिस्थितिकी तंत्र पुनर्स्थापन एवं जैव विविधता संरक्षण सुदृढ़ करने, अवसंरचना को जलवायु समग्र बनाने एवं आपदा-जोखिम न्यूनीकरण मजबूत करने, हरित बांड, मिश्रित वित्त एवं अंतरराष्ट्रीय जलवायु निधियों के माध्यम से जलवायु वित्त जुटाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यशाला में नीति आयोग की परामर्शदाता डॉ. स्वाति सैनी, नाबार्ड के उप महाप्रबंधक सिद्धार्थ शंकर, आईआईटी कानपुर के कोटक स्कूल ऑफ सस्टेनिबिलिटी के डीन सच्चिदानंद त्रिपाठी, जीआईजेड के निदेशक हैंस जर्गेन समेत विभिन्न पैनलिस्ट्स ने जैव विविधता संरक्षण, ऊर्जा नियोजन तथा जलवायु समावेशी अवसंरचना विकास के लिए साक्ष्य-आधारित, स्थानीय रूप से उपलब्ध प्रौद्योगिकियों और कार्य करने को लेकर विचार प्रस्तुत किए।

# बीएलओ विजय वर्मा के परिजनों से मिले अजय राय

## आरोप है कि एसआईआर के अत्याधिक काम के दबाव के कारण हुई मौत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी में मलिहाबाद थाना क्षेत्र के सरांवा गांव निवासी बीएलओ विजय कुमार वर्मा की शुक्रवार रात ब्रेन हेमरेज से मौत हो गयी। आरोप है कि एसआईआर के अत्याधिक काम के दबाव के कारण उनकी मौत हुई है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय स्व. विजय कुमार वर्मा के आवास पहुंचे एवं परिजनों से मिलकर सांत्वना प्रकट की। अजय राय परिजनों से कांग्रेस पार्टी द्वारा सम्पूर्ण सहयोग का आश्वासन भी दिया।

- **अजय राय ने सरकार से एक करोड़ और एक सरकारी नौकारी देने की उठायी मांग**

विदित हो देश के 12 राज्यों में स्पेशल इंटेनसिव रिवीजन (एसआईआर) अभियान चल रहा है। आनन-फानन में हो रहे इस अभियान के दबाव के कारण पूरे देश में अब तक 15 बीएलओ की मौत हो चुकी है। इतना ही नहीं कई बीएलओ ने इस दबाव में अपनी नौकरी से इस्तीफा भी



दे दिया है। नोएडा में सरकारी स्कूल टीचर/बीएलओ पिंकी सिंह इस्तीफा देते हुए कहा कि इतने दबाव में न मैं अपना शिक्षण का मूल कार्य कर पा रही हूं और न ही बीएलओ का। इस मौके पर पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए अजय राय ने कहा भाजपा के दबाव में हो रहे इस अलोकतांत्रिक अभियान में जिस तरह का मानसिक दबाव बीएलओ झेल रहे हैं व अमानवीय है। राय ने कहा कि चुनाव आयोग एसआईआर का दुरुपयोग भाजपा के वोटों को बढ़ाने एवं विपक्ष के वोटों को काटने के लिए कर रहा है। वह इस प्रक्रिया को जल्द से जल्द खत्म भी करना चाहता है जिसके कारण सभी बीएलओ पर बहुत सारा दबाव है। इस संवेदनहीन कार्य के कारण जिन बीएलओ की मौत हो रही है असल में वह प्राकृतिक न होकर एक तरीके से हत्या है। हम मांग करते हैं कि चुनाव आयोग पर मुकदमा दर्ज होना चाहिए। अजय राय ने उत्तर प्रदेश सरकार से मृतक बीएलओ विजय कुमार वर्मा के परिजनों के लिए एक करोड़ रूपया और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी की मांग की।

# हम हर बीएलओ के साथ हैं : अखिलेश यादव

## सपा अध्यक्ष ने एक्स पर बीएलओ के समर्थन में लिखते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर बीएलओ को लेकर सोमवार को पोस्ट डाली है। इसमें उन्होंने उनके समर्थन में लिखा, जिसमें एसआईआर के काम को लेकर बीएलओ के तनाव की बात कहीं और भाजपा सरकार पर निशाना साधा है।

- **सपा के प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर समस्याओं से कराया अवगत**

इसके साथ ही सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर विभिन्न विधानसभाओं में एसआईआर प्रक्रिया आ रही दिक्कतों से रूबरू कराया और सही कराने की मांग उठायी है। उन्होंने एक्स पर लिखा है कि एसआईआर का जो इम्प्रैक्टिकल टारगेट देकर आज आपके साथ जो अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है और आपके ऊपर मानसिक दबाव बनाया जा रहा है, वो बेहद निंदनीय और घोर आपत्तिजनक है। भाजपा राज ने तरह-तरह की प्रताड़ना और अशांति के सिवा किसी को कुछ नहीं दिया है। भाजपा ने नई नौकरियां तो दी नहीं, जो चली आ रही हैं उन्हें भी इतना कठिन बना दिया है कि लोग हताश होकर नौकरी छोड़ दें। जो पूरे



नहीं हो सकते ऐसे असंभव लक्ष्य देकर, बीएलओ से अपना घर-परिवार भूलकर मशीन का तरह काम करने की उम्मीद करना अमानवीय है। भाजपा ये सब काम अपने चुनावी महाघोटाले के लिए कर रही है लेकिन सवाल ये है कि जो बीएलओ हताश होकर नौकरी छोड़ रहे हैं या जो अपनी जान तक दांव पर लगा दे रहे हैं, वो इस सियासी घपलेबाजी का खामियाजा क्यों भुगतें? बीएलओ को किसी भी गलती के लिए ज़िम्मेदार ठहराना किसी भी परिस्थिति में न्यायसंगत नहीं है। देश भर के कर्मचारियों को एकजुट होकर अपनी आवाज उठानी चाहिए। हम हर बीएलओ के साथ हैं।

हमारी हर बीएलओ से अपील है कि इन हालातों में ऐसा कोई भी कदम नहीं उठाएं जिससे आपका परिवार प्रभावित हो। माना भाजपा राज का ये बेहद दुखदायी काल चल रहा है परंतु धैर्य रखें और ये विश्वास भी कि हर क्रूर शासन के जुल्म का एक ना एक दिन अंत होता ही है, इसीलिए दुनिया में सच्चाई और अच्छाई आज तक बची है। लोगों को डराते-डराते भाजपा खुद डर गयी है।

# खादी उत्पादों की बढ़ती बिक्री ने उद्यमियों में भरा नया उत्साह

**लखनऊ ।** योगी सरकार द्वारा आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के संकल्प के अनुरूप उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, लखनऊ द्वारा केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, गोमती नगर, लखनऊ में 21 नवम्बर से 30 नवम्बर तक 10 दिवसीय खादी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के दौरान प्रतिदिन खादी प्रेमियों की बढ़ती हुई भीड़ देखी जा रही है और अब तक प्रदर्शनी में लगभग 27.34 लाख रुपए की बिक्री दर्ज की जा चुकी है। महोत्सव में क्षेत्रीय श्री गांधी आश्रम, बाराबंकी के स्टाल पर ऊनी, सूती-खादी उत्पादों की भारी बिक्री हो रही है।

- **आत्मनिर्भर भारत की राह पर बढ़ता खादी उद्योग, प्रदर्शनी में बढ़ती भीड़**
- **लखनऊ में खादी की धूम, खरीदारों की भीड़ ने 27 लाख से अधिक की बिक्री दर्ज की**



ग्रामोदय संस्थान, सीतापुर के स्टॉल पर भी बड़ी संख्या में लोग पहुँचकर अपनी पसंद के उत्पाद खरीद रहे हैं। खादी एवं रेशम के परिधान, अचार-मुरब्बा, हर्बल उत्पाद, जड़ी-बूटी आदि के स्टालों पर उपभोक्ताओं की उत्साहपूर्ण भीड़ देखने को मिल रही है, जिससे उद्यमियों को अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त हो रहा है। बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी शिशिर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की स्वदेशी उत्पादों के संवर्धन की नीति के अनुरूप खादी उत्पादों को आधुनिकता से जोड़कर विकसित किया जा रहा है।

आज युवा पीढ़ी में खादी परिधानों की मांग तेजी से बढ़ रही है। महोत्सव का उद्देश्य खादी एवं ग्रामोद्योगी उत्पादों को बड़े बाजार से जोड़ना और अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि खादी एवं ग्रामोद्योगी इकाइयों के उत्पादों की बिकी को और प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से कल 25 नवम्बर को पूर्वाह्न 11:30 बजे खरीदार-विक्रेता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

# नगर विकास विभाग में संयुक्त सचिव बने देवेश मिश्र

**लखनऊ।** सचिवालय प्रशासन ने सोमवार को पदोन्नति पाने वाले पांच संयुक्त सचिवों को तैनाती दे दी है। देवेश मिश्र को कार्मिक से नगर विकास विभाग में संयुक्त सचिव बनाया गया है। विजय कुमार मिश्रा को राजनैतिक पेंशन से सचिवालय प्रशासन, सूर्य प्रकाश मिश्र को कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग में ही बनाए रखा गया है। सत्येंद्र कुमार श्रीवास्तव को माध्यमिक से आयुष और रजनीकांत पांडेय को समाज कल्याण से उद्यान विभाग में संयुक्त सचिव बनाया गया है।

# बुंदेलखण्ड के लिए अलग राज्य का निर्माण होः अजय राय

**लखनऊ।** बुंदेलखण्ड निर्माण मोर्चा के अध्यक्ष भानू सहाय ने सोमवार को अपनी पूरी कार्यकारिणी के साथ अलग बुंदेलखण्ड राज्य निर्माण के लिए कांग्रेस पार्टी का समर्थन मांगने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय से प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर मिले। भानू सहाय ने समर्थन मांगते हुए कहा कि वर्तमान सरकार तीन वर्ष से बुंदेलखण्ड राज्य बनाने का झूठा वादा हम बुंदेलियों से कर रही है। उन्होंने कहा कि हम कांग्रेस पार्टी से बुंदेलखण्ड के आम जनमानस की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए इस पुनीत अभियान में उनका समर्थन चाहते हैं। उप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने अलग बुंदेलखण्ड राज्य निर्माण के लिए कांग्रेस पार्टी का समर्थन देते हुए कहा कि लम्बे समय से सभी बुंदेलियों के दिल की आवाज है अलग राज्य। हम उनकी इस भावना की कद्र करते हैं एवं अपना सम्पूर्ण सहयोग देने का वादा करते हैं। अजय राय ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा लम्बे समय से झूठा वादा करके बुंदेलखण्ड के आम जनमानस को छल रही है। उन्होने कहा कि बुंदेलखण्ड के विकास के लिए जरूरी है कि अब एक अलग राज्य का निर्माण किया जाए।

- **बुंदेलखण्ड निर्माण मोर्चा के अध्यक्ष ने अपनी पूरी कार्यकारिणी के साथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष से की मुलाकात**

# बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है जंबूरी : आनंदी बेन पटेल

## बच्चों की प्रतिभा देखकर करता है मन, फिर से बच्चा बन जाऊंः राज्यपाल,भारत स्काउट एंड गाइड की 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी का लखनऊ में भव्य शुभारंभ







विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारत स्काउट एंड गाइड की 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी का भव्य उद्घाटन सोमवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने किया। राज्यपाल ने डिफेंस एक्सपो ग्राउंड वृंदावन योजना में आयोजित उद्घाटन समारोह में देश-विदेश से आये स्काउट-गाइड्स के उत्साह, अनुशासन और प्रस्तुतियों की सराहना की। बच्चों की प्रस्तुतियों को देख प्रफुल्लित हुईं राज्यपाल ने कहा कि आप सभी को देखकर बहुत खुशी होती है। मन में इच्छा होती है कि ईश्वर हमें फिर से छोटा बच्चा बना दे। आप देश के भविष्य हैं। आपकी ऊर्जा गर्व का अनुभव कराती है।

उन्होंने कहा कि स्काउट-गाइड संस्थाएं बच्चों में सेवा, नेतृत्व, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम जैसे मूल्यों को सुदृढ़ करती हैं। उन्होंने कहा कि भारत स्काउट एंड गाइड की 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी/हीरक जयंती जंबूरी, संगठन के 75 गौरवशाली वर्षों की पूर्णता का उत्सव है। आयोजन में देश-विदेश के 33,000 से अधिक स्काउट-गाइड प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। उद्घाटन समारोह के दौरान ऊर्जा, अनुशासन और सांस्कृतिक उत्साह से भरा वातावरण 'भारत माता की जय' और ह्ववंदे मातरम्ह्व के नारों से गुंजायमान रहा। राज्यपाल ने विभिन्न प्रदेशों और विदेशों से आए स्काउट-गाइड प्रतिभागियों, शिक्षकों, प्रशिक्षकों एवं अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि जंबूरी बच्चों के लिए सीखने, अनुभव साझा करने और अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट मंच है।

उन्होंने आयोजन को भारत की एकता और विविधता का सशक्त प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं, उनके व्यक्तित्व का विकास करते हैं और समाज के प्रति कर्तव्यबोध जागृत करते हैं। यह जंबूरी न केवल महोत्सव है, बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव भी है। देश-विदेश से आए प्रतिनिधियों और अभिभावकों ने आयोजन की उत्कृष्ट व्यवस्थाओं और विशाल स्तर पर हुई तैयारियों की सराहना की। इस जंबूरी ने यह प्रमाणित किया कि उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के बड़े आयोजनों के लिए सक्षम व सशक्त मंच बन चुका है। अधिकारियों ने कहा कि हजारों बच्चों का एक साथ अनुशासन, कौशल, देशभक्ति और सेवा का संदेश देना ऐतिहासिक क्षण है। कार्यक्रम में लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, भारत स्काउट एंड गाइड के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार जैन, चीफ नेशनल कमिश्नर डॉ. के.के. खंडेलवाल, उत्तर प्रदेश संगठन के अध्यक्ष डॉ. महेंद्र सिंह, जंबूरी महासचिव एवं प्रादेशिक मुख्य आयुक्त प्रशांत कुमार, उत्तर प्रदेश के चीफ पोस्टमास्टर जनरल प्रणव कुमार आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** एसपी राहुल भाटी के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द्र उत्तम, क्षेत्राधिकारी भिनगा सतीश कुमार शर्मा के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक महिमानाथ उपाध्याय थाना हरदत्तनगर गिरण्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। थाना हरदत्तनगर गिरण्ट पर पंजीकृत मुअसं 272/2025 धारा 65(1), 331(4), 351(3) बीएनएस, पाक्सो एक्ट 3/4(2) तथा एससी/ एसटी एक्ट 3(2) के वांछित आरोपी दिलीप कुमार कश्यप पुत्र अमृतलाल कश्यप निवासी ग्राम मनवरिया दीवान को पुलिस ने 23 नवम्बर 2025 को ग्राम इमलिया करनपुर तालाब रोड के पास से गिरफ्तार किया।22 नवम्बर 2025 की रात वादी व पत्नी रिश्तेदारी में गए थे। उसी समय लगभग 11 बजे वादी की नाबालिग पुत्री घर में सो रही थी कि आरोपी दिलीप कश्यप घर में घुसकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसके कनपटी पर असलहा लगाकर डराया। शोर सुनकर चाचा के मौके पर पहुंचने पर आरोपी दीवार फांदकर फरार हो गया। बाद में उसके साथी वाहन से ले भागे। घटना पर तत्काल अभियोग दर्ज कर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की।

## फरार आरोपी गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर।** दहेज प्रताड़ना और आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण के मामले में फरार चल रहे वांछित अभियुक्त को उस्का बाजार पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अनिल यादव पुत्र भगवानदास निवासी छितरापार के रूप में हुई है। उसके खिलाफ थाना उस्का बाजार में मुकदमा दर्ज था। अनिल यादव पर अपनी पत्नी को दहेज के लिए प्रताड़ित करने और गंभीर मानसिक उत्पीड़न का आरोप है। पुलिस उसकी लंबे समय से तलाश कर रही थी। सोमवार सुबह मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने उस्का बाजार रेलवे स्टेशन क्षेत्र में दबिश दी और उसे संदिग्ध हालत में घूमते हुए पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद प्रारंभिक पूछताछ के पश्चात उसे अदालत में पेश किया गया। पुलिस ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर सख्त और त्वरित कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## खोये मोबाइल बरामद एसपी ने मालिकों को सौंपे

**सिद्धार्थनगर।** सोमवार को पुलिस लाइन में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सर्विलांस सेल द्वारा बरामद किए गए 125 खोए हुए मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को लौटा दिए गए। इन बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत लगभग 18 लाख 75 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) डॉ. अभिषेक महाजन ने इस पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से जनता के सामने रखा। उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की और सभी मोबाइल मालिकों को स्वयं बुलाकर एक-एक फोन अपने हाथों से सौंपा। यह अभियान सर्विलांस सेल की सक्रियता का परिणाम था। मोबाइल वापस मिलने से मालिकों में खुशी का माहौल था। कई लोगों के लिए ये फोन सिर्फ एक उपकरण नहीं थे, बल्कि उनमें बच्चों की पढ़ाई का महत्वपूर्ण डेटा, नौकरी से जुड़े दस्तावेज, बैंकिंग ऐप्स और पारिवारिक यादें संचित थीं। मोबाइल की वापसी से उन्हें बड़ी राहत मिली। मोबाइल प्राप्त करने वालों में जिले के लगभग हर क्षेत्र के लोग शामिल थे। इस पहल को पुलिस प्रशासन के प्रति जनता का विश्वास बढ़ाने वाला कदम माना जा रहा है।

# एसआईआर में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीएम

## अधिकारियों को अभियान की प्रगति पर सतत निगरानी रखने का निर्देश दिया



**सिद्धार्थनगर।** डीएम शिव शरणप्पा जीएन जिले में चल रहे विशेष प्रगाढ़ मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर पूरी तरह गंभीर हैं। वे लगातार विभिन्न मतदाता पंजीकरण केंद्रों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि मतदाता सूची अद्यतन कार्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर त्रुटि, शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम ने सभी उप जिलाधिकारियों और संबंधित अधिकारियों को अभियान की प्रगति पर सतत निगरानी रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि कोई बीएलओ अपने दायित्वों में चूक करता पाया गया तो उसके खिलाफ निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान, डीएमने बीएलओ को गणना पत्रक की दो प्रतियां उपलब्ध कराने और मतदाताओं को फॉर्म भरने में मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक फॉर्म में नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो लगाना अनिवार्य बताया। डीएम ने मतदाताओं से अपील की कि वे अपने गणना पत्रक सावधानीपूर्वक भरें और जमा करते समय पावती पर्ची अवश्य प्राप्त करें। उन्होंने यह भी दोहराया कि सभी गणना पत्रक निर्धारित समय सीमा में ऑनलाइन अपलोड किए जाएं, क्योंकि डिजिटल दस्तावेजों के आधार पर ही आगे की प्रक्रिया संचालित होगी। डीएमने आम नागरिकों से समय पर गणना पत्रक जमा करने की अपील की, ताकि नामों के सत्यापन, संशोधन और नए मतदाताओं के पंजीकरण की प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी हो सके। उन्होंने बताया कि फॉर्म भरने का यह अभियान 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक संचालित होगा। इसके बाद विधानसभावार पहली मतदाता सूची 9 दिसंबर को प्रकाशित की जाएगी। इस सूची पर 8 जनवरी तक दावा और आपत्तियां ली जाएंगी, जिनकी सुनवाई व सत्यापन के बाद अंतिम मतदाता सूची 7 फरवरी को जारी की जाएगी।

### डीएम ने कपिलवस्तु प्रोजेक्टों का निरीक्षण किया

**सिद्धार्थनगर।** कपिलवस्तु क्षेत्र में पर्यटन सुविधाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने सोमवार को कपिलवस्तु (पिपरहवा) में विभिन्न निमार्णाधीन और पूर्ण हो चुके प्रोजेक्टों का निरीक्षण किया। यह दौरा बौद्ध सर्किट के विकास और जिले के पर्यटन ढांचे को गति देने के लिए महत्वपूर्ण था।

निरीक्षण के दौरान, डीएम ने डारमेट्री हॉल, पर्यटन सूचना केंद्र, कुटीर परिसर, आर्ट गैलरी, फूड प्लाजा, यात्री सहायता केंद्र और बुद्धा थीम पार्क जैसी प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि सभी कार्य समय पर पूरे कर लिए गए हैं और संबंधित विभागों को सौंप दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने निर्माण की गुणवत्ता, सौंदर्यीकरण और आगंतुकों की सुविधाओं का बारीकी से आकलन किया।डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी स्थलों पर शाइनिंग बोर्ड लगाए जाएं। इससे आगंतुकों को स्थल की पहचान, उपलब्ध सेवाओं और सुविधाओं की जानकारी आसानी से मिल सकेगी। उन्होंने जोर दिया कि कपिलवस्तु धार्मिक और ऐतिहासिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है, इसलिए यहां आने वाले पर्यटकों को विश्व-स्तरीय अनुभव मिलना चाहिए।

उन्होंने थीम पार्क और फूड प्लाजा में स्वच्छता व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, पर्यटन सूचना केंद्र में आधुनिक तकनीक आधारित सूचना सुविधा उपलब्ध कराने को कहा गया, ताकि पर्यटकों को बौद्ध सर्किट के बारे में सटीक और त्वरित जानकारी मिल सके। डीएमने कहा कि कपिलवस्तु में चल रहे पर्यटन विकास कार्य जिले की छवि को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करेंगे। उन्होंने भविष्य में पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की संभावना जताई और सभी विभागों को समय-समय पर समीक्षा कर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने का प्रयास करने के निर्देश दिए।

## किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में युवक गिरफ्तार

**बलरामपुर।** रेहरा बाजार थाना क्षेत्र में एक किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। एएसपी विशाल पाण्डेय ने बताया कि रेहरा थाना क्षेत्र के निवासी निवासी एक व्यक्ति ने सूचना दी कि रविवार को उनकी 13 वर्षीय बेटी को गांव का ही निवासी राम महेश टॉफी एवं पैसे का लालच देकर पास के जंगल में ले गया और उससे कथित तौर पर दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने सूचना मिलते ही मामला दर्ज कर आरोपी राम महेश को बजहा मंदिर के पास से गिरफ्तार कर लिया है।

## एलिवेटेड रोड से कूद कर युवक ने दी जान

**नोएडा।** मानसिक रूप से परेशान 24 वर्षीय युवक ने यहां भंगेल एलिवेटेड रोड से कथित रूप से छलांग लगा दी। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। थाना सेक्टर 49 के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार भारद्वाज ने बताया कि रविवार को थाना पुलिस को सूचना मिली कि एलिवेटेड रोड के पिलर नंबर-46 के सामने दादरी बरौला रोड से एक व्यक्ति संदिग्ध परिस्थिति में नीचे गिर गया है। उसे तुरंत उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# लालगंज में जाम की समस्या से हलाकान हो रहे राहगीर



**प्रतापगढ़।** हाईवे पर डग्गामार वाहनों व सड़क किनारे बने अतिक्रमण के चलते लालगंज का चौक इलाका आये दिन जाम की चपेट में नजर आता है। इससे कस्बावासियों समेत राहगीरों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। प्रतापगढ़ रायबरेली राजमार्ग पर स्थित नगर पंचायत लालगंज का चौक इलाका सोमवार को दोपहर जाम की चपेट में बना दिखा। इससे कस्बावासी व राहगीर तथा वाहनों पर सवार यात्रियों में खासी परेशानी बनी नजर आयी। बताते है हाईवे पर बेतरतीब खड़े डग्गामार वाहनों के साथ ही हाईवे किनारे हुए अतिक्रमण से हाईवे से गुजरना हर पल टेढ़ी खीर बना नजर आता है। अतिक्रमण के चलते यहां आये दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। समस्या के स्थायी निदान को लेकर स्थानीय लोगों के साथ ही अधिवक्ताओं द्वारा भी कई बार अफसरों से शिकायत की जा चुकी है। लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। सीओ आशुतोष मिश्र का कहना है कि अतिक्रमण को हटवाकर समस्या का शीघ्र निराकरण कराया जाएगा।

## युवक के शव का हुआ अंतिम संस्कार

**प्रतापगढ़।** दिल्ली में युवक की हुई मौत के बाद परिजनों ने मारपीट से लगी चोट के कारण मौत होने का आरोप लगाते हुए अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया था। पुलिस के समझाने पर लोग माने और सोमवार को युवक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। कोतवाली लालगंज के देल्हूपुर गांव निवासी छब्बीस वर्षीय धर्मेन्द्र पटेल की बीती शुक्रवार को मौत हो गयी थी। परिजन शव लेकर घर आ गये। इसके बाद परिजनों के कहने पर कोतवाली पुलिस ने शव का पीएम कराया। पीएम के बाद रविवार को शव घर लाया गया तो परिजन मारपीट से लगी चोट के कारण युवक की मौत होने का आरोप लगाते हुए अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया। परिजन आरोपियों पर कार्रवाई की मांग करने लगे। छानबीन में पुलिस ने दिल्ली चिकित्सकों से मिली रिपोर्ट के आधार पर बताया कि युवक की मौत उच्च रक्तचाप के कारण हुई है। अन्ततः पुलिस के समझाने पर परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुये। सोमवार को सुबह परिजनो ने गांव मे ही युवक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि उच्च रक्तचाप के कारण युवक की मौत हुई थी। परिजन बीते तेईस अक्टूबर को साधू का पुरवा केदौरा में हुई मारपीट से युवक की मौत को जोड़ रहे थे। जबकि उस घटना में मृतक आरोपी था। समझाने के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार किया है।

## संभल हिंसा बरसी : कड़ी सुरक्षा व्यवस्था पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**संभल।** संभल में पिछले वर्ष इसी दिन एक सर्वे के दौरान भड़की हिंसा का एक वर्ष पूरा होने पर सोमवार को यहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए और पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। उन्होंने बताया कि विवादित धार्मिक स्थल से लेकर हिंदूपुरा खेड़ा और अंजुमन तिराहे तक पूरे संभल को 19 सेक्टर में बांट दिया गया है और आज पुलिस प्रशासन की ओर से फ्लैग मार्च किया गया। जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने फ्लैग मार्च के बाद पत्रकारों से कहा कि आज संभल में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का मकसद आमजन में विश्वास पैदा करना है कि पुलिस और प्रशासन उनके साथ है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कुल 19 मजिस्ट्रेट हर शुक्रवार को तैनात किए जाते हैं और आज भी उतनी तैनाती की गई है और सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि स्थानीय पुलिस बल के अलावा आरएएफ और दो बटालियन पीएसी के जवानों को तैनात किया गया है। संभल में पिछले वर्ष 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद के दूसरे सर्वे के बाद हिंसा भड़क उठी थी जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी जबकि 29 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे।

## दुकान में घुसी कार, श्रमिक की मौत

**गाजीपुर।** जिले में अनियंत्रित कार के एक दुकान में घुसने से एक श्रमिक की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, यह घटना कासिमाबाद थाना क्षेत्र स्थित ब्लॉक मुख्यालय के निकट रविवार दोपहर हुई। हादसे में जान गंवाने वाले श्रमिक की पहचान रामअवध राजभर (45) के तौर पर हुई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घायलों की पहचान सुरेश राजभर (55), शंकर राजभर (50), उमेश राम (40) तथा रामविलास राजभर (36) के रूप में हुई। दुर्घटना के बाद वाहन चालक कार छोड़कर भाग गया। घायलों का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। इस बीच हादसे से आक्रोशित ग्रामीणों ने चौराहे पर चक्का जाम कर दिया।

# मनोनिग्रह से प्रगति, मिशन शक्ति अग्रणी



जिला संवाददाता (vol)

- महत्वपूर्ण जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया

**श्रावस्ती।** उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार प्रवर्तमान मिशन शक्ति-05 फेज के अंतर्गत आज महामाया राजकीय महाविद्यालय, श्रावस्ती में एक महत्वपूर्ण जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विपश्यना केन्द्र, श्रावस्ती के मुख्य प्रशिक्षक बाबूराम यादव ने ह्यमन और शरीरह्व विषय पर अत्यंत सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक दृष्टिकोण से सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया।

उन्होंने बताया कि मनुष्य के व्यक्तित्व का आधार मानसिक संचेतना, एकाग्रता, आत्मानुशासन, और अंतर्मुखता होती है। मन को निर्मल, एकाग्र और संतुलित कर लेने से जीवन में आने वाली प्रत्येक चुनौती का समाधान स्वतः संभव हो जाता है। उन्होंने कहा कि सफलता का वास्तविक मूल मंत्र है—मनोनिग्रह एवं विवेकपूर्ण चिंतन। विपश्यना साधना के माध्यम से व्यक्ति तनावमुक्त, निर्भीक और आत्मविश्वासी बनकर समाज-राष्ट्र के सशक्त योगदानकर्ता के रूप में उभरता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. धर्मेन्द्र गुप्त ने करते हुए कहा कि मिशन शक्ति अभियान महिलाओं व छात्राओं में सुरक्षा, स्वावलंबन और नेतृत्व क्षमता को सुदृढ करने का एक क्रांतिकारी प्रयास है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे इस प्रकार के प्रशिक्षण के माध्यम से स्वयं को सशक्त, सजग और समर्थ नागरिक के रूप में तैयार करें। कार्यक्रम का सफलीकृत संयोजन डॉ. उपेन्द्र कुमार सोनी ने किया।

कार्यक्रम में डॉ. आशुतोष मिश्र, दीनानाथ, माधवराज सहित महाविद्यालय के 80 से अधिक छात्र-छात्राओं की सक्रिय उपस्थिति रही। सभी ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि मानसिक शुचिता एवं सकारात्मक सोच को अपने दैनिक जीवन में अपनाते हुए उत्कृष्ट भविष्य का निर्माण करेंगे।

## तारणहार बनकर अपने भक्तों का कष्ट दूर करते हैं भगवान : आचार्य अखिलेश

**प्रतापगढ़।** नगर के मनीपुर में चल रही श्रीमदभागवत कथा के विश्राम दिवस पर सोमवार को कथाव्यास आचार्य अखिलेश जी महराज के मुखारबिन्दु से सुदामा चरित्र व परीक्षित मोक्ष की कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे दिखे। कथाव्यास आचार्य अखिलेश जी महराज ने कहा कि जब भी भक्त पर विपदा आती है तो परमात्मा तारणहार बनकर अपने भक्तों का कष्ट दूर करते हैं। कथाव्यास ने कहा कि मित्रता कैसे निभायी जाती है इसे भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा से सीखा जा सकता है। उन्होने कहा कि द्वारिका पहुंचने पर द्वार पाल के मुख से बाल सखा सुदामा का नाम सुनते ही भगवान श्रीकृष्ण नंगे पांव दौड़ते मित्र के पास पहुंचे और उन्हें गले से लगा लिया। यही नही भगवान श्रीकृष्ण ने मित्र सुदामा को और राज सिंहासन पर बैठाया और बहुत सारा धन प्रदान किया। आचार्य अखिलेश जी महराज ने भागवत महात्म्य पर कहा कि भागवत श्रवण के पश्चात राजा परीक्षित को मृत्यु का भय समाप्त हो गया। मुख्य आयोजक गया प्रसाद तिवारी, जानकी देवी व ओमप्रकाश तिवारी फौजी, शांती देवी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। जमुना प्रसाद तिवारी ने कार्यक्रम का संयोजन किया। दिनेश तिवारी ने श्रद्धालुओं का स्वागत व राकेश तिवारी ने आभार जताया। इस मौके पर अखिलेश मिश्र, रवीन्द्र मिश्र, धर्मेन्द्र तिवारी, मनोज तिवारी, लाल बिहारी तिवारी, राजेश, अनूप, दीपक, करूणेश आदि मौजूद रहे।

# एसआईआर के जरिये वोट छीनने के हथकंडे को नाकाम करें कार्यकर्ता

- राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने डॉलर के मुकाबले रुपए की गिरावट तथा विभिन्न मुददों पर मोदी सरकार की किया घेराबंदी

**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने सोमवार को रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर जगह जगह पार्टी कार्यकताओं व क्षेत्रीय लोगों से मुलाकात किया। उन्होने लालगंज में पार्टी कार्यकताओं से संवाद करते हुए कहा कि इस समय विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर कार्यकर्ता सतर्क दृष्टि रखें। उन्होने कहा कि सही मतदाताओं के नाम न कटने पाये इसके लिए कार्यकताओं का दायित्व है कि वह मतदाताओं से संपर्क भी स्थापित करें। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि एसआईआर के जरिए निर्वाचन आयोग तथा मोदी सरकार की सही मतदाताओं के नाम हटाये जाने तथा फर्जी नाम बढ़ोत्तरी के जरिए यूपी में भी वोट चोरी का खतरनाक इरादा है। उन्होने कहा कि मोदी सरकार विफलताओं से मुंह मोड़ रही है। उन्होने कहा कि अर्थव्यवस्था की दयनीय दशा यह है कि आज रोज डॉलर के मुकाबले रूपया टूट कर गिर रहा है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि इन्हीं तमाम असफलताओं को लेकर जबाबदेही से बचने के लिए एसआईआर का



मोदी सरकार ढ़िढोरा पीटने में जुटी हुई है। वहीं उन्होने कार्यकताओं के साथ संवाद कार्यक्रम में रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र में क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रयास से स्वीकृत विभिन्न विकास परियोजनाओं के पूरा होने में भी सहयोग मांगा। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने क्षेत्र में विभिन्न सड़क हाईवे परियोजनाओं तथा पुरवों व मजरों में विद्युतीरकरण अभियान को समयबद्ध पूरा करने के लिए सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को भी समयबद्धता व गुणवत्ता के निर्देश दिये। लालगंज बाजार में व्यापारी नेता अंजनी कौशल की अगुवाई में सांसद प्रमोद तिवारी का स्थानीय व्यापारियों ने स्वागत भी किया। इसके पहले सांसद प्रमोद तिवारी ने परसपुर गांव में बीडीसी आलोक सिंह के पिता स्व0 रामसिंह के हाल ही में आकस्मिक निधन पर संवेदना भी प्रकट की। दोपहर बाद सांसद प्रमोद तिवारी बाबा घुइसरनाथ धाम पहुंचे। यहां उन्होने विधायक मोना के प्रयास से बाबा धाम के सौन्दर्यीकरण से जुड़ी विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति को देखा। वहीं सांसद प्रमोद तिवारी सांगीपुर क्षेत्र के भी विभिन्न गांवों में पहुंचकर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, केडी मिश्र, डॉ0 अमिताभ शुक्ल, रोहित सिंह, राजू मिश्र, महेन्द्र सिंह, मिण्टू सिंह, दृगपाल यादव, रामबोध शुक्ल, रामकृपाल पासी, पप्पू तिवारी, मुरलीधर तिवारी, प्रीतेन्द्र ओझा, रामू मिश्र, त्रिभु तिवारी, छोटे लाल सरोज, शेरू खां, दारा सिंह, सिल्लू मिश्र, धीरेन्द्रमणि शुक्ल आदि रहे।

## तीन की हालत गंभीर

**मथुरा।** मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर सोमवार सुबह एक निजी बस के पलट जाने से कम से कम 16 यात्री घायल हो गए, जिनमें तीन की हालत गंभीर है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि बस दिल्ली (छतरपुर) से रायबरेली जा रही थी जिसमें लगभग 50 से 60 यात्री सवार थे। आगरा की ओर जाते समय चालक की लापरवाही के कारण बस डिवाइडर से टकराकर पलट गई। रावत ने बताया कि यात्रियों के अनुसार, चालक कंडक्टर से तंबाकू का पाउच ले रहा था तभी उसने वाहन से नियंत्रण खो दिया जिससे यह दुर्घटना हुई। इस हादसे में 16 लोग घायल हो गए जिनमें से तीन की स्थिति गंभीर है। उन्हें बेहतर इलाज के लिए आगरा के एस.एन. मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

# शिकायतों का निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण होगा : जिलाधिकारी



**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा उनके निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान विभिन्न विभागों से सम्बन्धित कुल 15 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन्हें एक सप्ताह के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता दर्शन में आने वाली शिकायतों का निष्पक्ष, पारदर्शी और निर्धारित समयावधि में निस्तारण कराया जाए। जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर जनसुनवाई सुनिश्चित करें, ताकि आमजन की समस्याओं का शीघ्र समाधान कराया जा सके।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत

**प्रतापगढ़।** शौच के लिए निकले वृद्ध की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। लालगंज कोतवाली के मोठिन गांव निवासी सत्तर वर्षीय सियम्बर सरोज पुत्र नंदन सरोज बीती रविवार की देर शाम करीब साढ़े सात बजे घर से पैदल शौच के लिए निकला था। इसी दौरान सड़क किनारे से गुजर रहे किसी अज्ञात वाहन ने वृद्ध को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी होने पर परिजन घायल को इलाज के लिए ट्रामा सेण्टर लालगंज ले आये। यहां परीक्षण के दौरान चिकित्सकों ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। मृतक के चार पुत्र हैं। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाल आलोक कुमार का कहना है कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रक से टकराकर स्कूटी सवार युवक की मौत, दूसरा घायल

**चंदौली।** सैयदराजा थाना क्षेत्र में खड़े ट्रक से टकराने से स्कूटी सवार एक युवक की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने सोमवार को घटना की जानकारी देते हुए बताया कि दोनों युवक नशे में थे। सैयदराजा के थाना प्रभारी बीपी पांडेय ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित बगही कुम्भापुर निवासी पीयूष (25) व विनायक (27) रविवार देर रात स्कूटी पर सवार होकर घर लौट रहे थे। उनके अनुसार दोनों शराब के नशे में थे। उन्होंने बताया कि इस दौरान एक पेट्रोल पंप के पास उनकी स्कूटी अनियंत्रित हो गई और वहां सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में जा टकराई। हादसे में पीयूष ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि विनायक गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्होंने बताया कि पीयूष के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# कड़ाके की ठंड में बचाव को प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी



**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने शीतलहर व ठंड से बचाव के लिए जनहित में एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने कहा कि मौसम की जानकारी निरंतर लेते रहें तथा कोयले की अंगीठी, हीटर, ब्लोवर आदि का प्रयोग सावधानी से करें। कमरे में हमेशा वेंटिलेशन बनाए रखें, ताकि जहरीला धुआँ एकत्र न हो। शरीर को सूखा रखें और गीले कपड़े तुरंत बदलें। अत्यधिक ठंड की दशा में सामुदायिक केन्द्रों व आश्रय स्थलों पर उपलब्ध अलाव का लाभ उठाएं। कई परतों वाले गर्म कपड़ों का प्रयोग कर शीतलहर के प्रभाव को कम किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि ज्यादा ठंड व कोहरे में छोटे बच्चों एवं बुजुर्गों को यथासंभव घर के अंदर ही रखें। पोषक आहार व गर्म पेय पदार्थों का सेवन करें तथा धूप निकलने पर सूर्य की गर्मी का लाभ उठाएं। यदि हाइपोथर्मिया के लक्षण जैसे असामान्य शरीर तापमान, अत्यधिक ठिठुरन, तुतलाहट, थकान आदि दिखें तो तत्काल नजदीकी अस्पताल से संपर्क करें। शीतदंश की स्थिति में भी डॉक्टर से सलाह लेना अनिवार्य है। उन्होंने अकेले रहने वाले विशेषकर बुजुर्ग पड़ोसियों का ध्यान रखने तथा किसी भी स्थिति में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क करने की अपील की। पालतु पशुओं को भी ठंड से बचाने हेतु उनके बाड़े को ढकने और पर्याप्त वेंटिलेशन रखने की सलाह दी गई है। सोते समय सिगड़ी/अंगीठी अवश्य बुझा दें और बंद स्थानों पर इनका प्रयोग न करें। निराश्रित व असहाय लोगों को ठंड से प्रभावित पाए जाने पर उन्हें निःशुल्क कम्बल उपलब्ध कराने में मदद करें।

# सिरसिया सीएचसी में 113 महिलाओं की जांच

**सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज के भनवापुर क्षेत्र स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सिरसिया में सोमवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 113 गर्भवती महिलाओं की व्यापक चिकित्सीय जाँच, इलाज और परामर्श प्रदान किया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा ने बताया कि जाँच के दौरान 14 गर्भवती महिलाओं में उच्च जोखिम के लक्षण पाए गए। इसके अलावा, 24 महिलाओं में गंभीर खून की कमी (एनीमिया) पाई गई, जिन्हें तत्काल आयरन सुक्रोज की खुराक दी गई। डॉ. ओझा ने बताया कि गर्भावस्था में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, भ्रूण का बड़ा होना, गंभीर एनीमिया और प्लेसेंटा की असामान्य स्थिति जैसे कारण माँ और बच्चे दोनों के लिए जान का खतरा उत्पन्न कर सकते हैं। उन्होंने जोर देकर



कहा कि गर्भावस्था के शुरूआती चरण में ही उच्च जोखिम वाले खतरों की पहचान और समय पर चिकित्सीय प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है, ताकि माँ और बच्चे दोनों को सुरक्षित रखा जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि गर्भावस्था के दौरान सोनोग्राफी, चिकित्सीय परामर्श और इलाज बेहद महत्वपूर्ण हैं। उच्च जोखिम के लक्षण पाए जाने पर गर्भवती महिला को कम से कम तीन बार विशेषज्ञ डॉक्टर से सलाह लेना अनिवार्य है। इस महत्वपूर्ण शिविर को सफल बनाने में डॉ. एलबी यादव, डॉ. अनवरू दीन, ज्योति, प्रेम कुमार त्रिपाठी, अजय कुमार पांडे, रुपम पाठक, सविता मौर्या, अर्चना चौधरी, रेखा पांडे, कृष्ण गोपाल पांडे, रविंद्र कुमार, अश्वनी अग्रहरि सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

**शाहजहांपुर।** जिले के जलालाबाद थाना क्षेत्र में एक युवक और उसके भतीजे की सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने सोमवार को बताया कि थाना तिलहर क्षेत्र के गांव ढकिया रघा निवासी रविंद्र कुमार (30) अपने भतीजे मोनू (28) के साथ रविवार रात मोटरसाइकिल से कलान क्षेत्र के गांव जखिया जा रहे थे। उन्होंने बताया कि रास्ते में जलालाबाद थाना क्षेत्र के कोलाघाट पुल पर कोहरे के कारण तेज रफ्तार मोटरसाइकिल पुल पर रखे पत्थर से टकरा गई, जिसके कारण दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही जलालाबाद पुलिस दोनों को जलालाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गई जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

संक्षेप

## खोजियापुर में दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट

गोला गोकर्णनाथ खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खोजियापुर में गुरुवार रात दो पक्षों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट होने का मामला सामने आया। विवाद बढ़ने पर दोनों ओर से लाठी-डंडे चले और कई लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने अलग-अलग मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले पक्ष के आदर्श राठौर पुत्र रूपराम निवासी खोजियापुर ने आरोप लगाया कि पप्पू पुत्र बगुले, भोपेन्द्र पुत्र बगुले और पप्पू के परिवार के अन्य लोग शाम सात बजे उनके घर पहुंच गए। आरोप है कि उन्होंने आदर्श की मां माधुरी देवी और भाई अभिषेक राठौर से गाली-गलौज और हाथापाई की। तहरीर के अनुसार घर पहुंचने पर आदर्श और उनके पिता रूपराम पर भी विपक्षियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे सभी को चोटें आईं। आदर्श के अनुसार आरोपी दबंग प्रवृत्ति के हैं और लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। वहीं दूसरे पक्ष के पप्पू पुत्र लालता प्रसाद निवासी खोजियापुर ने थाना गोला में दी तहरीर में आरोप लगाया कि उनकी मां गोमती देवी सब्जी के बीज लेने जा रही थीं, तभी रूपराम पुत्र रामप्रसाद, अभिषेक, आदर्श और नवीन पुत्र इतवारी लाल ने उन पर हमला कर दिया और लाठी-डंडे चलाते हुए धमकियां दीं। पप्पू का कहना है कि वे किसी तरह मां को लेकर थाने पहुंचे और सुरक्षा की मांग की। कोतवाली पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों ने मारपीट और धमकी से संबंधित आरोपों में लिखित तहरीर दी है। पुलिस ने दोनों मामलों में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 13 को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

लखीमपुर-खीरी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर जिले में 13 दिसंबर (द्वितीय शनिवार) को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह लोक अदालत जनपद न्यायालय लखीमपुर-खीरी के साथ सभी तहसीलों में एक साथ आयोजित होगी। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिव कुमार सिंह के निर्देशानुसार तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं अपर जिला जज/नोडल अधिकारी अभिषेक कुमार श्रीवास्तव एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अपर जिला जज/सचिव वीरेन्द्र नाथ पाण्डेय ने बताया कि इस लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निस्तारण का लक्ष्य रखा गया है। अपर जिला जज/सचिव वीरेन्द्र नाथ पाण्डेय ने बताया कि लोक अदालत का उद्देश्य तेज, सरल और कम खर्च में न्याय उपलब्ध कराना है, इसलिए वादकारियों के लिए यह एक महत्वपूर्ण अवसर है। समस्त वादकारियों से अनुरोध किया कि 13 दिसंबर 2025 को अपने-अपने वादों का निस्तारण कराकर इस जनहितकारी पहल को सफल बनाने में सहयोग करें।

लोक अदालत में यातायात और लघु आपराधिक प्रकरण, नगर पालिका से जुड़े विवाद, बैंक वाद (धारा 138 परकाम्य लिखित अधिनियम), विद्युत एवं जल विवाद, विशेषकर चोरी संबंधी मामले, राजस्व वाद, पारिवारिक एवं व्यवहारिक मामले, उत्तराधिकार व अन्य समझौतापरक वाद मामलों को प्राथमिकता के साथ सुना जाएगा।

# गन्ना उतराई की मांग को लेकर चार दिनों से तौल बंद



धौरहरा खीरी। जुवारी ग्रुप की गोविंद शुगर मिल ऐरा के गन्ना खरीद केंद्र नैनापुर प्रथम में किसानों से गन्ना उतराई के नाम पर अतिरिक्त पैसों की मांग को लेकर पिछले चार दिनों से गन्ना तौल बंद पड़ी है।

किसानों का कहना है कि मिल पहले से ही 9.25 रुपये प्रति क्विंटल की कटौती कर रही है। इसके बावजूद अब सेंटर पर उतराई शुल्क की मांग की जा रही है। तौल बंद होने से किसानों की ट्रैक्टर-ट्रॉलियाँ चार दिनों से सेंटर पर खड़ी हैं। जिनमें लदा गन्ना सूखकर खराब होने लगा है। किसानों के अनुसार समस्या की जानकारी होने के बावजूद मिल प्रबंधन या कोई भी जिम्मेदार कर्मचारी अब तक मौके पर नहीं पहुँचा। जिससे किसानों में भारी नाराजगी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जुवारी ग्रुप की चीनी मिल ऐरा के गन्ना क्रय केंद्र नैनापर में किसानों ने हंगामा करते हुए गन्ना उतराई के नाम पर की जा रही वसूली पर विरोध जताया। किसानों का आरोप है कि उनसे नौ रुपये प्रति क्विंटल की दर से मिल में कटौती हो रही है। और अब गन्ना उतराई के लिए ठेकेदार द्वारा दबाव बनाया जा रहा है। इससे क्षेत्र के किसानों में भारी रोष है।किसानों के अनुसार जब शासन की ओर से गन्ना उतराई को अवैध घोषित किया गया है तो मिल प्रबंधन यह शुल्क क्यों वसूलाने का दबाव बनाया जा रहा है।

नैनापुर के निवासी किसान रामप्रताप ने बताया कि यह शुल्क पूरी तरह से अनुचित है इस पर रोक लगाई जाए। किसान कौशल वर्मा, सुमित मौर्य, वीरेंद्र, मलखे, जगदम्बा मौर्य, हरि मोहन पांडेय, युवराज वर्मा, दिलीप वर्मा, नीरज वर्मा, मनोज वर्मा आदि सैकड़ों किसानों ने आरोप लगाया कि मिल प्रबंधन और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत के बावजूद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जिम्मेदार मूकदर्शक बने हुए हैं। किसानों ने चेतावनी दी है कि नैनापुर गन्ना क्रय केंद्र पर अवैध वसूली बंद नहीं की गई तो मजबूरन धरना प्रदर्शन करने को विवश होंगे।जिला गन्ना अधिकारी वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि किसानों को तौल होने के बाद कोई भी शुल्क नहीं देना है।यदि कोई उतराई वसूल रहा है तो गलत है।और किसानों ने गन्ना क्रय केंद्र नैनापुर में गन्ना उतराई पैसों की मांग को लेकर एसडीएम को तौल न होने की सूचना दी।एसडीएम शशिकांत मणि ने बताया गन्ना क्रय केंद्र नैनापुर पर में उतराई के नाम पर किसानों से पैसों मांग को लेकर चार दिनों से तौल बंद थी जिसकी सूचना मिली है। मिल प्रबंधन से बात हुई है।जिसका समाधान किया जायेगा।

## विधायक ने निवास छोड़ नगर में ही लगाया जनता दरबार

मोहम्मदी खीरी क्षेत्रीय विधायक ने फरियादियों की समस्या को लेकर बढ़ती ठंड को देखते हुए अपना पैतृक घर छोड़कर प्रातः से ही नगर में जनता दरबार लगाने के लिए निर्णय।

मोहम्मदी क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने बताया मोहम्मदी नगर से मेरे घर की दूरी लगभग 8 किलोमीटर है बढ़ती ठंड में साइकिल, मोटरसाइकिल यहां तक पैदल भी लोग अपनी फरियाद लेकर पहुंचते थे इसलिए मेरे क्षेत्र की जनता परेशान न हो ठंडक के मौसम में प्रत्येक दिन भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जनता दरबार प्रातः से 12 बजे से लगाने का निर्णय लिया पहले दिन बिजली, सिंचाई विभाग, पुलिस विभाग, राजस्व सहित लगभग 30 शिकायतें प्राप्त हुई 25 से अधिक मामलों में तत्काल बात कर मामले का निस्तारण करने का प्रयास कराया है।कई दिनों से अधिकारियों के चक्कर लगा रहे डॉक्टर ज्ञानेंद्र ने भी अपनी जमीन की समस्या राखी जिसको उच्च अधिकारियों से बात कर तत्काल निश्तरित कराने का निर्देश दिया। जनता दरबार के साथ एस ई आर फॉर्म भरने की लिए भी कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया।



## 115 छात्र शैक्षिक भ्रमण के लिए रवाना




जिला संवाददाता(vol)

पलियाकलां खीरी। रविवार को बलदेव वैदिक विद्यालय इंटर कॉलेज पलिया के छात्रों को से दो बसों से वैज्ञानिक नगरी, श्री रामकृष्ण मठ अलीगंज, बड़े हनुमान जी मंदिर अलीगंज लखनऊ, इंदिरा गांधी तारामंडल, विज्ञान भवन लखनऊ ले जाया गया। जो विद्यार्थी अनुशासन और शिक्षा में अग्रणी है और अच्छे रहने वाले हैं उन्हें ही शैक्षिक विकास शैक्षिक भ्रमण के लिए कुल 115 विद्यार्थियों को जो कि कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के हैं। को ले जाया गया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया यदि वह बोर्ड परीक्षा 2026 में अच्छे अंक लाते हैं तो उन्हें कॉलेज से लैपटॉप, स्कूटी भी दी जाएगी, इसके साथ ही उनको अनेक लाभ भी मिल सकेंगे।

## श्रीभगवत कथा में नरसी भात प्रसंग सुन भक्त हुए भावविभोर

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। गांधीनगर में राजीव पटेल के आवास पर आयोजित श्रीभगवत कथा एवं दिव्य सत्संग का समापन भक्ति और आध्यात्मिक रस में डूबा रहा। अंतिम रात्रि में सद्गुरु शरण ने नरसी का भात प्रसंग सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। बीच-बीच में प्रस्तुत किए गए भजनों ने पूरे परिसर को मंत्रमुग्ध कर दिया।

सद्गुरु शरण ने भक्तों को समझाया कि मानव जीवन का कल्याण केवल भगवान के भजन से संभव है। उन्होंने दोहा सुनाते हुए कहा कि बिना हरि भजन के मनुष्य जीवन रूपी सागर को पार करना कठिन है। इस दौरान पीलीभीत की बरखेड़ा के विधायक और श्री 1008 स्वामी प्रवक्ता नंद जी महाराज ने भी प्रवचन दिया। स्वामी जी ने मानव शरीर की क्षणभंगुरता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शरीर को संचालित करने वाली शक्ति के निकलते ही यह शरीर निष्प्राण हो जाता है। उनके प्रवचन ने श्रोताओं को आत्मचिंतन और भक्ति की ओर प्रेरित किया। कथा में गोला विधानसभा के विधायक अमन गिरी, नगर पालिका अध्यक्ष विजय कुमार शुक्ला रिंकू, पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री सुरजन लाल वर्मा, पूर्व प्रधान रामकुमार वर्मा, अमरीश वर्मा, ज्ञानचंद वर्मा, अशोक कनौजिया, डॉ. कौशल किशोर वर्मा, डॉ. मनोज वर्मा, डॉ. रामरतन वर्मा, सतीश वर्मा, सुशीला शास्त्री, कौशल्या देवी, रेखा वर्मा, उषा वर्मा, दाताराम वर्मा, पूर्व मंत्री सुरजन लाल वर्मा, प्रधान रामकुमार वर्मा, कामता प्रसाद, सुखराम कश्यप, राजेश सिंह, बहादुर लाल वर्मा, क्रांति प्रसाद, कोटेदार सत्यजीत सिंह समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का रसपान किया।



## तहसील के शौचालय में गंदगी का अंबार



- फरियादी खुले में शौच जाने को मजबूर
- स्वच्छता अभियान फोटो तक सिमटा

मोहम्मदी खीरी। तहसील परिसर में बनाए गए शौचालय में भीषण गंदगी के चलते प्रतिदिन बड़ी संख्या में अदालतों में मुकदमे की पैरवी करने आने वाले फरियादियो को खुले मे जाने पर शर्मसार होना पड़ता है। जिसकी शिकायत अधिवक्ताओं द्वारा कई बार प्रशासन से की गई स्वच्छता को लेकर सरकारी दावे हवा हवाई साबित हुए। नवीन तहसील भवन में एकमात्र शौचालय होने के चलते बड़ी संख्या में रोज पहुंचने वाले फरियादियों को शौचालय जाने के लिए दिक्कत का सामना करना पड़ता है। तहसील में लगभग 1 हजार से अधिक लोगों को अपने तहसील स्तर के कार्य कराने के लिए आना पड़ता है। जिसमें महिलाएं और पुरुषों को बड़ी संख्या में मुख्यालय पर आना पड़ता है। खुले में शौचालय जाने के लिए कई बार महिलाओं को शर्मसार होना पड़ जाता हैं। जबकि पुरुष को खुले में मजबूर होते हैं। जिम्मेदार अधिकारियों के कार्यालय के समक्ष बने शौचालय में भीषण गंदगी के चलते फरियादियों को निकलना दुश्वार हो रहा है।

एसडीएम ने बताया साफ सफाई को लेकर नगर पालिका को पत्र लिखा गया है, वही भीड़भाड़ अधिक होने के चलते शौचालय निर्माण के लिए कार्यवाही उच्च अधिकारियों को प्रेषित की गई है।

## नियमित अध्ययन और मोबाइल के सीमित उपयोग पर दिया जोर



गोला गोकर्णनाथ खीरी। वीओएल। गोला टूरिज्म संगठन ने ग्राम भुसौरिया स्थित कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय में उल्लास अभियान का आयोजन किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, शिक्षा और प्रेरणा से जुड़े सत्र आयोजित हुए। मुख्य वक्ता पंजाब नेशनल बैंक के सेवानिवृत्त शाखा प्रबंधक शारदा प्रसाद कश्यप ने बच्चों को जीवन में अनुशासन, नियमित पढ़ाई और तकनीक के सकारात्मक उपयोग की सीख दी। उन्होंने कहा कि मोबाइल और सोशल मीडिया का प्रयोग सोच-समझकर करें और अपनी दिनचर्या को समयबद्ध तरीके से पूरा करने की आदत डालें। श्री गोकर्ण शोध कला एवं संस्कृति संस्थान के प्रबंध निदेशक कमल नयन शुक्ल ने वीर लाचित बोरफुकन और गुरु तेग बहादुर के जीवन प्रेरक प्रसंग सुनाकर विद्यार्थियों में साहस, समर्पण और राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत की। संगठन प्रबंधक प्रेम गुप्ता ने मुख्य वक्ता कश्यप और विद्यालय की प्राचार्या पूनम रानी का धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी के माध्यम से बच्चों को प्रोत्साहित किया और आश्वासन दिया कि संगठन शिक्षा के क्षेत्र में आगे भी सहयोग करता रहेगा। कार्यक्रम का संचालन संगठन सचिव मिलिंद शुक्ल ने किया और समयद्समय पर रोचक जानकारियों से विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। अंत में सभी विद्यार्थियों को उपहार तथा मुख्य वक्ता और प्राचार्या को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। संगठन ने उपस्थित शिक्षकों, शिक्षामित्रों और रसोइयों को शुभेच्छा भेंट कर सम्मानित किया।

## 29 नवंबर को खेल स्पर्धा का होगा आयोजन

निघासन-खीरी। विधायक खेल स्पर्धा कार्यक्रम का आयोजन आगामी 29 नवंबर को जिला पंचायत इंटर कॉलेज निघासन में होना निर्धारित हुआ है। खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह ने ग्राम पंचायत वार प्रतिस्पर्धा में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को प्रतिभाग करने के लिए संबंधित प्रधान व सचिव को जिम्मेदारी सौंपी। पंचायत में छिपे प्रतिभावान खिलाड़ियों को शानदार मौका मिल सके।

## बाघ संरक्षण फाउंडेशन ने मानव- वन्यजीव संघर्ष से बचाव के लिए की कार्यशाला

पलियाकलां खीरी। दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया-खीरी के अंतर्गत संचालित दुधवा बाघ संरक्षण फाउण्डेशन में कार्यरत कार्मिकों एवं पलिया रेंज स्टाफ द्वारा पलिया क्षेत्रांतर्गत मकनपुर गॉव में मानव वन्य जीव संघर्ष से बचाव के उपाय संबंधी कार्यशाला का आयोजन किया गया। ग्रामीण क्षेत्र एवं खेतों में बाघ, हांथी, आदि वन्य जीवों के विचरण करने की स्थिति में आम जनमानस द्वारा रखी जाने वाली सवाधानियों एवं आवश्यक उपाय सुनिश्चित किए जाने के संबंध में पलिया रेंज स्टाफ एवं सुश्री नाजरुन निशा मोटिवेटर द्वारा ग्रामीणों एवं कार्यशाला में उपस्थित लोगों को बताया गया।

## सामान्य ज्ञान परीक्षा में शिल्पी ने हासिल किया प्रथम स्थान

मोहम्मदी खीरी क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर में साईं कोचिंग सेंटर पर प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को किया गया सम्मानित। कोचिंग सेंटर अध्यापिका मनप्रीत कौर ने बताया सामान्य ज्ञान परीक्षा में हमारे कोचिंग सेंटर पर शिल्पी प्रथम स्थान द्वितीय स्थान रोली तृतीय स्थान अंकित एवं मनजोत ने हासिल किया। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी शिवम राठौर ने सभी बच्चों को स्मृति एवं मैडल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर हैप्पी सिंह सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

धौरहरा खीरी। थाना खमरिया क्षेत्र के अंतर्गत महरिया गांव के पास आज सोमवार की शाम लगभग 04 बजे सड़क दर्दनाक में एक युवक की मौत हो गई, जबकि साथ में बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल प्लेटिना यू0पी0 1043 से बहराइच से लखीमपुर की ओर जा रहे। कुलदीप (पुत्र कैलाश), उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम संपत पूर्व नवगना थाना मूर्तिहा, जिला बहराइच की किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। कुलदीप की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में उनके साथ बैठी महिला रेनू (पत्नी कुलदीप), उम्र लगभग 25 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलते ही थाना खमरिया के एसआई उदय भान उपाध्याय व उनकी टीम मौके पर पहुंची और घायल महिला को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खमरिया भेजा। मृतक के शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु जिला लखीमपुर भेज दिया है।

## संविधान दिवस पर होंगे विविध कार्यक्रम

आजमगढ़। अपर जिलाधिकारी (भू-राजस्व) संजीव ओझा ने बताया है कि मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संविधान दिवस, 26 नवम्बर, 2025 के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले विविध कार्यक्रमों के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिये गये हैं। अपर जिलाधिकारी (भू-राजस्व) ने बताया है कि भारतीय संविधान को 26 नवम्बर को अंगीकृत किए जाने के उपलक्ष्य में इस दिवस को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। तत्क्रम में दिनांक 26 नवम्बर 2025 को ह्यह्महमारा संविधान, हमारा स्वाभिमानह्व विषय पर वर्ष भर चलने वाले समारोहों के समापन के रूप में मनाया जाना है, और इस अवसर पर जनपद में कई गतिविधियों आयोजित की जानी हैं, जो संविधान में निहित लोकाचार और मूल्यों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करेंगी। जनपद मुख्यालय पर सामूहिक प्रस्तावना वाचन के साथ-साथ शपथ ग्रहण कार्यक्रम समय 11 बजे किया जायेगा। उन्होने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सामूहिक प्रस्तावना का वाचन राज्य के समस्त जिला मुख्यालयों, तहसीलों, पंचायतों और गाँवों में भी किया जाय, जिसके समस्त वीडियो वैबसाइट पर अपलोड करते हुए जनपद के समस्त नागरिकों को व्यक्तिगत या सामूहिक रूप से प्रस्तावना वाचन करने और उसे अभियान की उक्त वैबसाइट पर अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया जाय। सामूहिक प्रस्तावना वाचन के साथ-साथ शपथ ग्रहण गतिविधियों भी आयोजित की जाय। जनपद के समस्त स्कूल और कॉलेज भारत के संविधान को समर्पित विशेष सभाओं का आयोजन करें, जिनमें संविधान के अनूठे पहलओं, संविधान सभा की भूमिक एवं संविधान सभा में महिला सदस्यों के योगदान पर विशेष रूप से ध्यान केन्द्रित किया जाय। उन्होने कहा कि 26 नवम्बर 2025 को संविधान दिवस हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान की थीम के साथ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिये गये निर्देश के अनुसार कार्यक्रम आयोजित करायी जाए।

## बेहतर उपज लेने वाले किसान करायें अपना पंजीकरण

जौनपुर। कृषि एवं संबंधित क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को हर वर्ष 23 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री व किसानों के मसीहा चैधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर सम्मानित किया जाता है। इसके लिए जनपद के किसानों की फसलों की क्रॉप कटिंग के आधार पर प्रतियोगिता कराई जाती है, खरीफ एवं रबी फसलों में सर्वोच्च उत्पादकता प्राप्त करने वाले किसानों को जनपद स्तर पर प्रथम पुरस्कार के रूप में रुपये सात हजार एवं द्वितीय पुरस्कार के लिए रुपये पांच हजार, प्रशस्ति पत्र व अंग वस्त्रम देकर मा0 जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी द्वारा प्रदान कर कुल 36 किसानों को पुरस्कृत किया जाता है ताकि अन्य किसान सम्मानित होने वाले कृषकों से उन्नति खेती की प्रेरणा लेकर अपनी उपज बढ़ाकर कृषि का सतत विकास कर सके।उप परियोजना निदेशक आत्मा डा. रमेश चंद्र यादव ने बताया कि 23 दिसम्बर को आत्मा योजनान्तर्गत आयोजित होने वाले किसान सम्मान दिवस में प्रतियोगिता के लिए किसानों का रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुका है, उन्होंने जनपद के किसानों से प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अपनी उपज परिणाम निर्धारित प्रारूप पर तैयार कर कृषि भवन में जमा कर अपना रजिस्ट्रेशन कराने की अपील किया है। मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति से अनुमोदन होने के पश्चात प्रदेश स्तर पर भी प्रेषित की जाती है। प्रदेश स्तर पर स्थान बनाने वाले कृषकों को राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपए, द्वितीय स्थान पर 75 हजार रुपये एवं तृतीय अस्थान वाले कृषको को 50 हजार रुपए देकर कुल 58 कृषकों को सम्मानित किया जाता है। उन्होंने जनपद की विशिष्ट महिला किसान, प्राकृतिक खेती करने वाले किसान, मिलेट्स की खेती करने वाले किसानो से अपील किया है कि दिनांक 30 नवम्बर तक कृषि भवन में अपना रजिस्ट्रेशन कराकर प्रतियोगिता में भाग ले सकते है।

## एंबुलेंस सेवाओं की अव्यवस्था के विरोध में सौंपा ज्ञापन



गोला गोकर्णनाथ खीरी। वीओएल। सरकारी अस्पतालों में एंबुलेंस सेवाओं की अव्यवस्था और लगातार होने वाली देरी को लेकर मिशन सामाजिक परिवर्तन एक नई दिशा संगठन ने सोमवार को कड़ा विरोध दर्ज कराया। संगठन के संस्थापक अध्यक्ष रमाकांत चैधरी एडवोकेट के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल तहसील परिसर पहुंचा और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम के अनुपस्थित रहने पर तहसीलदार भीम चंद को सौंपा।

ज्ञापन में संगठन ने बताया कि जिले के सरकारी अस्पतालों में रेफरल प्रक्रिया पूरी होने से पहले एंबुलेंस उपलब्ध नहीं हो पाती। जिससे मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पाता। हाल ही में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एंबुलेंस के देर से पहुंचने के कारण एक मरीज की मृत्यु होने से प्रणाली की खामियां उजागर हुई हैं। संगठन ने मांग की कि सभी सरकारी अस्पतालों में चौबीसों घंटे प्रशासन के प्रत्यक्ष नियंत्रण में कम से कम एक से दो एंबुलेंस उपलब्ध हों। गंभीर मरीजों के लिए बिना रेफर लेटर की औपचारिकता के तत्काल एंबुलेंस दी जाए और लापरवाही करने वाले कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। बढ़ती जरूरत को देखते हुए अतिरिक्त एंबुलेंस स्वीकृत करने की भी मांग की गई। संगठन ने कहा कि इससे अनावश्यक देरी रुक सकेगी और गंभीर मरीजों की जान बचाई जा सकेगी। वर्तमान स्थिति स्वास्थ्य तंत्र की कमजोरी और नागरिकों के जीवन सुरक्षा अधिकार का उल्लंघन है।

ज्ञापन सौंपने वालों में विवेक कुमार गौतम एडवोकेट, अशफीर्लाल गौतम, विक्रम सिंह एडवोकेट, मनोज रावत एडवोकेट, महेश चंद्र वर्मा एडवोकेट, कल्पना तिवारी एडवोकेट, सरजीत कुमार एडवोकेट, अनुज कुमार गौतम एडवोकेट, चुन्नीलाल एडवोकेट, संतोष भारती एडवोकेट, सचिन राठौर, राजेश गौतम सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## राम भक्त दल ध्वजारोहण कार्यक्रम के लिए अयोध्या रवाना



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। स्थानीय फूल बाबा आश्रम से श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में आयोजित होने वाले ध्वजारोहण कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु 22 सदस्यीय राम भक्त दल भावपूर्ण वातावरण में रवाना हुआ। आश्रम परिसर में सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही और पूरा वातावरण जय श्रीराम के उद्घोष से गूंजता रहा।श्रीराम कथा वाचक अंजनी शरण महाराज की उपस्थिति में राम भक्तों का विधिवत सम्मान किया गया। आनंद त्रिवेदी, राजेश्वर शुक्ल, कन्हैयालाल, सुरेश चंद्र मिश्रा तथा अन्य भक्तों ने अंग वस्त्र पहनाकर, तिलक लगाकर तथा पुष्प वर्षा कर दल को शुभकामनाओं के साथ विदा किया। उन्होंने कहा कि अयोध्या में होने वाला ध्वजारोहण कार्यक्रम प्रत्येक राम भक्त के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण है। दल के प्रस्थान के समय भक्तिमय संगीत और जयकारों से आश्रम का वातावरण आध्यात्मिक उत्साह से भर गया। रवाना हुए दल में भूपेंद्र सिंह, सौरभ सिंह, मनोज वाल्मीकि, अनीफुल, कुलविंदर, आरती राणा, भागीराम सहित कुल 22 लोग शामिल हैं।

## आदिवासियों की लड़ाई लड़ने का काम केवल कांग्रेस ने किया: डॉ. विक्रांत भूरिया

सोनभद्र। कांग्रेस पार्टी अनुसूचित जन जाति के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया का आगमन जनपद सोनभद्र हुआ हिंदवारी पर जिला अध्यक्ष रामराज सिंह गौड़ की अध्यक्षता में कांग्रेस ने उनका स्वागत किया तत्पश्चात च्.क. पर आकर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया, जिसमें विक्रांत जी ने कहा कि ओबरा खनन हादसे में हुए आदिवासियों और मजदूरों की मौत पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए यह बहुत ही कष्ट का विषय है कि जहां विधानसभा में स्वयं अनुसूचित जनजाति से ही कैबिनेट मंत्री हैं, वहां गरीबध् आदिवासियों के साथ इस तरह घटना हुई उसकी न्यायिक जांच नहीं हो पा रही है उन्होंने हादसे की न्याय जांच करते हुए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई करने की बात कही।

जिला अध्यक्ष राम राज सिंह गोड़ ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष माननीय अजय राय जी इस विषय पर यहां आ चुके हैं और उनकी मांगों के साथ हम सब खड़े हैं गरीब मजदूर खिलाड़ी हमेशा कांग्रेस पार्टी लड़ी है, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य आशुतोष कुमार दुबे (आशु) ने कहा कि जहां इतनी बड़ी घटना हुई उस पर हमारी संवेदनाएं उनके परिवारों के साथ भी है उनके परिवार का जीवको पालन और बच्चों की पढ़ाई लिखाई के लिए एक व्यवस्था सरकार को बनानी चाहिए, कांग्रेस प्रवक्ता इनामुल ने कहा कि गरीबों की लड़ाई हमेशा कांग्रेस पार्टी लड़ती है और इस घटना में भी सबसे आगे खड़ी और कांग्रेस पार्टी ने सबके न्याय की बात की है। उपस्थित रहने वालों में उत्तर प्रदेश अनुसूचित जनजाति के अध्यक्ष डॉ उमेश गोड़, जितेंद्र पासवान, जिला उपाध्यक्ष बृजेश तिवारी, पूर्व शहर अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी, कांग्रेस नेता मनोज मिश्रा, युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सूरज वर्मा, राष्ट्रीय छात्र संगठन के जिला अध्यक्ष अंशु गुप्ता ,उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष राहुल जैन, बाबूलाल पनिका, आशीष सिंह, संतोष नेताम, ईश्वर प्रसाद गोड़, रामप्यारे गोड़ रहे।



संक्षेप

## निजी बस ने मजदूर को कुचला, मौत

आजमगढ़। मेंहनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मां धनावती महाविद्यालय के समीप सोमवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे एक तेज रफ्तार निजी बस ने मजदूरी के लिए जा रहे एक युवक को कुचल दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान मौली मनिहा गांव निवासी 36 वर्षीय अरविंद राम पुत्र स्वर्गीय रामजस राम के रूप में हुई है। वह अपने दो साथियों के साथ पैदल पल्लेदारी (मजदूरी) करने जा रहे थे। इसी दौरान बस ने उन्हें चपेट में ले लिया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने शोर मचाया तो बस चालक वाहन छोड़कर भाग निकला। सूचना मिलते ही सिंहपुर चैकी इंचार्ज पवन कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा प्राइवेट बस को जब्त कर लिया। मामले की जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगातार हो रहे सड़क हादसों से लोगों में रोष व्याप्त है।

## 27 को होगा मोबाइल कोर्ट का संचालन

आजमगढ़।सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दीवानी न्यायालय, आजमगढ़ अंकित वर्मा ने बताया है कि उच्च न्यायालय के आदेशानुसार व जनपद न्यायाधीश जयप्रकाश पाण्डेय के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में जनपद में स्थापित ग्राम न्यायालयों में ग्राम न्यायालय अधिनियम-2008 की धारा-09 (प) के अनुसार मोबाइल कोर्ट का संचालन किया जाना है।जिसके कम में 27 नवम्बर 2025 को ग्राम न्यायालय, मेंहनगर में तहसील मेंहनगर के अन्तर्गत ग्राम कम्हरिया, पोस्ट- कम्हरिया, परगना मेंहनगर, तहसील- मेंहनगर, थाना- तरवां, जनपद आजमगढ़ में मोबाईल कोर्ट का आयोजन किया जायेगा, जिसका उद्देश्य यह है कि क्षेत्रीय व स्थानीय लोगों तक त्वरित न्याय पहुँच सके तथा वादकारियों को न्यायालय तक आने-जाने में लगने वाले समय को कम किया जा सके। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने क्षेत्रीय वादकारियों तथा आम जनमानस को सूचित किया है कि वे मोबाईल कोर्ट के माध्यम से मुकदमों का निस्तारण करा सकते है।

## पति से झगड़े के बाद पत्नी फांसी पर झूली

जौनपुर।गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के कुछकुछमुछ गांव में रविवार की रात दम्पत्ति के बीच हुए विवाद ने उस दुखद मोड ले लिया जबविवाद से दुखी पत्नी ने आधी रात में अपने कमरे में फांसी पर झूल कर जीवन लीला समात कर ली। रात में ही परिजनों को घटना का पता चलने पर मायके तथा पुलिस को सूचना दी गई।उक्त गांव निवासी जयहिंद यादव की शादी लगभग 15 वर्ष पूर्व मंजू यादव निवासी अधीरपुर थाना तरवां आजमगढ से हुई थी। जयहिंद यादव गांब में छोदी सी दुकान चलाता था तथा पति पत्नी के बीच आये दिन विवाद होता रहता था। बीती रात भी दोनों मेंकिसी बात को लेकर विवाद हुआ जिस पर गस्सा होकर पत्नी ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया तथा खाना खाने भी बाहर नहीं आई।रातलगभग 11 बजे मंजू की पुत्री नदनी यादव जब माता को बुलाने गई और कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली तो खिड़की तोड़कर कर देखा तो वह छत में लगे कुडी में रस्सी के सहारे फांसी पर झूल रही थी। शोर मचाने पर परिजनों नेदरवाजा तोडकर शव को नीचे उतारलिया।नदनी ने ही फोन कर अपन निनहाल में सूचना दी रात में ही मायके से भी पिरेजन पहुंच गए सूवना परपहुंची पुलिस ने शव को कजे में लेकर पोरमाटम हेतु भिजवा दिया।

## पुलिस के सामने चले ईंट-पत्थर, 7 गिरफ्तार

जौनपुर ।जफराबाद थाना क्षेत्र कचगाँव राजेपुर मे जमीनी विवाद कों लेकर दो पक्षो ने लबे सड़क जमकर बवाल किया ।एक दूसरे पर ईट और पत्थर चलाये ।कचगांव गद्दीपुर निवासी सूरज सोनकर उर्फ गोलू और अनिल सोनकर निवासी राजेपुर मतुला के बीच एक जमीन कों लेकर विवाद चला आ रहा है, रविवार की देर शाम उसी मामले को लेकर दोनों पक्ष राजेपुर कचगाव रोड पर आमने सामने हो गए, दोनों एक दूसरे पर ईट पत्थर चलाने लगे। सूचना पर पहुंचे हल्का प्रभारी जयदीप ने मामले को सम्हालना चाहा पर उपद्रवी शांत नहीं हुए, मामला बढ़ता देख थाने से अतिरिक्त फोर्स बुलाई गई, अंततः पुलिस ने उन पर कार्यवाही करते हुए मौके से सूरज सोनकर, अजय सोनकर, लल्लन सोनकर, अरविन्द सोनकर निवासी गद्दीपुर तथा संग्राम सोनकर, राहुल सोनकर, मोहित सोनकर निवासी राजेपुर मतुला कों गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी श्रीप्रकाश शुक्ला ने बताया की मामले में कुल 16 लोगों के विरुद्ध पुलिस प्रशासन की तरफ से केस दर्ज किया गया है।

# डीएम ने पुनरीक्षण अभियान का किया निरीक्षण



जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी०एन० सिंह ने सोमवार को भ्रमणशील रहकर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण,2026 अभियान के तहत ओबरा तहसील के प्राथमिक विद्यालय सलखन, दुद्धी तहसील के आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कालेज रेनुकूट व नगर पंचायत पिपरी के बूथों का औचक निरीक्षण कर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाताओं के नाम फीडिंग करने, गणना प्रपत्र का वितरण, बांटे गये गणना प्रपत्रों के एकत्रित करने की प्रगति की स्थिति का जायजा लिये। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में जनपद के प्रत्येक मतदाता को स्वयं से संबंधित गणना प्रपत्र को सही से भरकर हस्ताक्षर करने के बाद जल्द से जल्द अपने मतदेय स्थल के बीएलओ को उपलब्ध कराया जाये, गणना प्रपत्र भरने में आ रही कठिनाई के सम्बन्ध में सम्बन्धित बीएलओ से सम्पर्क कर जानकरी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के बाद वर्ष 2003 में तैयार मतदाता सूची में अपना या अपने संबंधी का विवरण खोजने के लिए वेब पोर्टल पर क्लिक करें, ऐसा कर अपने या अपने संबंधी की डिटेल्स आसानी से खोज सकते हैं। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त मतदाताओं से एसआईआर प्रक्रिया में पूर्ण उत्साह के साथ भाग लेने एवं बीएलओ का सहयोग करने की अपील भी की।उन्होंने कहा कि यदि वर्ष 2002-2004 की अवधि में मतदाता भारत के किसी अन्य राज्य में रहा हो तो उस राज्य में उस अवधि में संपन्न हुए एसआईआर के बाद तैयार मतदाता सूची भी उपर्युक्त वेब पोर्टल पर उपलब्ध है एवं उसे वहाँ से देखा जा सकता है। गणना प्रपत्र को उपर्युक्त वेब पोर्टल पर ही ऑनलाइन भी भरने की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि मतदाता उपरोक्त पोर्टल पर जाकर अपना एपिक नंबर दर्ज कर अपने बीएलओ का नाम व फोन नंबर पता करते हुए, पोर्टल के माध्यम से ठववा ́बंसस् पूजी लवनत ठस्व सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

इस सुविधा का लाभ उठाने पर आपके क्षेत्र के बीएलओ को यह नोटिफिकेशन दिया जाता है कि आप उससे बात करना चाहते हैं एवं आपका नाम व मोबाइल नंबर पर प्रदर्शित होता है। बीएलओ से अपेक्षा की गई है कि मतदाता द्वारा बात करने की इच्छा जताने पर 48 घंटे के भीतर मतदाता को बीएलओ द्वारा वापस कॉल की जाएगी। मतदाताओं की सुविधा के लिए टेलीफोन की हेल्पलाइन भी उपलब्ध है।

## कार्मिकों से ली एसआईआर प्रगति के बारे में जानकारी

जिला संवाददाता(vol)

मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने जनपद में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत घण्टाघर स्थित बूथ संख्या- 334, 335, 336, 337, 338, 339 व श्री माता प्रसाद माता भीख इण्टर काजेज मे बने बूथ संख्या- 327, 328, 330, 332, 333, 336, का भ्रमण कर निरीक्षण किया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने बूथों पर लगाए गए कार्मिकों से एसआईआर प्रगति के बारे में जानकारी ली बीएलओ ने बताया कि एक फार्म आनलाइन करने में 3 से 4 मिनट का समय लग रहा है। उन्होंने सभी बीएलओ को निर्देशित करते हुए कहा कि एसआईआर कार्य मे पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य को संपादित करें लापरवाही बरतने वाले सम्बन्धित अधिकारी व बीएलओ पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान बूथ संख्या-339 में आगंनबाड़ी कार्यकत्री सरोज पाण्डेय के द्वारा कार्य में लापरवाही बरते जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य में सुधार लाने का निर्देश दिया। उन्होंने जनपद के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि 4 दिसम्बर 2025 तक वे सभी अपना गणना पत्रक बीएलओ के पास जमा करना सुनिश्चित करें।इस दौरान गणना पत्रक भरकर जमा करने आ रहे मतदाताओ से वार्ता भी की गयी उनके द्वारा बताया गया कि उन्हें किसी प्रकार की कोई दिक्कत नही हो रही है। निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मीरजापुर गोवा लाल सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक का स्वागत

मीरजापुर। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा ने राष्ट्रीय संरक्षक डॉ एपी सिंह वरिष्ठ अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट के प्रदेश आगमन पर पूरी टीम के साथ भव्य स्वागत किया गया। राष्ट्रीय संरक्षक ने संगठन का भी आभार व्यक्त किया।

इस दौरान उन्होंने प्रदेश भर से आए पत्रकारों से मुलाकात करके अपने विचारों को साझा किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और उनकी सुरक्षा संगठन की प्राथमिकता है उन्होंने पत्रकारों की समस्याओं को देखते हुए सरकार से अपील की। कहा जिस प्रकार मान्यता प्राप्त पत्रकारों को सरकार द्वारा सुविधाएं प्रदान की जाती हैं इसी तरह छोटे और मंझौले पत्रकारों को भी सुविधा प्रदान की जाएं। डॉक्टर एपी सिंह ने अपने संबोधन में कहा संबोधन में कहा राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद संगठन भारत का एक विशाल संगठन है जिसकी शाखाएं 17 राज्यों में फैली हुई है जिसका संचालन संगठन के मुखिया देवेंद्र मिश्रा कर रहे हैं। इनके अथक प्रयासों से आज जो हमें देखने को मिला उसकी हम कल्पना नहीं कर सकते हैं। पत्रकारों की सुरक्षा संगठन की प्राथमिकता हम पत्रकारों की समस्याओं को देखते हुए पत्रकार सुरक्षा बिल लागू कराने का पूर्ण प्रयास करूंगा सरकारें बदलती रहती हैं बदलती सरकार कलम को दबाने का प्रयास करती है लेकिन हमें अपनी कलम को नहीं बदलना है। हम रुके नहीं कलम बिके नहीं के साथ कार्य करना है देश को आजाद करने में पत्रकारों की भी अहम भूमिका थी सरकार बनाने और चलाने में पत्रकारों का बहुत बड़ा योगदान होता है। मैंने करोना काल में पत्रकारों पर लिखे गए मुकदमों को खत्म कराया था, इसलिए पत्रकार सुरक्षा बिल जरूर लागू होना चाहिए जिससे हमारा पत्रकार रूपी परिवार सुरक्षित रहे। पत्रकार कलम के माध्यम से सच्चाई को लिखता है। अगर उसे कोई भी दबाने का प्रयास करेगा तो हमारा संगठन उसका विरोध करेगा और हम पत्रकारों के हितों की लड़ाई सदैव लड़ते रहेंगे।

इस दौरान मीरजापुर जिलाध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय ने पुष्प गुच्छ देकर माल्यार्पण करते हुए राष्ट्रीय संरक्षक और राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करते हुए अपने संबोधन में कहा की हमारे कलमकार साथी आजादी के पूर्व से ही कलम की आवाज को दबाने नहीं दिया है।

## 14 विद्यार्थी खेल प्रतियोगिता में शामिल



जौनपुर। उच्च प्राथमिक विद्यालय सुइथाकला में न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ न्याय पंचायत के वरिष्ठ शिक्षक राजधारी दुबे ने फीता काटकर किया ।प्रतियोगिता में न्याय पंचायत के 14 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

प्राथमिक स्तर पर 50 मीटर दौड़ बालक वर्ग में कुसियाबहार विद्यालय के सूरज ने प्रथम तथा सुइथाकला के निखिल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में कुसियाबहार की नैंसी प्रथम और मुस्तफाबाद की श्वेता द्वितीय रही। बालक वर्ग 100 मीटर दौड में ईशापुर विद्यालय के आयुष ने प्रथम और घमहा का पूरा के आर्यन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।जूनियर स्तर पर 100 मीटर दौड में पलिया के सत्यम प्रथम और सुइथाकला के आयुष द्वितीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में कुसियाबहार की खुशबू ने प्रथम एवं शेखाही विद्यालय से दीपांजलि ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कबड्डी बालिका वर्ग में कंपोजिट विद्यालय कुसियाबहार की टीम प्रथम और सुइथाकला की टीम द्वितीय स्थान पर रही ।कार्यक्रम का संचालन त्रिवेणी प्रसाद एवं अरविंद कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक पारसनाथ यादव, अनिल कुमार, नरेंद्र कुमार, विनोद कुमार, धर्मेंद्र कुमार, अजय कुमार, वीरेंद्र कुमार, विजय कुमार सहित न्याय पंचायत के अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## 10 दिसम्बर तक वाहनों की नो एट्री

जौनपुर । शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम, जाम मुक्त व दुर्घटना रहित बनाने के लिये दिन के समय में आवश्यक वस्तु (गैस, डीजल, पेट्रोल, व मेडिकल से सम्बन्धित वाहन को छोडकर) नो एंट्री (भारी वाहन प्रवेश वर्जित) की व्यवस्था लागू किया गया था। जो समय प्रातः 11 बजे से शाम 17 बजे तक शहर क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहता है। वर्तमान में वैवाहिक लग्न कार्यक्रम के कारण शाम के समय सडकों पर लगने वाले जाम के दृष्टिगत जाम व दुर्घटना से बचाव हेतू 24 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक नो एंट्री का समय प्रातः 11 से रात्रि 21 बजे तक जारी रहेगा ।

## गंवई मेला में 50 हजार श्रद्धालुओं ने टेका मत्था



हलिया, मीरजापुर। हलिया क्षेत्र के सुप्रसिद्ध गड़बड़ा धाम में सोमवार को गंवई मेला पर 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने शीतला माता का दर्शन पूजन कर अपनी मनोकामनाएं पूरी की। सोमवार को गंवई मेला को देखते हुए सीओ अशोक कुमार सिंह व बीडीओ हलिया विजय शंकर त्रिपाठी ने गड़बड़ा धाम पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सीओ और बीडीओ ने मेला क्षेत्र का चतुर्दिक निरीक्षण किया। बीडीओ ने मेला क्षेत्र में मोबाइल शौचालय का निरीक्षण किया साफ सफाई और पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था करवाए जाने हेतु एडीओ पंचायत को निर्देशित किया। भीड़ को नियंत्रित करने तथा दर्शनार्थियों की सुरक्षा को लेकर थानाध्यक्ष हलिया पुलिसकर्मियों संग तैनात रहे। सीओ ने मंदिर परिसर में दर्शनार्थियों की सुरक्षा को लेकर थानाध्यक्ष को विशेष एहतियात बरतने का निर्देश दिया। मंदिर पुजारी राम आसरे मिश्र व मंगलधारी मिश्र ने बताया कि गंवई मेला पर मां शीतला का 50 हजार श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन कर मनोकामनाएं पूरी की।

## मासूम बच्ची का शव नदी से पांचवें दिन मिला



जौनपुर।केराकत कोतवाली थाना क्षेत्र में एक पिता ने बेटे की चाहत में अपनी 18 माह की बेटी को गोमती नदी में फेंक दिया था।

घटना के पांच दिन बाद सोमवार दोपहर करीब 2 बजे सैतखानपुर बेलवरिया के पास नदी से बच्ची का शव बरामद किया गया। यह मामला बुधवार सुबह सामने आया, जब पुलिस को सूचना मिली कि खरगसेनपुर निवासी अशोक विश्वकर्मा ने अपनी 18 माह की बेटी रुतबी को नदी में फेंक दिया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पिता को हिरासत में ले लिया। बच्ची की मां संजू विश्वकर्मा ने पुलिस को बताया कि अशोक बुधवार सुबह करीब सात बजे रुतबी को घुमाने के बहाने घर से ले गया था। परिवार को शक तब हुआ जब गांव के एक व्यक्ति ने अशोक को बच्ची के साथ नदी किनारे देखा। संजू के अनुसार, घर में तीसरी बेटी के जन्म को लेकर पहले से ही विवाद चल रहा था, क्योंकि अशोक को बेटा चाहिए था। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी अजीत रजक और कोतवाली प्रभारी दीपेंद्र सिंह सहित पुलिस टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने अशोक को हिरासत में लेकर बच्ची की तलाश शुरू कर दी थी। गोताखोरों और नाव की मदद से नदी में रुतबी की खोज की गई थी।

## ट्रक में ले जायी जा रही 680 पेटी शराब बरामद



दुद्धी,सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी तथा क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय के निकट पर्यवेक्षण में थाना दुद्धी पुलिस ने एक महत्वपूर्ण कामयाबी हासिल की है।

23.नवंबर को मद्य निषेध एवं राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो पटना (बिहार) द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर थाना दुद्धी पुलिस टीम द्वारा रेणुकूट द्दुद्धी मार्ग, ग्राम कादल के पास चेकिंग के दौरान एक ट्रक संख्या त्श्र 09 ळम्6492 को रोका गया। तलाशी में ट्रक में छिपाकर ले जाई जा रहीं 680 पेटी में 15120 बोतल में कुल 6085.44 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। बरामद शराब व ट्रक की कुल अनुमानित कीमत लगभग 1 करोड़ 35 लाख रुपये है। मौके से एक अन्तर्राज्यीय शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया।

इस संबंध में थाना दुद्धी पर मु0अ0सं0-293/2025 धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2) NXL` एवं 60/63/72 आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त बभूता राम ने बताया कि गिरफ्तार ट्रक संख्या °ßf09 T, 6492 का स्वामी संजय सिंह देवड़ा निवासी रतलाम चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) है। उसके द्वारा पंजाब से अवैध अंग्रेजी शराब लोड कराई गई थी। शराब की पेटियों को छुपाने के उद्देश्य से ट्रक में पीछे की ओर धान की भूसी एवं लकड़ी के बुरादे लादे गए थे। ट्रक स्वामी द्वारा उसे चावल की बिल्टी दस्तावेज भी उपलब्ध कराए गए थे, ताकि रास्ते में किसी भी जांच के दौरान इन्हें दिखाकर ट्रक को सामान्य मालवाहक बताकर निकल सकें।

पूछताछ में अभियुक्त ने यह भी स्वीकार किया कि उक्त शराब को बिहार राज्य में डिलीवर किया जाना था तथा डिलीवरी स्थल की अंतिम जानकारी उसे फोन पर दी जानी थी। अवैध तस्करी में प्रयुक्त शराब की असली बारकोड हटाकर उस पर दूसरा बारकोड चस्पा कर देते है। बरामद शराब पर भी बारकोड परिवर्तित पाए गए हैं। बिहार में शराबबंदी लागू होने के कारण वहाँ अवैध शराब की अधिक कीमत मिलने से तस्करों को बड़ी आमदनी होती है। अभियुक्त इससे पूर्व भी शराब की ऐसे कई खेप इसी ट्रक मालिक के निर्देश पर ले जा चुका है।

गिरफ्तारी/ बरामदगी में सम्मिलित पुलिस टीम में उ0नि0 हरिकेश राम आजाद, प्रभारी चौकी कस्बा दुद्धी,उ0नि0 जयशंकर राय, प्रभारी चैकी अमवार,उ0नि0 श्यामजी सिंह यादव, थाना दुद्धी,हे0का0 सर्वेश कुमार सिंह, हे0का0 मो0 खालिद खान, हे0का0 लक्ष्मण शंकर यादव, का0 आनंद कुमार यादव थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र शामिल रहे।

## दोषी विशाल को 3 वर्ष की कैद

सोनभद्र।7 वर्ष पूर्व 15 वर्षीय नाबालिग लड़की के अपहरण के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने सोमवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी विशाल सोनकर को 3 वर्ष का साधारण कारावास की सजा सुनाई। उसके ऊपर 30 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर दो माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 20 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र निवासी पीड़िता की माँ ने 24 सितंबर 2018 को पुलिस अधीक्षक सोनभद्र को दी शिकायती प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया था कि 11 सितंबर 2018 को सायं 4:30 बजे विशाल सोनकर पुत्र दिलीप सोनकर निवासी पुसौली, थाना रॉबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र अपने 3-4 साथियों को लेकर आया और उसकी 15 वर्षीय नाबालिग लड़की को जबरन उठा ले गया। इसकी सूचना उसके पति ने रॉबर्ट्सगंज कोतवाली में दिया तो पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं किया। 12 सितंबर 2018 को सायं 7 बजे उसकी बेटी को चैकी के पास छोड़कर चले गए। पुलिस द्वारा बेटी को सुपुर्द कर दिया गया। डरी सहमी बेटी ने बताया कि उसका वीडियो क्लिप भी बना लिया है। धमकी दिया है कि ज्यादा शोर करोगी तो वीडियो वायरल कर देंगे। 20 सितंबर 2018 कोसायं 7:30 बजे से पुनः बेटी लापता है। इसकी सूचना रॉबर्ट्सगंज कोतवाली में दी तो पुलिस ने कहा कि तुम्ही अपनी बेटी को खोजो। बेटी की हर संभव जगह तलाश की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। कहीं बेटी के साथ कुछ गलत न हो जाए। जब विशाल के घर जाकर पता की तो उसके भाई ने कहा कि बेटी को भगा ले गया है। शिकायत करने पर हरिजन एक्ट में फंसा कर जेल भेजवा दिया जाएगा। इस तहरीर पर रॉबर्ट्सगंज कोतवाली पुलिस ने 27 सितंबर 2018 को एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने विशाल सोनकर के विरुद्ध कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्को को सुनने, 7 गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर अपहरण के दोषी विशाल सोनकर (28) वर्ष को 3 वर्ष का साधारण कारावास एवं 30 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर दो माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वही अर्थदंड की धनराशि में से 20 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि, सत्यप्रकाश त्रिपाठी व नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

## शादी में न हो अपशगुन , मां की लाश चार दिन के लिए दफनायी

जौनपुर। जिले में मानवीय सम्बन्धों का एक दुर्लभ प्रकरण सामने आया है, जिससे रिश्तों की असलियत को बेनकाब कर दिया। गोरखपुर की 65 वर्षीया शोभा देवी, जो जीवन के अंतिम पड़ाव में जौनपुर के एके वृद्ध आश्रम में बिता रही थीं, उन्हें मौत के बाद भी वह सम्मान नहीं मिला, जिसकी हकदार हर माँ होती है। शोभा देवी बीमारी के चलते 19 नवंबर को इस दुनिया से चली गईं। जब आश्रम प्रबंधन ने बड़े बेटे को माँ के निधन की सूचना दी तो उसने जो जवाब दिया, वह मानवता का गला घोट देने जैसा था उसने कहा कि घर में शादी है, लाश अभी भेजोगे तो अपशगुन होगा। चार दिन डीप फ्रीजर में रख दो, शादी के बाद ले जाऊंगा। एक बेटे का यह जबाब अप्रत्याशित और गैरजिम्मेदाराना था। आश्रम प्रबंधक रवि चौबे व रिश्तेदारों के प्रयास से किसी तरह शव गोरखपुर भेजा गया। लेकिन वहां भी अमानवीयता की हद पार हो गई। बड़े बेटे ने अंतिम संस्कार करने के बजाय अपनी माँ के शव को दफना दिया, और कहा कि चार दिन बाद मिट्टी से निकालकर संस्कार करेंगे।65 वर्ष की माँ, जिसने जीवन भर अपने बच्चों को सँवारा, वही बच्चे आज उसे अपशगुन मान रहे थे, और उसकी देह को मिट्टी में दफना कर यह भरोसा दिला रहे थे कि चार दिन बाद उसे फिर बाहर निकालेंगे। उसके बेटों की बेरुखी इससे भी बड़ी थी वे कभी मां का हालचाल लेने न आए, न इलाज में मदद की, और माँ की मौत पर भी उनका कलेजा नहीं पसीजा। यह घटना सिर्फ एक माँ की पीड़ा नहीं, बल्कि समाज के उस कड़वे सच को उजागर करती है जहाँ माता-पिता वृद्ध होने पर बोझ बन जाते हैं, और बेटे अपने ही जन्मदाताओं को अशुभ मानकर दर-दर भटकने को छोड़ देते हैं।

## खेलो इंडिया अस्मिता बालिका एथलेटिक्स लीग का आयोजन 28 को

आजमगढ़। खेल एवं युवा मामले भारत सरकार द्वारा भारतीय एथलेटिक्स संघ नई दिल्ली तथा आजमगढ़ एथलेटिक्स संघ के द्वारा बालिका अस्मिता एथलेटिक्स लीग का आयोजन सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम आजमगढ़ में 28 नवंबर 2025 को प्रातः 9 बजे से 14 वर्षीय व 16 वर्षीय बालिकाओं का चयन किया जाएगा। एथेलेटिक्स संघ के सचिव एसके सत्येन जी ने कहा कि अस्मिता खेल ही मेरी पहचान मंच के माध्यम से समस्त भारतवर्ष के जिलों में जिला स्तर पर खेल का आयोजन कराकर खेल खेलने के लिए प्रेरित किया जा रहा है जिससे भविष्य में होने वाली सभी अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में देश की बेटियां अपना खेल प्रदर्शन कर भारतवर्ष का परचम विश्व में फहराने का कार्य करेंगी। अस्मिता खेल ही मेरी पहचान से नई एथलीट खिलाड़ियों को खेल प्रतिभा खोज अभियान के माध्यमसे खोज कर उन्हें विश्व स्तर पर एथलीट खिलाड़ी तैयार किया जाएगा। अस्मिता खेल ही मेरी पहचान एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अंडर-14 और अंडर-16 आयु वर्ग की बालिका खिलाड़ियों के बीच विभिन्न एथलेटिक्स स्पर्धा आयोजित की जाएगी । अंडर-14 आयु वर्ग के खिलाड़ियों की जन्म तिथि 21-12-2011 से 20-12-2013 के बीच होनी चाहिये और अंडर- 16 आयु वर्ग की बालिकाओं का 21-12-2009 से 20-12-2011के बीच होना चाहिए। अधिक जानकारी के लिए मुजम्मिल खान एवं अनिल तिवारी के 9918726480/7307911885 इन नंबरों पर संपर्क करके अपना रजिस्ट्रेशन 27 नवंबर तक अवश्य करा ले।

## अलग-अलग मामलों में दो अभियुक्त गिरफ्तार

आजमगढ़। महिला थाना में पंजीकृत दुष्कर्म के मुकदमा में नामित अभियुक्त सुनील यादव पुत्र रामानन्द यादव निवासी ग्राम फुलेरा, थाना कंधरापुर, वांछित चल रहा था। अभियुक्त पर एक महिला को विवाह का झांसा देकर शोषण करने एवं विरोध करने पर मारपीट करने का आरोप था। थानाध्यक्ष महिला थाना प्रज्ञा सिंह व पुलिस टीम क्षेत्र में चेकिंग व वांछित अभियुक्तों की तलाश में थी। इसी दौरान सूचना प्राप्त हुई कि अभियुक्त सुनील यादव ग्राम फुलेरा के च्योंता मोड़ के पास मौजूद है। पुलिस टीम द्वारा तत्काल घेराबंदी कर अभियुक्त को विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया। इसी क्रम में आजमगढ़ थाना सिधारी पर नामित अभियुक्त आदर्श गुप्ता पुत्र राजेन्द्र गुप्ता निवासी ग्राम बिहरोजपुर थाना सिधारी, वर्तमान निवास रेल कॉलोनी नतुन पाड़ा पानागढ़ बाजार थाना काक्सा जिला वर्धमान पश्चिम बंगाल वांछित चल रहा था। मामले की विवेचना थाना मुबारकपुर के प्रभारी निरीक्षक शशि मौली पाण्डेय द्वारा की जा रही है। गुप्त जानकारी के आधार पर 23 नवंबर 2025 को पानागढ़ बाजार जिला वर्धमान ;पश्चिम बंगाल से अभियुक्त आदर्श गुप्ता को गिरफ्तार किया गया। वहीं थाना सिधारी पर पंजीकृत धारा 376/323/506 भादंवि एवं 67 आईटी एक्ट में नामित अभियुक्त आदर्श गुप्ता पुत्र राजेन्द्र गुप्ता निवासी ग्राम बिहरोजपुर, थाना सिधारी, (वर्तमान निवास रेल कॉलोनी, नतुन पाड़ा, पानागढ़ बाजार, थाना काक्सा, जिला वर्धमान, पश्चिम बंगाल) वांछित चल रहा था। मामले की विवेचना थाना मुबारकपुर के प्रभारी निरीक्षक शशि मौली पाण्डेय द्वारा की जा रही है। गुप्त जानकारी के आधार पर 23 नवंबर 2025 को पानागढ़ बाजार, जिला वर्धमान (पश्चिम बंगाल) से अभियुक्त आदर्श गुप्ता को गिरफ्तार किया गया।

## मेडिकल ऐंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव ने किया प्रदर्शन

जौनपुर। फेडरेशन ऑफ मेडिकल ऐंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन ऑफ इंडिया और राज्य संगठन उत्तर प्रदेश उत्तराखंड मेडिकल ऐंड सेल्स




रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन के आह्वान पर यूपीएमएसआर की जिला इकाई ने मजदूर विरोधी 4 श्रम संहिताओं को लागू करने के विरोध में एवं सेल्स प्रमोशन एम्प्लॉइ ऐक्ट को समाप्त किए जाने के विरोध में जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन करते हुए जिला अधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा ।राज्य कमेटी सदस्य अजय चैरसिया ने इन चारों श्रम कोड मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव और श्रमिकों के अधिकारों को खत्म कर दिया गया है के बारे मे विस्तार से अपने सदस्यों के बीच रखा और कहा कि सेल्स प्रमोशन एम्प्लॉइज को बंधुआ मजदूर बनाया जा रहा है। सभा की अध्यक्षता मनोज कुमार सिंह ने किया ।इस प्रोग्राम में सभी कार्यकारणी सदस्य और करीब 50 से अधिक मेंबर और सीटू के जिला सचिव किरन शंकर रघुवंशी आदि उपस्थित रहे।

## सिपाही से लूट का मुकदमा दर्ज

जौनपुर । पुलिस ने रविवार रात मड़ियाहूं बाईपास पर एक पुलिस कॉन्स्टेबल से हुई लूटपाट के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। कॉन्स्टेबल विश्वजीत राय अपने परिवार के साथ विंध्याचल से लौट रहे थे, तभी अज्ञात बदमाशों ने उनकी कार रोककर सोने की अंगूठी और 7-8 हजार रुपए लूट लिए। विश्वजीत राय वर्तमान में वाराणसी कमिश्नरेट में आरक्षी के पद पर कार्यरत हैं। वह जौनपुर जिले के भगवतीपुर, शीतला लाइन बाजार के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि वह अपने विवाह संबंधी कार्य के लिए छुट्टी पर आए थे और जनेऊ पूजा के लिए विंध्याचल गए थे। लौटते समय, मडयिाहूं के पास रात लगभग पौने आठ बजे, एक बिना नंबर वाले ट्रक ने उनकी गाडी को ओवरटेक रोक लिया। ट्रक के ड्राइवर और खलासी के हाथों में लोहे की सरिया थी। उन्होने कास्टेबिल से छीना झपटी करना शुरू कर दिया। उन्होने अन्य गाड़ियों से मदद मागने का प्रयास कियार लेकिन सफल नहीं हुए। लेकिन ट्रक चालक अपने साथियों के साथ फरार हो गया।आगे बढने पर कॉन्स्टेबल को पुलिस गश्त करती हुई जीप दिखी, जिसे उन्होंने पूरी घटना बताई। पुलिसकर्मियों ने उन्हें मड़ियाहूं कोतवाली का नंबर दिया, जहां उन्होंने सभी साक्ष्य भेजे। जौनपुर एसपी के पी. आर.ओ. को भी घटना की जानकारी दी गई। कॉन्स्टेबल के अनुसार, उनकी सगाई की अंगूठी और 7 से 8 हजार रुपए लूटे गए हैं। इस मामले में मडयिाहूं कोतवाली प्रभारी क्राइम इंस्पेक्टर इरफान अली ने बताया कि ऑनलाइन शिकायत के आधार पर छीना-झपटी का मुकदमा धारा 304 (2) के तहत दर्ज किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि यह घटना 10 से 15 दिन पुरानी है और मामले की जांच की जा रही है।

संक्षेप

## योजना के लाभ का आधार बनेगी फार्मर रजिस्ट्रीः उप कृषि निदेशक

**बहराइच** । उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा ने बताया कि फार्मर आईडी बनवाने में रूचि न लेने वाले किसानों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में असुविधा होगी। जिले में कुल 05 लाख 08 हजार 600 किसानों की फार्मर आईडी बनाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके सापेक्ष 03 लाख 32 हजार 676 किसानों की फार्मर आईडी बनाई गयी है, जो कि लक्ष्य का मात्र 65.41 प्रतिशत है। श्री वर्मा ने बताया कि फार्मर आईडी न बनवाने वाले किसानों को निकट भविष्य में सरकार द्वारा किसान सम्मान निधि योजना सहित अन्य सभी विभागीय योजनाओं के लाभ से वंचित किया जा सकता है।

उप कृषि निदेशक ने जिले के कृषकों से अपील की है कि कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों, राजस्व लेखपाल से सम्पर्क कर अथवा स्वयं अपने नजदीकी जन सेवा केंद्र पर जाकर फार्मर आईडी बनवा लें।

जिससे कि उन्हें कृषि योजनाओं सहित अन्य सभी सरकारी योजनाओं ,किसान क्रेडिट कार्ड व भूमि सम्बन्धी अन्य लाभ प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। फार्मर आईडी बनवा लेने से किसानों को खाद, बीज व कृषि निवेशों में अनुदान प्राप्त करने में आसानी होगी। फार्मर आईडी किसानों की पहचान होगी। फार्मर आईडी के यूनिक कोड की मदद से कृषक सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकेंगे।

डीडी एग्री श्री वर्मा ने बताया कि फार्मर आईडी बनवाने के बाद कृषक को एक क्लिक पर ही इंटरनेट के माध्यम से सम्पूर्ण भारत में कृषक का पूरा ब्यौरा उपलब्ध हो सकेगा। जिससे किसान को कहीं भी अपने अभिलेख व कागजात साथ लेकर नहीं जाना पड़ेगा।

श्री वर्मा ने बताया कि फार्मर आईडी बनवाने वाले किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, केसीसी तथा अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ मिलता रहेगा। श्री वर्मा ने किसानों को सुझाव दिया है कि शीघ्र से शीघ्र फार्मर आईडी बनवा लें ताकि उन्हें सभी प्रकार की

# भगवान बुद्ध से जुड़े पवित्र स्थलों का सरकार कर रही विकासः केशव मौर्या

जिला संवाददाता

**कसया, कुशीनगर**। भगवान बुद्ध के दर्शन कर जीवन सार्थक हुआ। मोदी जी के निर्देश पर भगवान बुद्ध के पिपरहवा अवशेष को लेकर रूस जाने का अवसर मिला।

उक्त बातें प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने कुशीनगर में मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर में भगवान बुद्ध के दर्शन पूजन के पश्चात कही। कहा कि रूस में बड़ी संख्या में लोग भगवान बुद्ध के अवशेष को दर्शन करने को आए। भगवान बुद्ध से जुड़े सबसे अधिक स्थान उत्तर प्रदेश में हैं। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी इन पवित्र स्थलों का विकास कर रहे हैं। एक सवाल जिसमें सपा नेता रविदास मल्होत्रा के आरोप पर डिप्टी सीएम ने कहा कि सपाई मिडिया में आने के लिए इस तरह की बात बोलते हैं। सपा के तमाम बड़बोले नेता हैं।



सपा रामद्रोही पार्टी है। सपाइयों के बोलने का जवाब जनता देती है। अभी बिहार में जनता ने जवाब दिया है। बंगाल और यूपी में भी जनता जवाब देगी। घुसपैठियों का कोई भारतीय स्वागत नहीं करेगा।

राम लला के जन्मभूमि पर भव्य प्रभु श्रीराम का मंदिर बना है। प्रधानमंत्री मोदी कल धर्म ध्वजा फहराने वाले हैं। पांच सौ साल पहले आक्रमणकारी ने राममंदिर को तोड़कर ढांचा खड़ा किया था। उस ढांचे को रामभक्तों ने धराशाई किया। रामभक्तों ने राममंदिर बनाने के संकल्प लिया था जो पूरा हो गया है। श्रीराम मंदिर राष्ट्र मंदिर है, राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। विदेशी आक्रांताओं ने कई मंदिरों को तोड़ा। सोमनाथ का मंदिर भी तोड़ा लेकिन सरदार पटेल ने उसे बनवाया। सरदार पटेल अगर पहले प्रधानमंत्री होते तो अयोध्या मथुरा और काशी की समस्या समाप्त हो गई होती। पाकिस्तान के कब्जे में कश्मीर का एक हिस्सा नहीं होता। भ्रष्टाचार नहीं होता, तुष्टिकरण की राजनीति नहीं होती, परिवार वाद और भ्रष्टाचार जन्म नहीं लेता। हिंदू, सिख, बौद्ध और ईसाई के लिए कानून बना है। भारत आने पर स्वागत होगा नागरिकता भी मिलेगी। कोई मुस्लिम घुसपैठिया आकर गरीबों का हक मरेगा। सपा बसपा कांग्रेस और टीएमसी जैसे दलों को सत्ता में बैठा रहा है तो यह अब नहीं होगा। चुनाव आयोग भी एसआईआर चलाकर पवित्र महायज्ञ कर रहा है इससे मतदाता सूची का शुद्धिकरण होगा। बूथ को लूटकर कोई सत्ता नहीं प्राप्त कर पाएगा। सिंध की संस्कृति हमारे देश से मिलती है।सांस्कृतिक रूप से हम एक हैं।

## 8 गोवंशीय पशु बरामद, गो-तस्कर गिरफ्तार

देवरिया। सरकार की लाख कोशिशों के बावजूद पशु तस्करी थमने का नाम नहीं ले रहा है। पशु तस्कर रोजाना नए-नए रूप से रूट से तस्करी करने की कोशिश कर रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर द्वारा पंचरुखिया प्राथमिक विद्यालय के पास से एक पिकअप वाहन से 8 राशि (गोवंशीय) पशु बरामद करते हुए एक अभियुक्त मनीष यादव उर्फ मोनू यादव पुत्र रामप्रवेश यादव निवासी बहादुरपुर थाना खुखुन्दू को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम द्वारा बरामद गोवंशीय पशुओं व पिकअप वाहन को कब्जे में लेकर अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0स0-149/2025 धारा 3/5ए/8 उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रुरता अधिनियम का अभियोग पंजीकृत करते हुए नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।अभियुक्त मनीष यादव आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में उ.नि. सुशान्त पाठक, गणेश कुमार, सौरभ पासवान और विकास यादव शामिल हैं।

## स्टाफ की कमी से बैंक में केवाईसी बन्द केवल हो रहा लेन- देन

**भटनी(देवरिया)** ।स्थानीय नगर के नूरीगंज बाजार में स्थित सेंट्रल बैंक आफ इण्डिया शाखा खोरीलारी रामपुर में कर्मचारियों के कमी के कारण केवल दो लोग ही चला रहें है बैंक ।कर्मचारी तीन,कैशियर 6दिसम्बर तक अवकाश पर भीड के कारण दर्जनों उपभोक्ता वापस।केवाईसी कार्य 6दिसम्बर तक बन्द रहेगा ।उपभोक्ता प्रबन्धक के पास खडे रहे ।अपनी समस्या का समाधान का आग्रह करते रहे और प्रबन्धक अपनी मजबूरी बताते हुए 6दिसम्बर के बाद ही अन्य कार्य कराने को कहा ।इस संबंध में क्षेत्रीय प्रबंधक देवरिया शशिभूषण दयाल ने बताया कि मैं तो बाहर हूं कल आने के बाद बैंक की व्यवस्था में कमी को दूर कराया जायेगा।

## छेड़खानी और धमकी पर युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**भटनी(देवरिया)** । स्थानीय थाना क्षेत्र के एक युवक को छेडखानी देना महंगा पडा ।युकक पर मुकदमा दर्ज।क्षेत्र के एक गाँव के एक युवती द्वारा एक युवक पर छेडखानी की धमकी दिये जाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दे दी ।तहरीर के आधार पर एक युवक के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन कर रही है ।आरोपी युवक ग्राम बलुआअफगान के मोनीछापर निवासी एक गाँव का निवासी बताया गया है ।

## गुरु तेग बहादुर का बलिदान देश की अखंडता के लिए आज भी प्रेरकः डॉ.अक्षयवर पति

**देवरिया**। सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर में गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान दिवस समारोह का आयोजन सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर में आज गुरु तेग बहादुर शहीद दिवस श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने गुरु तेग बहादुर जी के अतुलनीय बलिदान को स्मरण किया। कार्यक्रम में जितेन्द्र मिश्रा, उमेश मिश्र, देवेंद्र कुमार तथा अक्षयबरपति त्रिपाठी ने गुरु जी की पुण्य-स्मृति में श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम के दौरान अक्षयबरपति त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को गुरु तेग बहादुर जी के प्रेरक प्रसंग सुनाए। उन्होंने बताया कि कैसे अत्याचार और अन्याय के विरुद्ध खड़े होकर गुरु जी ने धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया।कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने गुरु जी के आदर्शों को अपनाने और मानवता के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## थाई श्रद्धालुओं ने सैकड़ों लोगों को कराया भोजन



**कुशीनगर**। बुद्ध मार्ग कुशीनगर स्थित थाई क्लिनिक के सामने थाई श्रद्धालुओं ने निःशुल्क भंडारे का आयोजन कर सैकड़ों लोगों को भोजन कराया।सोमवार को आयोजित भंडारे का शुभारंभ थाई छर्मलमराज मॉनेस्ट्री के प्रमुख भंते डॉ पी सोम पोंग, उपजिलाधिकारी कसया डॉ संतराज सिंह बघेल, भंते सोन क्रान ने किया। भंते डॉ पी सोम पोंग ने कहा कि तथागत बुद्ध की करुणा, मैत्री और प्रेम की भावना ही मानवीय मूल्यों की रक्षा करती है। इसलिए हमें एक दूसरे की सहायता करनी चाहिए। एसडीएम कसया श्री सिंह ने भंडारे के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि बुद्ध के उपदेशों पर चलकर भलाई का काम हमें करना चाहिए। भंडारा संचालक थाई क्लिनिक ट्रस्ट के सदस्य रामिन सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान गाइड मनोज प्रजापति, स्माइल होली डे के अमित शुक्ला, अंबिकेश त्रिपाठी, विवेक कुमार वर्मा, ओमप्रकाश कुशवाहा, सूरज यादव, गौतम शर्मा आदि ने आगंतुकों को भोजन परोसा।

## उप मुख्यमंत्री और प्रभारी मंत्री ने बुद्ध का किया दर्शन, चढ़ाया चीवर

**कसया, कुशीनगर**।प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और जिले के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह सोमवार को कुशीनगर एयरपोर्ट पहुंचे जहां जन प्रतिनिधियों और अधिकारियों ने उनका बुके देकर स्वागत किया।

इसके पश्चात श्री मौर्या और श्री सिंह बुद्ध स्थली कुशीनगर पहुंचे और मुख्य महा परिनिर्वाण मंदिर में भगवान बुद्ध की शयन मुद्रा प्रतिमा का दर्शन, पूजन कर चीवर चढ़ाया। कुशीनगर के महत्व और विकास को लेकर

**● भिक्षु संघ के अध्यक्ष दिवंगत भदंत ज्ञानेश्वर को दी श्रद्धांजलि**

अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों से वार्ता की। इसके बाद वह बर्मी मंदिर में जाकर भिक्षु संघ के अध्यक्ष रहे। दिवंगत भदंत ज्ञानेश्वर की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इसके पश्चात वह थाई मंदिर पहुंचे जहां भंते डॉ पी सोम पोंग के निर्देशन में धम्म पाठ के बीच विशेष पूजन अर्चन किया। यहां प्रमुख भिक्षु डॉ सोम पोंग ने



बुद्ध की प्रतिमा देकर उप मुख्यमंत्री और प्रभारी मंत्री का किया। इससे पूर्व एयरपोर्ट पर सांसद विजय कुमार दूबे, पूर्व केंद्रीय मंत्री आरपीएन सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, विधायक पीएन पाठक, विधायक मोहन वर्मा, विधायक विवेकानंद पांडेय, विधायक सुरेंद्र कुशवाहा, विधायक मनीष जायसवाल, विधायक डॉ असीम राय, पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री राजेश्वर सिंह, नपा अध्यक्ष कुशीनगर किरन जायसवाल, अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जयसवाल, ओम प्रकाश जायसवाल आदि नेताओं ने बुके देकर स्वागत किया। इसी क्रम में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर, एसपी केशव कुमार, उपजिलाधिकारी डॉ संतराज सिंह बघेल आदि ने भी स्वागत किया। इस दौरान भंते महेंद्र, भंते अशोक, भंते उपाली, मंडल अध्यक्ष आद्या पांडेय, किरन सिंह, गोपाल जी राय, बालिस्टर भारती, शैलेन्द्र सिंह, पुनीत पांडेय, अंबिकेश त्रिपाठी, ओमप्रकाश कुशवाहा, विवेक गोंड, सूरज यादव, गौतम शर्मा सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## महान बॉलीवुड अभिनेता धर्मेंद्र के निधन पर जताया शोक, दी श्रद्धांजलि

**देवरिया**। कला एवं कलाकारों की संस्था कलाकार वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यालय पर महान बॉलीवुड अभिनेता धर्मेंद्र के निधन पर दुख जताया गया और भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान संस्था अध्यक्ष कुमार जितेंद्र ने कहा कि 1935 में लुधियाना जिले के गांव नसराली में जन्मे धर्मेंद्र ने 337 फिल्मों में अपनी जबरदस्त भूमिकाओं को साकार किया। पद्म भूषण से सम्मानित धर्मेंद्र को दो फिल्म फेयर अवार्ड एवं एक राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला। फिल्म निमार्ता के रूप में फिल्म घायल के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किया। धर्मेंद्र ने सांसद के रूप में भी अपनी सेवाएं दी। विश्व के सबसे स्मार्ट पुरुष के रूप में इन्हें 1970 में चुना गया। 50 से ज्यादा अवार्ड पा चुके धर्मेंद्र की कुछ चर्चित फिल्म आंखें, दिल ही तेरा हम भी तेरे, फूल और पत्थर, आई मिलन की बेला, आए दिन बहार के, काजल, हकीकत, राजा रानी, धर्मवीर जुगनू, शोले आदि है। आम लोगों के इस महान सुपरस्टार के निधन से बॉलीवुड सुना हो गया है। अंत में 2 मिनट का मौन रहकर मृत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। श्रद्धांजलि देने वालों में डॉ रजनी श्रीवास्तव, डॉक्टर धनंजय पांडेय, केके जायसवाल, जमशेद अनवर, मनोज श्रीवास्तव, सुनील, नितेंद्र सोनू, नितिन एवं मनीष मिश्रा आदि प्रमुख हैं।

## पराली जलाने वालों पर हुई कार्रवाई

**कुशीनगर**। उप कृषि निदेशक ने बताया की जनपद में पराली जलाने की घटनाओं में निरंतर वृद्धि को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने कौर कदम उठते हुए किसानों पर जुमार्ना अधिरोपित करने की यही कार्यवाही की है। जनपद में अब तक परली जलने की 92 घटनाएं रिपोर्ट में आई है जिस पर गंभीर होकर हाटा तहसील द्वारा 7 किरणों पर 17500.00 नियमानुसार जुमार्ना अधिरोपित करने के कार्यवाही की गई है। जिलाधिकारी द्वारा राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को पराली जलाने की घटना के संबंध में कार्यवाही करने में शिथिलता न बरतने के निर्देश दिए गए हैं। बिना स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम या पराली प्रबंधन के यंत्र के साथ धान कटाई कर रहे कंबादन हार्वेस्टरों को तत्काल सीज करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने किसानों से उनतशील कृषि यंत्रों जैसे मल्चर, रोटरी स्लैशर, स्ट्रा रीपर एवं पैडी स्ट्रा चाळेपर आदि का प्रयोग करते हुए पराली का उपयोग खेत में ही करने का अनुरोध किया जिससे वह किसी भी प्रकार की कानूनी कार्यवाही से बच सकें। जिन गांवों में एक से अधिक घटनाएं प्रकाश में आई है उनके प्रधानों को भी कठोर निर्देश जारी किए गए हैं कि वह अपने क्षेत्र में पराली जलने की घटनाओं पर अंकुश लगाना सुनिश्चित करें। कृषि विभाग द्वारा पराली प्रबंधन हेतु बायो डी कंपोजर की व्यवस्था की गई है जिसका वितरण राजकीय बीज भंडारों के माध्यम से किसानों के मध्य निःशुल्क कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त गांव में डुग्गी-मुनादी एवं प्रचार वाहनों के माध्यम से पराली ना जलाने की अपील की जा रही है। उप कृषि निदेशक आशीष कुमार द्वारा किसानों से अनुरोध किया गया है कि वह गेहूं की बुवाई सीधे सुपरसीडर के माध्यम से करें एवं पराली को खेत में ही दबा कर खाद बनाने का कार्य करें एवं किसी भी दिशा में पराली को ना जलाएं। उन्होंने किसानों से पराली को समीप की निराश्रित गौशाला में दान करते हुए किसानों को पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देने की अपील की।

## शिवा की मदद के लिए डीएम से मिला प्रतिनिधि मंडल

**बरहज, देवरिया** । दिल्ली के लाल किले के पास हुए आतंकी बम विस्फोट में बुरी तरह घायल हुए जिले के नगर पंचायत भलुअनी निवासी युवा व्यापारी एवं ₹यूथ ब्रिगेड₹ के रक्तवीर सदस्य शिवा जायसवाल के इलाज हेतु मदद के लिए सोमवार को भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुबोध जायसवाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी कार्यालय में संबंधित अधिकारी से मिलकर मांगपत्र सौंपकर मदद की मांग की ।

शिवा की मदद के संदर्भ में सुबोध जायसवाल ने एसडीएम बरहज विपिन द्विवेदी एवं जिलाधिकारी दिव्या मित्तल से वार्ता की थी। जिस पर जिलाधिकारी ने सोमवार को शिवा के परिवार को मिलने के लिए बुलाया था ।शिवा की कैंसर पीड़ित मां माया जायसवाल, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष व यूथ ब्रिगेड के संस्थापक सन्तोष मद्धेशिया

**● दिल्ली बम ब्लास्ट में गंभीर रूप से घायल है शिवा जायसवाल**

वैश्य, मनोज मद्धेशिया जिलाधिकारी से मिलने पहुंचे । मांगपत्र सौंपते हुए जिला संयोजक सुबोध जायसवाल ने जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में मौजूद एसडीएम नम्रता सिंह को शिवा की गंभीर चोट के साथ वर्तमान स्थिति से अवगत कराते हुए इलाज हेतु शासन द्वारा मदद की मांग की ।अधिकारियों द्वारा मांगपत्र का अवलोकन कर शीघ्र मदद का आश्वासन दिया गया ।सुबोध जायसवाल ने मां व बेटे के इलाज सहित परिवार के एकमात्र कमाऊं सदस्य के रूप में घर को संभालने वाले शिवा जायसवाल के घायल होने से विपत्ति का सामना कर रहे इस परिवार की समस्या से अवगत कराते हुए शासन से मदद की मांग की है ।इस दौरान ऋषिकेश एवं श्याम रंजन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।

## ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बुलेट सवार की मौत

अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र निवासी एक युवक की ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से टक्कर के चलते मौत हो गई।

## आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनेंगे आज से 25 दिसम्बर तक



**बांदा**। कलेक्ट्रेट सभागार में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाये जाने को लेकर बैठक हुई। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि 70 वर्ष आयु के छूटे हुए लोगों तथा अन्त्योदय कार्ड धारक जिनके यूनिट 6 हों व अन्य लाभार्थियों के प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजन के तहत एक माह का विशेष अभियान चलाकर 25 नवम्बर से 25 दिसम्बर तक बनाये जायेंगे। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि माइक्रोप्लान के तहत गोल्डन कार्ड बनाने का कार्य करें। उन्होंने बताया कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कार्ड बनाने के लिए कैम्प लगाये जायेंगे। उन्होंने अस्पताल के पंजीकरण काउन्टरों में भी गोल्डन कार्ड बनाये जाने की सूचना का प्रचार-प्रसार कर लोगों को अवगत कराने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि जिन श्रमिक लाभार्थियों के ई-श्रमिक कार्ड बने हुए हैं उनके भी आयुष्मान कार्ड बनाये जायेंगे। उन्होंने बताया कि आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के कार्य में ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम प्रधान एवं राशन कोटेदार, एडीओ पंचायत तथा शहरी क्षेत्र में आशा वार्ड सदस्य, राशन कोटेदार के सहयोग से अभियान के तहत अवशेष पात्र लोगों के गोल्डन कार्ड बनाये जायेंगे। इस योजना के तहत 5 लाख रुपए तक की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा दी जाती है। बैठक में परियोजना निदेशक अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षधिकारी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# दुर्व्यवस्थाओं के बीच आयोजित प्रेसवार्ता में डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने सपा मुखिया पर बोला हमला

**कुशीनगर**। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का प्रेसवार्ता दुर्व्यवस्था की भेट चढ गयी। इसके जिम्मेदार कौन है और किसकी जबावदेही है, यह न सिर्फ यक्ष प्रश्न है बल्कि जांच का विषय है लेकिन इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि आज से पहले प्रेसवार्ता का इस तरह से मजाक नही उडाया गया। हुआ यह कि डिप्टी सीएम सोमवार को कुशीनगर जिले थे। प्रोटोकॉल के मुताबिक कुशीनगर स्थित तथागत बुद्ध के दर्शन, अधिकारियों की समीक्षा बैठक के साथ साथ पत्रकारों से रुबरु होकर प्रेसवार्ता करना था। बताया जाता है कि तकरीबन साढे ग्यारह बजे



साथ बैठक करने के पश्चात निमार्णाधीन कारागार का निरीक्षण किया। इसके बाद जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार मे जिले के अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा करते पार्टी कार्यकताओं

**समीक्षा बैठक मे कार्यकर्त्ता को डिप्टी सीएम समझकर बातो को गंभीरता से लेने का अधिकारियों को दिया निर्देश**

अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर डिप्टी सीएम का प्लेन लैंड किया ।यहा प्रशासन व पार्टी नेताओं ने स्वागत की औपचारिकता को पूरा किया।

इसके बाद डिप्टी सीएम सडक मार्ग से होते हुए कुशीनगर स्थित बौद्धमठ पहुंचे और तथागत बुद्ध का दर्शन कर कर पूजा-अर्चना की। तत्पश्चात सड़क मार्ग से होते हुए सीधे रवीन्द्रनगर स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे जहा कोर कमेटी, पार्टी पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के

को डिप्टी सीएम समझते उनकी बातों को गंभीरता से लेने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। समीक्षा बैठक खत्म होते ही जैसे ही पत्रकार सभागार मे पहुचे तो वहां का नजारा विचित्र था डिप्टी सीएम के सामने इलेक्ट्रॉनिक के साथी माइक लगाये हुए थे और डिप्टी सीएम पत्रकारों को संबोधित करते हुए सरकार की उपलब्धियां गिना रहे थे। यहा दुर्व्यवस्था का आलम यह था कि चारो तरफ से घिरे डिप्टी सीएम के साथ कौन कौन से नेता मौजूद रहे खाली कुर्सी पर बैठे पत्रकार न तो उनको देख पाये और न ही प्रेसवार्ता मे आमंत्रित सिस्टमेटिक तरीके से सभागार के खाली कुर्सी पर बैठे पत्रकारों से डिप्टी सीएम रुबरु हुए। दुर्व्यवस्था के बीच लगभग सात मिनट तक चले डिप्टी सीएम की प्रेसवार्ता मे दुर्व्यवस्था को लेकर खूब कानाफूसी हुई।पत्रकार ने कहा कि यह प्रेसवार्ता नही बल्कि डिप्टी सीएम का "मन की बात" थी

### बौखला गई है अखिलेश एंड कम्पनीः मौर्य

दुर्व्यवस्थाओ के बीच संपन्न हुई कथित प्रेसवार्ता में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि बिहार में एनडीए का प्रचंड बहुमत देखकर अखिलेश एंड कम्पनी बौखला गयी है। उन्होने कहा कि रामभक्तों पर गोली चलाने वाले ज्ञान न दे। उप मुख्यमंत्री बताया कि समीक्षा बैठक में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की प्रगति पर विशेष जोर देते अधिकारियों को निर्देश दिया है कि ॡपात्र कोई भी नागरिक सूची से छूटने नहीं पाए, और अपात्र एंव घुसपैठिये किसी भी हाल में सूची में शामिल न हों।

इसके अलावा शासन द्वारा संचालित सभी कल्याणकारी योजनाओं को बिना किसी देरी के लाभार्थियों तक पहुंचाने, ॡहर घर जल नल योजनाॡ को गति देने तथा अवैध कब्जों पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने का तल्ख निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि तालाब, पोखरे, खलिहान और बंजर भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ॡ शिकायत मिलते ही बिना देरी के प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

## बीएलओ व सुपरवाइजर के कार्यो की निगरानी करेंगे जिला स्तरीय अधिकारी

चित्र संख्या 01 व 02 तथा फोटो कैपशन।

बहराइच 24 नवम्बर। भारत निर्वाचन आयोग के निदेशांनुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत आयोग द्वारा निर्धारित समयसारिणी के अनुसार 04 दिसम्बर 2025 बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का मतदाताओं को वितरण किये जाने तथा भरे हुए प्रपत्रों को प्राप्त कर समय से डिजिटाइजेशन का कार्य सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिला स्तरीय अधिकारियों को पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अन्तर्गत बूथ लेबिल अधिकारी के स्तर पर की जा रही कार्यवाही की सत्त निगरानी हेतु एक जिला स्तरीय अधिकारी को 20-20 बूथ की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

एस.आई.आर. की निगरानी हेतु नामित किये गये अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि प्रत्येक सुपरवाईजर के अधीन लगभग 10 बी.एल.ओ. कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक जिला स्तरीय अधिकारियों को 02 सुपरवाईजर्स जिसके अधीन लगभग 20 बीएलओ आते हैं की निगरानी का टास्क सौंपा जा रहा है। डीएम ने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी अर्ह युवाओं का नाम मतदाता सूची में शामिल हो और कोई भी अनर्ह व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न होने पाए। डीएम ने कहा कि एस.आई.आर. लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सुदृढ़ करने का हिस्सा है।

डीएम ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए नामित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। डीएम ने कहा कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक मतदाता तक गणना प्रपत्र समयबद्ध रूप से पहुंचे तथा भरे हुए प्रपत्र प्राप्त भी किये जायें। उन्होंने नामित अधिकारियों को निर्देश दिया कि क्षेत्र का भ्रमण करें तथा नियमित रूप से सुपरवाईजर व बीएलओ के साथ सम्पर्क में रहकर डे-बाई-डे की प्रगति लेते रहें। यदि कहीं पर सुपरवाइजर व बीएलओ के स्तर पर कोई समस्या आ रही है तो उसका भी समाधान करायेंगे। डीएम ने कहा कि निर्वाचन जैसे कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सभी अधिकारी को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण को शीर्ष प्राथमिकता पर सौंपे गये उत्तरदायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, डीडीओ राज कुमार दआदि उपस्थित रहे।

## महिला से छिनैती करने वाला शातिर गिरफ्तार, माल बरामद

देवरिया। कोतवाली पुलिस ने छिनैती से सम्बन्धित एक अभियोग का सफल अनावरण करते हुए एक अभियुक्त को माल समेत गिरफ्तार किया है। एसपी अपराध एवं अपराधियों पर नियत्रंण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर संजय कुमार रेड्डी के कुशल पर्यवेक्षण में कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मालगोदाम के पास से एक अभियुक्त दीपक उर्फ सिकरम डोम पुत्र स्व. सुरेन्द्र निवासी काशीराम आवास मेहड़ा पुरवा थाना कोतवाली जनपद देवरिया को गिरफ्तार किया। साथ ही जिसके पास छीनी गयी एक जोड़ी बाली पीली धातु, 3 मंगलसूत्र पीली धातु तथा 2000 हजार रुपए बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ के क्रम में बताया गया कि 22 नवंबर की सुबह में मेरे द्वारा अपने साले मिथुन पुत्र जोगेन्दर निवासी लाल डिग्गी थाना राजघाट जनपद गोरखपुर व साले का दोस्त सोनी पुत्र अज्ञात के साथ मिलकर दो महिलाओं का रेलवे स्टेशन से पीछा करते हुए गोरखुपर ओवरब्रीज से पहले ही उनके पहने गहने व एक बैग झपट्टा मारकर छीन लिया गया था। जिसके सम्बन्ध में पुलिस टीम द्वारा जांच से पाया गया कि उक्त के सम्बन्ध में 22 नवंबर को थाना स्थानीय पर वादिनी श्रीमती संगीता देवी पत्नी सुदर्शन निवासिनी ग्राम जुड़पनिया मदरहवा सिरसिया जनपद श्रावस्ती ने तहरीर पर मु0अ0सं0 1091/25 धारा 304(4) का अभियोग पंजीकृत करते हुए विवेचना की जा रही है ।पुलिस टीम द्वारा बरामद माल को कब्जे में लेकर अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए उपरोक्त मुकदमें धारा 317 की बढ़ोत्तरी करते हुए वांछित दोनों अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमें लगी हैं। शीघ्र ही गिरफ्तारी कर ली जाएगी। इस प्रकार अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी से थाना कोतवाली पर पंजीकृत मु0अ0सं0 1091/25 धारा 304(4) का सफल अनावरण भी किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ.नि. संजय कुमार पाल और विमलेन्द्र कुमार शामिल रहे।

## दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करेंगे 400 नव विवाहित जोड़े

**बहराइच** । मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि 26 नवम्बर 2025 को विकास खण्ड तेजवापुर अन्तर्गत रामलीला मैदान में ॡमुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनाअन्तर्गत आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मा. जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में 400 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न होगा।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण व जिला विकास अधिकारी को ओवरआल प्रभारी नामित किया गया है।

संक्षेप

## छः दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा शिविर

सीतापुर। सकल दिगंबर जैन समाज के द्वारा शहर के प्रेम नगर स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन सभागार में छ दिवसीय 25 नवंबर से 30 नवंबर तक प्राकृतिक चिकित्सा शिविर आयोजित कर रहा है। शिविर प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति पर आधारित है। शिविर में एक्यूप्रेशर वाइब्रेशन एवं कपिंग थेरेपी का का इस्तेमाल करके पुराने सरदर्द, कमर का दर्द, जोड़ों का दर्द, शुगर, साइटिका, घुटने का दर्द, लकवा मानसिक रोग, हाथ पैरों में थकान, ब्लड प्रेशर इत्यादि का इलाज बिना किसी औषधि के प्रभावी ढंग से किया जाएगा। यह शिविर सभी वर्ग व उम्र के लिए है। समाजसेवी सरिता जैन ने सभी जन मानस से अनुरोध किया है कि शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य संबंधित सभी जानकारी के और इलाज प्राप्त कर स्वास्थ्य लाभ उठाएं।

## बेनतीजा निकली वार्ता

पाटन, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के बिहारमौरावां मार्ग स्थित देवारा मोड़ के पास गंगा एक्सप्रेसवे के पास साइड रोड बनाए जाने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट द्वारा 15 अक्टूबर से चल रहे धरने पर एसडीएम तथा यूपीडा के अधिकारी पहुंचे लेकिन बातचीत के बाद भी मामला नहीं सुलझ सका। देवारा मोड पर चल रहा भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट का धरना 40 वें दिन भी जारी रहा। सोमवार को एस डी एम रणवीर सिंह, यू पी डा सहायक प्रबंधक शरद मोहन मल्ल, मैनेजर ए ई ए के सिंह ने भारतीय किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष मुन्ना सिंह व मीडिया प्रभारी अजय बाजपेई के साथ बिहार थाना परिसर में बैठक की। एस डी एम ने धरना समाप्त करने की बात कही लेकिन यूनियन के पदाधिकारी ने धरना समाप्त करने से इनकार कर दिया और कहा कि जब तक मांग पूरी नहीं होगी तब तक धरना चलता रहेगा। यू पी डा के दोनों अधिकारियों ने किसान नेताओं को बताया कि किसानों,ग्रामीणों की समस्या से संबंधित फाइल उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है अभी तक संस्तुति नहीं मिल सकी है। संस्तुति का निर्देश मिलने के बाद कार्य पूर्ण कराया जाएगा। बैठक में थाना प्रभारी राहुल सिंह गौर व अन्य लोग रहे। बैठक के बाद जिला उपाध्यक्ष मुन्ना सिंह ने बताया कि अधिकारियों से हुई बातचीत का कोई नतीजा नहीं निकल सका। यूनियन का धरना प्रदर्शन चलता रहेगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की है।

## मतदाताओं को दी जानकारी

उन्नाव। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुशील कुमार गोंड़ ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के संबंध में मतदाताओं में व्याप्त भ्रांतियों व गलत खबरों के संबंध में खंडन करते हुए बताया कि विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण के सम्बन्ध में संज्ञान में आया है कि मतदाताओं से उनका ऑनलाईन फार्म भरने हेतु बीएलओ के नाम से ओटीपी मांगा जा रहा है। बताया कि यह खबर पूरी तरह से गलत है कोई भी मांग नहीं कर रहा है किसी मतदाता द्वारा ऑनलाइन फॉर्म भरते समय अपने मोबाइल में आए हुए ओटीपी को शेयर ना करें स्वयं ओटीपी फॉर्म में भरें। कहा कि भारत निर्वाचन आयोग या कोई भी सरकारी विभाग, बैंक या अधिकृत संस्था ओटीपी नहीं माँगती। यह केवल आपके खाते की सुरक्षा के लिए होता है। साझा करने से आपके खाते से धोखाधड़ी हो सकती है। बताया किनागरिकों से अनुरोध है कि ऐसे कॉल मैसेज पर भरोसा न करें।यदि ऐसा कोई प्रयास करता है तो तुरंत अपने बीएलओ से सम्पर्क कर साइबर हेल्पलाइन या नजदीकी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करें। यह भी बताया कि यदि किसी मतदाता को गणना प्रपत्र मुद्रित होकर बीएलओ के द्वारा प्राप्त नहीं हुआ है और बीएलओ द्वारा यह बताया जा रहा है कि उसका नाम मतदाता सूची में नहीं है तो ऐसे मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए आलेख सूची के प्रकाशन दिनांक 09दिसंबर के पश्चात निर्धारित प्रारूप 6 में घोषणा पत्र निर्धारित अभिलेख के साथ आवेदन कर सकते है। बताया किजिन मतदाताओं के नाम तथा उससे सम्बन्धित प्रविष्टियों में त्रुटि है, ऐसे मतदाता फार्म- भर कर अपने नाम से संबंधित प्रविष्टियों को शुद्ध करा सकते।

# कार्यों को समयावधि में पूरा करायें: जिलाधिकारी



सेउता (सीतापुर)। रविवार को जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने अज्जेपुर झील पहुंचकर पर्यटन विभाग द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने कार्यों की गुणवत्ता पर असंतोष जताते हुए कहा कि पर्यटन विभाग द्वारा मानकों के अनुरूप कार्य नहीं कराए जा रहे हैं। साथ ही सितंबर 2025 तक निर्धारित कार्य पूर्ण न होने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। डीएम ने संबंधित अधिकारी को स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि जनवरी 2026 तक सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण नहीं किए गए, तो अक्टूबर 2025 से प्रतिमाह दो प्रतिशत की कटौती की जाएगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी प्रवीण जीत, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, सहायक विकास अधिकारी सहकारिता सत्येंद्र त्रिपाठी, ग्राम पंचायत अधिकारी मुकेशनाथ त्रिवेदी, अवनीश शुक्ला, अवर अभियंता रूबी वर्मा तथा प्रधान सत्येंद्र मिश्रा सहित कई लोग मौजूद रहे। अज्जेपुर झील का निरीक्षण पूरा करने के बाद जिलाधिकारी चहलारी पुल पहुंचे और स्थितियों की जानकारी ली। इसके बाद वह सीतापुर के लिए रवाना हो गए।

## स्टांप शुल्क बढ़ाने के विरोध में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बिसवां नगर (सीतापुर)। जिलाधिकारी सीतापुर द्वारा जमीनों के मूल्यांकन सूची में बड़े पैमाने पर किए गए बदलाव और किसानों द्वारा क्रय विक्रय की जाने वाली जमीनों पर स्टांप शुल्क बढ़ाए जाने के विरोध में बिसवां बार एसोसिएशन ने कड़ा रुख अपनाया है।

सोमवार को बार संघ अध्यक्ष एडवोकेट दिनेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी बिसवां शिखा शुक्ला को सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से अधिवक्ताओं ने जमीनों पर बढ़ाए गए स्टांप शुल्क को कम करने की प्रमुख मांग उठाई है। बार एसोसिएशन ने कहा कि बिसवां तहसील का अधिकांश हिस्सा गांजरी क्षेत्र में आता है। जो प्रत्येक वर्ष बाढ़ से प्रभावित रहता है। यहां के किसान पूरी तरह कृषि पर निर्भर हैं और समय-समय पर अपने जीवनयापन के लिए उन्हें जमीनों का क्रय-विक्रय करना पड़ता है।



अधिवक्ताओं ने चेताया कि स्टांप शुल्क में की गई भारी वृद्धि से किसानों के सामने गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। बढ़े हुए शुल्क की वजह से किसान अपनी भूमि का क्रय-विक्रय और नामांकन कराने में सक्षम नहीं हो पाएंगे। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और अधिक कमजोर हो जाएगी। बिसवां बार एसोसिएशन बिसवां ने जिलाधिकारी से मांग की है कि किसानों की स्थिति को देखते हुए स्टांप शुल्क में तत्काल कमी की जाए। उपजिलाधिकारी बिसवां को ज्ञापन देने वालों में वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रजेश गुप्ता, आर एन सिंह, राज किशोर यादव, अशोक वर्मा, पुत्ती लाल वर्मा, सूर्य प्रसाद यादव, नीरज कुमार श्रीवास्तव, इंतिखाब आलम सिद्दीकी, संतोष कठेरिया, मनोज गुप्ता, अरुण श्रीवास्तव, अनमोल मौर्या, इंद्रपाल वर्मा, जितेन्द्र मिश्रा, विपिन कुमार यादव, राम किशोर वर्मा, अश्विनी श्रीवास्तव, शिशुपाल यादव, प्रमोद यादव,सत्यम त्रिवेद्वी, प्रदीप कुमार गौतम, सुनील वर्मा, आनन्द मिश्रा, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, रेनू राजपूत, कीर्ति शुक्ला सहित सभी अधिवक्ता गण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## सरकारी जमीन पर लगे 4 जामुन के पेड़ों पर दबंगों ने चलाया आरा



बिसवां नगर (सीतापुर)। कोतवाली बिसवां अंतर्गत ग्राम पंचायत कंकरकुई के मजरा सहदेवा में विगत रात्रि गांव निवासी मजनू पुत्र बकरीदी ने दबंगई के बल पर धार्मिक स्थल पर लगे चार विशालकाय जामुन के पेड़ों को काट डाला। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से की। जहां घटना स्थल पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल ने पूरे सेक्टर की जाँच कर बताया कि काटे गए पेड़ों की जगह सरकारी है और पेड़ भी प्रतिबंधित प्रजाति के हैं रिपोर्ट भेज दी गई है। आगे विभागीय कार्यवाही की जाएगी। क्षेत्रीय वन कर्मी अभय सिंह ने बताया कि पेड़ काटे जाने सम्बन्धी जानकारी प्राप्त हुई है। क्षेत्राधिकारी को अवगत करा दिया गया है। दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। ग्रामीणों नवल वर्मा, शिवराम, रामकुमार भार्गव, मो. कल्लू, रामशंकर वर्मा, प्रमोद वर्मा, रामू गुप्ता, रामखेलावन, संजय भार्गव ने बताया मामला हम लोगों की आस्था से जुड़ा है। अगर प्रशासन ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही नहीं की तो हमलोग प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करने को बाध्य हो जाएंगे।

## दिल्ली के 70 अधिकारियों का दल पहुंचा सिधौली

सिधौली (सीतापुर)। गृह मंत्रालय, दिल्ली के राज्य ग्राम विकास संस्थान में असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर के पद पर तैनाती पाए 70 अधिकारियों का एक प्रशिक्षण दल सोमवार को सिधौली पहुंचा। दल ने कोतवाली सिधौली,




उपजिलाधिकारी कार्यालय, तहसीलदार कार्यालय, नायब तहसीलदार कार्यालय एवं अभिलेखागार का भ्रमण कर स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली को बारीकी से समझा। प्रशिक्षण दल का नेतृत्व असिस्टेंट डायरेक्टर राजकिशोर तथा फैकल्टी मेंबर मोहित यादव कर रहे थे। राज्य ग्राम विकास संस्थान के अधिकारी उत्कर्ष गुप्ता ने बताया कि अधिकारियों को कानून-व्यवस्था, राजस्व कार्य, अभिलेख प्रबंधन, न्यायालयीन प्रक्रिया और दस्तावेजों के संरक्षण व रखरखाव के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि यह दल पद पर 2024 में चयनित बैच का है। जिसे प्रशिक्षण के तहत विभिन्न जनपदों में भेजा जा रहा है। ताकि फील्ड लेवल पर शासन-प्रशासन की वास्तविक कार्यशैली को समझकर अधिकारी भविष्य में अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें। तहसीलदार मुकेश कुमार शर्मा ने सभी को विभिन्न प्रकार की जानकारी दी। भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने मुकदमों की सुनवाई प्रक्रिया, राजस्व अभिलेखों के संधारण, नागरिक सेवाओं के निस्तारण सहित शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की भी जानकारी प्राप्त की। बताया जा रहा है कि अधिकारियों का यह अध्ययन दौरा आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रम का हिस्सा है। जिसमें जिले के विभिन्न विभागों के कार्यों का व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया जाता है।

## हम सिर्फ अपने हिस्से का हक मांग रहे हैं पंक्तियों के साथ गूंजा कवि सम्मेलन




जिला संवाददाता(vol)

हरगांव (सीतापुर)। आदर्श नगर पंचायत हरगांव के प्राचीन सूर्यकुंड तीर्थ पर विराजमान भगवान गौरी शंकर भोलेनाथ के सानिध्य में चल रहे मेला महोत्सव में सजे रंगमंच पर बड़ी धूमधाम से कवि सम्मेलन सम्पन्न हुआ। कार्तिक पूर्णिमा मेले में शुक्रवार देर शाम आयोजित हुए भव्य कवि सम्मेलन ने पूरे मेले के माहौल को साहित्यिक रंगों से सराबोर कर दिया। सामुदायिक मंच पर हुए इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्य कार एवं नगर पंचायत हरगांव के पूर्व उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी ने की।

कवि सम्मेलन के शुरूआत होने से पहले अवध शुगर एण्ड एनर्जी लि०, के अधिशाषी अध्यक्ष ए.के. दीक्षित अधिशाषी उपाध्यक्ष विवेक तिवारी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर मंच कवियों के सुपुर्द किया। इसके बाद नगर पंचायत के अध्यक्ष ने दोनों अतिथियों का स्वागत शाल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह देकर किया। मां सरस्वती का माल्यार्पण करने की श्रृंखला में पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रेम सुंदर अवस्थी समाजसेवी पंडित चंद्रशेखर मिश्र एवं कवि सम्मेलन कार्य क्रम के सह संयोजक शान्तनु मिश्र, पत्रकार दिनेश मिश्र लालन, ऋषभ गुप्ता सहित अन्य सभी सभासदों ने किया। हरगांव के दूर-दराज जिलों से आए साहित्य प्रेमी तथा नामचीन कवियों को नगर पंचायत हरगांव के अध्यक्ष गफ्फार खां शोएब खान सभासद हारून सभासद अधिशाषी अधिकारी श्रीश मिश्र ने माल्यार्पण कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में आए सभी कवियों का स्वागत माल्यार्पण कर एवं सीतापुर से आए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विश्राम सागर राठौर भाजपा नेत्री जया सिंह विमल सिंह को शाल्यार्पण कर स्वागत चेयरमैन गफ्फार खां एवं अधिशाषी अधिकारी श्रीश मिश्र ने किया। इस अवसर पर आरंभ सेवा संस्थान के अंकित शुक्ला व अर्पित मिश्रा, सभासद शोएब खां, मो अनीस, अशोक मिश्रा कन्हैया जोशी, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विजय कुमार मिश्र मो सलीम समेत अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भारी संख्या में मौजूद दर्शक देर रात तक कविताओं का आनंद लेते रहे।

## गीता जयंती महोत्सव के पावन सत्संग में बहेगी प्रवचन गंगा



महोली (सीतापुर)। नगर के कठिना तट पर स्थित, श्री राधा कृष्ण धाम प्रज्ञानं सत्संग आश्रम में गत वर्षों की भांति पावन सत्संग का आयोजन किया जा रहा है। हरि ओम के स्वर से गुंजित, गीता जयंती के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय संत समिति उ० प्र० के अध्यक्ष, अनंत विभूषित महामंडलेश्वर स्वामी अभयानंद सरस्वती के द्वारा, पुनीत सत्संग कार्यक्रम मंगलवार से शुरू होकर सोमवार को सम्पन्न हो रहा है। आयोजन में निर्धारित अवधि के दौरान सुबह योगदर्शन तथा दोपहर से श्रीमद्भागवत गीता प्रवचन कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। समापन दिवस पर सुबह सम्पूर्ण गीता पाठ और फलाहार भंडारे की रूपरेखा तैयार की गई है। इस पावन सत्संग कार्यक्रम में नगर की प्रज्ञान सत्संग समिति द्वारा सभी को भाव भरे आमंत्रण के साथ, इस दिव्य अवसर पर क्षेत्र के लोगों, श्रद्धालुओं से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है। वहीं अभयानंद स्वामी के परम शिष्य स्वामी अनंतानंद सरस्वती महाराज समेत अनेकानेक महापुरुषों की पावन उपस्थिति बनी रहेगी।

## अनियंत्रित पिकअप ने बाइक सवारों को मारी टक्कर

हरगांव (सीतापुर)। हरगांव थानान्तर्गत लहरपुर-लखीमपुर मार्ग पर एक तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकप ने बाइक सवार तीन लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस 108 से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लहरपुर में भर्ती कराया। जहां पर एक घायल को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शेष दोनों घायलों का इलाज चल रहा है। पिकअप चालक गाड़ी छोड़कर भाग निकला। मिली जानकारी के अनुसार हरगांव थाना क्षेत्र के अन्तर्गत रविवार को लगभग 11 बजे एक मोटरसाइकिल यू पी 31सी ए 8086 पर सवार होकर तीन युवक लहरपुर की तरफ से लखीमपुर की तरफ जा रहे थे। तभी बाइक को ग्राम सलारपुर के चैराहे के पास लखीमपुर की तरफ से लहरपुर जा रही तेज रफ्तार अनियन्त्रित पिकप गाड़ी यूपी 31एटी 1270 ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे तीनों सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों की पहचान मोहल्ला हिदायतनगर लखीमपुर निवासी 28 वर्षीय जावेद पुत्र मोइनुद्दीन, 30 वर्षीय आसिफ पुत्र सलीम व 30 वर्षीय आकिब पुत्र सलीम के रूप में हुई। सूचना पाकर तत्काल मौके पर पहुंचे कटेसर चैकी प्रभारी भारत कुमार यादव ने 108 एंबुलेंस बुलाकर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लहरपुर में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने आसिफ को मृत घोषित कर दिया। टक्कर लगने के बाद पिकअप वहीं सड़क के किनारे पलट गयी। शेष दोनों घायलों का इलाज समाचार लिखे जाने तक लहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चल रहा है। मौका पाकर पिकप चालक मौके से गाड़ी छोड़कर फरार हो गया।

## गांव में है वास्तविक लोकतंत्र: राजेंद्र

फतेहपुर। खागा नेहरू युवा संगठन टीसी के आयोजन में पंचपरमेश्वर विद्यापीठ एवं पंच परमेश्वर चेरिटेबल ट्रस्ट प्रयागराज के सहयोग से एक दिवसीय ग्रामीण नेतृत्व विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम सरस्वती विद्या मंदिर खागा फतेहपुर में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्रामीण नेतृत्व विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के राज्य स्तरीय समन्वयक अनिल उदय जी ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षित करते हुए बताया कि आज गांव में लोकतांत्रिक, सामुदायिक व आर्थिक व्यवस्था का संचालन कुछ लोगों के हाथ में जिससे व्यवस्था में भागीदारी, स्थितियों में अंतर, अधिकारों का हनन, भेद भाव, जैसी स्थिति पैदा हो गई है। आवश्यकता है ग्रामीण नेतृत्व विकसित करने की। समुदाय के अगुवा सामाजिक जिम्मेदारी की निभाते हुए समाज के सर्वांगीण विकास में अपनी भूमिका निभाए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नेहरू युवा संगठन टीसी के अध्यक्ष व बाल कल्याण समिति, फतेहपुर के चेयरपर्सन राजेंद्र प्रसाद साहू ने प्रतिभागियों बताया कि नेतृत्व के लिए समझदारी, ईमानदारी व सक्रियता अवश्य है। नेतृत्व क्या है, नेतृत्व करता के क्या गुण होना चाहिए, नेतृत्व के कौन कौन से अवसर है, पर विस्तृत चर्चा कर प्रतिभागियों की समझ विकसित किया। साथ ही सामाजिक कुरीतियों जैसे कि बाल विवाह, बाल श्रम, सरकारी योजनों की पात्र व्यक्ति तक पहुंच आदि विषयों पर प्रतिभागियों को जागरूक किया गया। ग्रामीण नेतृत्व विकसित करना समय की मांग है। पांचपरमेश्वर विद्यापीठ के यह पहल ग्रामीण विकास के प्रत्येक पहलू को मजबूत करेगा। समस्त प्रतिभागियों को लोकतांत्रिक, सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्र के आधार पर तीन ग्रुप में बांटकर उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों को सूचीबद्ध किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुधांशु द्विवेदी, अनीता वर्मा, सहित ऐरायां, धाता , विजयीपुर ब्लॉक के युवाओं ने प्रतिभाग किया।

## सड़क पर बह रहा घरों का गंदा पानी

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिहार के मजरा गनेशी खेड़ा में वजह से दर्जनों घरों का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। जिससे बिसरामऊ, जालिमगंज, कुतुबपुर, बाबू खेड़ा, उसरहा, बेहटा, सहिला, मवइया, पोखरी,बसंत खेड़ा सहित कई गांवों के नागरिकों, स्कूली बच्चों, साइकिल, मोटरसाइकिल, बैटरी रिक्शा चालकों तथा ट्रांसपोर्ट वाहनों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



त्रिवेणीकाशी इंटर कॉलेज व गिरिजा शंकर, सरला देवी स्कूल की बसों को भी रास्ते में फिसलन और जलभराव की समस्या झेलनी पड़ रही है। डामर रोड पर जमा गंदे पानी के चलते लोग गिर कर चुटहिल हो रहे है बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।ग्रामीणों ने बताया कि कई बार संबंधित अधिकारियों से मौखिक रूप से शिकायत की गई लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है जबकि की गई शिकायत पर यू उप जिला अधिकारी रनवीर सिंह क्षेत्रीय भी लेखपाल बा कानून गो को चल निकासी की व्यवस्था कराई जाने का निर्देश दिया था किंतु लगभग दोस्त मां का समय बीत गया एसडीएम के इस आदेश का अब तक अनुपालन में किए जाने से जल भराव की स्थिति पूर्व जैसी बनी हुई है और इसका शिकार हो रहे है स्थानीय लोगों ने जल्द से जल्द नाली निर्माण कराए जाने की मांग की है ताकि आवागमन सुगम हो सके और संक्रमण फैलने से बचा जा सके।

## पति की बीमारी से तंग महिला ने ट्रेन के आगे कूदकर खुदकुशी करने की कोशिश की



शुक्लागंज, उन्नाव। पति की बीमारी से परेशान एक महिला ने सोमवार को गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर आत्महत्या की कोशिश कर डाली, लेकिन समय रहते रेलवे कर्मियों की सतर्कता से उसकी जान बचा ली गई। महिला ने लगातार दो बार अलग-अलग ट्रेनों के सामने कूदने का प्रयास किया, जिससे स्टेशन पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई और कई ट्रेनें प्रभावित हुईं। घटना सोमवार दोपहर करीब 11:20 बजे की है। जानकारी के अनुसार, वंदे भारत ट्रेन डाउन लाइन से गुजर रही थी, तभी राजीवनगर रेलवे स्टेशन के नीचे रहने वाली एक महिला अचानक ट्रैक पर कूदने के इरादे से पहुंच गई। ट्रेन चालक ने महिला को ट्रैक पर देखकर तुरंत ट्रेन रोक दी और उतरकर उसे समझाया। चालक की सूझबूझ से महिला वहां से हट गई। इसके बाद चालक ने वॉकी-टॉकी के माध्यम से घटना की जानकारी स्टेशन अधीक्षक मोहम्मद शकील को दी। लेकिन ट्रेन आगे बढ़ने के कुछ ही समय बाद महिला फिर से डाउन लाइन की ओर पहुंच गई और इस बार 01079 गोरखपुर स्पेशल फेस्टिवल ट्रेन के सामने आत्महत्या का प्रयास करने लगी। ट्रेन चालक ने जैसे ही महिला राजकुमारी पत्नी भैया लाल को ट्रैक पर देखा, तुरंत ट्रेन रोकी और स्टेशन अधीक्षक को सूचना भेजी। घटना की गंभीरता को देखते हुए स्टेशन अधीक्षक ने तुरंत आरपीएफ और जीआरपी को मेमो जारी कर मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए। सूचना मिलते ही आरपीएफ और जीआरपी की टीमें गंगाघाट स्टेशन पहुंचीं और महिला को स्थिति से बाहर निकालने की कोशिश की। पूछताछ में पता चला कि महिला पति की गंभीर बीमारी और घरेलू तनाव के चलते मानसिक रूप से अत्यधिक परेशान थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला शराब के नशे में भी थी, जिससे वह बार-बार ट्रैक की ओर बढ़ रही थी। गंगाघाट पुलिस ने उसे समझाकर भरोसा दिलाया कि उसके पति के इलाज के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था कराई जाएगी। पुलिस टीम ने महिला को शांत कराया और आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे उसके घर भेज दिया। इस घटना के कारण वंदे भारत समेत कई एक्सप्रेस ट्रेनें कुछ समय तक गंगाघाट स्टेशन पर रोककर चलाई गईं। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि महिला की हरकत के कारण ट्रेन संचालन प्रभावित हुआ और यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा। वहीं गंगाघाट पुलिस ने 108 एंबुलेंस से महिला के पति को इलाज के लिए उन्नाव जिला अस्पताल भेजा।

## दुर्घटनाओं को रोकने और जागरूकता बढ़ाने का को चलाया अभियान

फतेहपुर । नवंबर माह यातायात जागरूकता अभियान में पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी यातायात बृजमोहन राय के कुशल पर्यवेक्षण में सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने



के लिए प्रभावी कदम उठाए गए। यातायात प्रभारी लाल सविता और टीम द्वारा दोपहिया वाहनों, बिना फिटनेस और बिना नम्बर प्लेट वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। साथ ही नाबालिकों द्वारा ई-रिक्शा चलाने पर रोक लगाई गई और हाईवे पर अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटाने का काम किया गया। पुलिस टीम ने जागरूकता बढ़ाने के लिए पंपलेट्स, स्लोगन सहित प्रचार सामग्री का भी वितरण किया, जिससे वाहन चालकों और आम जनता को यातायात नियमों का पालन करने और सड़क सुरक्षा के महत्व को समझने में मदद मिली। इसके अलावा, बच्चों तथा आम लोगों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। अभियान में सफाई से यह सुनिश्चित किया गया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी आए और सुचारु यातायात व्यवस्था कायम रहे।इस अभियान के अंतर्गत विशेष रूप से दोपहिया वाहनों पर हेलमेट न पहनने, बिना फिटनेस, अवैध पार्किंग, और ड्राइविंग लाइसेंस बिना वाहन चलाने जैसे नियमों का उल्लंघन रोकने पर जोर दिया गया। सड़क सुरक्षा माह के दौरान यह अभियान लगातार जारी रहेगा जिससे दुर्घटनाओं को रोकने और जागरूकता बढ़ाने का उद्देश्य पूरा हो सके। इस व्यापक अभियान के चलते फतेहपुर में सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता आई है और पुलिस की सख्ती से यातायात नियमों का उल्लंघन कम हुआ है, जो जिले की सड़क सुरक्षा में सकारात्मक बदलाव का संकेत।

## 31 भारी वाहनों किया गया चालान

फतेहपुर ।जनपद में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद स्तर पर गठित प्रवर्तन की टीमों (टास्कफोर्स) द्वारा 23 व 24 नवंबर 2025 की रात्रि विशेष कार्रवाई की गई।इस अभियान का उद्देश्य खनन से जुड़ी वाहनों के ओवरलोडिंग, अवैध परिवहन और बिना आवश्यक दस्तावेजों के संचालन पर प्रभावी रोक लगाना था।

टीम ने जिले के विभिन्न मुख्य मार्गों पर चेकिंग करते हुए कुल 31 भारी वाहनों का चालान किया और 1,88,500 रुपये का जुमार्ना वसूल किया।इस अभियान में भारी वाहनों की सख्ती से जांच की गई, जिसमें यह पाया गया कि कई वाहन निर्धारित सीमा से अधिक वजन लेकर चल रहे थे या आवश्यक परमिट और दस्तावेजों के बिना परिवहन कर रहे थे। टास्कफोर्स ने उन वाहनों को भी चिन्हित किया जो नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। इस कार्रवाई का उद्देश्य न केवल ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना था, बल्कि खनन नियमों का उल्लंघन रोककर अवैध खनन और उसके परिणामस्वरूप हो रहे पर्यावरणीय तथा सड़क दुर्घटना संकट को कम करना भी था।

जिलाधिकारी और पुलिस प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, यह अभियान निरंतर जारी रहेगा ताकि खनन क्षेत्रों में कानून व्यवस्था सुधर सके और बेवजह सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। अधिकारियों ने खनन वाहन मालिकों और चालकों को चेतावनी दी है कि वे नियमों का कड़ाई से पालन करें, अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।आयोगित इस अभियान से संबंधित प्रशासन और पुलिस कर्मियों की जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता साफ झलकती है। ऐसे निरंतर अभियान जिले में कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने और आम जनता को सुरक्षित परिवहन सुनिश्चित करने में कारगर सिद्ध हो रहे हैं। इस प्रकार की कार्रवाई से न केवल खनन क्षेत्र में अनुशासन बना रहेगा बल्कि यातायात व्यवस्था भी बेहतर होगी, जिससे फतेहपुर में सड़क सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था की स्थिति मजबूत होगी।

यह कार्रवाई जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह और पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व और संयुक्त टीम की तत्परता का परिणाम है, जो फतेहपुर में कानून व्यवस्था बनाए रखने व सार्वजनिक सुरक्षा के प्रयासों को दर्शाती है। यह खबर फतेहपुर पुलिस एवं प्रशासन के आधिकारिक सूत्रों और स्थानीय समाचार रिपोर्टों पर आधारित है।

संक्षेप

## बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत

**ललितपुर।** रविवार शाम दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में एक किसान की मौत हो गई। हादसे में मृतक का साला और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक की पहचान थाना सौजना अंतर्गत ग्राम मैनवार निवासी 35 वर्षीय गुलाब यादव पुत्र धरमु के रूप में हुई है। वह अपने साले 26 वर्षीय लखन पुत्र धरमु निवासी ग्राम सिरोंन, थाना मड़ावरा के साथ रविवार शाम सौजना से अपने गांव जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही एक मोटरसाइकिल ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से सभी घायलों को तत्काल जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार शुरू किया गया। गुलाब की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। हालांकि, रास्ते में उसकी स्थिति और बिगड़ गई, जिसके बाद परिजन रविवार रात 2.42 बजे उसे वापस जिला अस्पताल के इमरजेंसी विभाग लाए। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद गुलाब को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है। परिजनों ने बताया कि मृतक गुलाब यादव पांच भाइयों और चार बहनों में चैथे नंबर पर था। उसके एक पुत्र और एक पुत्री है। वह खेती-किसानी का काम करता था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सदर अनुराग अवस्थी ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा है।

## शीघ्र पहुंचेगी खाद की रैक, हो रहा लगातार वितरण

**बांदा।** रबी की बुवाई के लिए लगातार खाद की आपूर्ति हो रही है। सोमवार को फतेहपुर से आईपीएल डीएपी 160 मीट्रिक टन व बांदा रैक प्वाइंट से यूरिया 328.500 मीट्रिक टन वितरण के लिए सहकारी बिक्री केन्द्रों को भेजी गयी है। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता अंशल कुमार ने बताया कि जिले में खाद की कमी पूरा करने के लिए शीघ्र ही क्रभको डीएपी की 1009 मीट्रिक टन रैक शीघ्र ही यहां पहुंचने वाली है। इसे सीधे रैक प्वाइंट से खाद बिक्री केन्द्रों पर भेजा जाएगा। उन्होने बताया कि सोमवार को जिले की लगभग दो दर्जन सहकारी वितरण केन्द्रों को भेजी गयी है। उन्होने कहा कि इसके अलावा अन्य वितरण केन्द्रों में किसानों को खाद वितरित की गयी। सहायक निबंधक ने कहा कि जिले में फास्फेटिक खाद का पर्याप्त स्टॉक है और यह मांग के अनुसार नियमित रूप से समितियों व बिक्री केन्द्रों को भेजी जा रही है।

## बेटी की शादी के जेवर, नकदी लेकर चोर चंपत

**बांदा।** बीती देर रात मुरवल गांव में चोर घर से लाखों रुपये के जेवर और नकदी लेकर फरार हो गये। यह घटना उस समय हुई जब बेटी की सगाई और शादी की घर में तैयारियां चल रही थीं। चोरी हुई 57 हजार रुपये की नकदी बेटी की शादी के लिए रखी गयी थी। आधी रात घर में महिला सो रही थी, उसे अचानक कुछ आहट सुनाई पड़ी। इसके बाद वह छत पर पहुंची तो देखा कि एक चोर है, महिला ने चोर को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन उसे धक्का देकर चोर भागने में सफल रहा। महिला के शोर मचाने पर घर के लोग और पड़ोसी एकत्र हो गये लेकिन तब तक चोर रफूचक्कर हो चुका था। पीड़ित ने बताया कि चोर मंगलसूत्र, पायल, झुमका और बच्चियों के जेवर ले जाने में सफल रहा। घर में रखे 97 हजार रुपये नकद भी गायब हैं। बताया कि एक महीने बाद बेटी की शादी की रस्म होनी थी। उसी के लिए नकद राशि घर में रखी गयी थी। लगभग 4 से 5 लाख रुपये की चोरी होना बताया गया है। चोरी की घटना की सूचना पुलिस चैकी मुरवल को दे दी गयी है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अण्डरपास गड्ढे में तब्दील यात्री हुए परेशान

**भटनी(भटनी)।** भटनी -भरथुआ सडक मार्ग पर भटनबाईपास रेल खण्ड पर ग्राम साहोपार के बने अण्डरपास हुआ गड्ढे में तब्दील यात्रा हुए परेशान।

बताया गया है कि बरसात के मौसम में इस अण्डरपास मे पानी भरजाने के कारण भटनी-भरथुआ सडक मार्ग से बाईक चार पहिया वाहन व ट्रको आने जाने मे हुई परेशानी को देखकर अभी ऊबर भी नही पाये थे कि बरसात का पानी तो लगभग एक या दो दिन मे पुरी तरह से समाप्त हो जायेगा ।लेकिन अण्डरपास के नीचे बडे -बडे गड्डे हो गये है ।

# एसआईआर में शत-प्रतिशत ईएफ डिजिटाइजेशन करने वाले दो बीएलओ को डीएम ने किया सम्मानित

जिला संवाददाता



**ललितपुर।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 कार्यक्रम के अंतर्गत समयावधि से पूर्व ईएफ डिजिटाईजेशन का शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले 2 बीएलओ को जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सत्य प्रकाश ने सोमवार को कलैक्ट्रेट सभागार में प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह एवं फलों की टोकरी भेंट कर सम्मानित कर अन्य कार्मिकों को भी इसी उत्साह के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से वार्ता कर अपील की कि प्रचार-प्रसार के विभिन्न माध्यमों से जन-जन तक एसआईआर के बारे में सही जानकारी पहुंचायें और भ्रान्तियों को दूर करने में जिला प्रशासन का सहयोग करें ।बताया गया कि जनपद में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 कार्यक्रम के अंतर्गत ईएफ डिजिटाईजेशन का कार्य चल रहा है, जिसमें 227 महरौनी विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या-90 सीबी इण्टर कॉलेज निर्वाचन क्षेत्र के बीएलओ सत्यनारायण लक्षकार एवं भाग संख्या-462 कलौथरा निर्वाचन क्षेत्र के बीएलओ देशराज कुर्मी ने ईएफ डिजिटाईजेशन का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया है, जिस पर जिलाधिकारी ने आज दोनो बीएलओ को सम्मानित किया ।जिलाधिकारी ने मीडिया प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए बताया कि जनपद में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 23 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, मीडिया के माध्यम से जनता को यह संदेश पहुंचाना है कि एसआईआर के प्रथम चरण की अंतिम तिथि 4 दिसम्बर है, बीएलओ के द्वारा सभी के घरों में गणना फार्म पहुंचाये जा रहे हैं, सभी लोग जल्द से जल्द अपना अपना फार्म भरकर बीएलओ के पास जमा करा दें, यदि फार्म भरने में कोई कठिनाई आ रही है तो इसके लिए पंचायत स्तर के कर्मचारी जैसे पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, लेखपाल, बीएलओ आदि की सहायता ले सकते हैं, ये कर्मचारी आपका फार्म स्वयं भरकर आपसे वैरिफाई कराने के उपरान्त हस्ताक्षर करायेंगें और जमा कर लेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की भ्रांति पर विश्वास न करें, किसी भी वैद्य मतदाता का नाम नहीं कटेगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी समर सिंह सहित अन्य कर्मचारी व मीडियाबंधु उपस्थित रहे।

- लोकतंत्र का चैथा स्तम्भ है मीडिया, भ्रान्तियों को दूर कर जन जन तक पहुंचाए एसआईआर की सही जानकारी: डीएम
- जनता से की अपील-एसआईआर के तहत जल्द भरें गणना फार्म, अंतिम तिथि 4 दिसम्बर

# बने दूल्हा छवि देखो भगवान की, दुल्हन बनी सिया जानकी



**ललितपुर।** वैदिक विद्वत परिषद के तत्वावधान में 28वीं श्री राम बरात एवं श्री सीता विवाह पंचमी के पावन अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत श्री नृसिंह मंदिर से नगर रामायण यात्रा के साथ हुई, जहाँ गणेश पूजन एवं मंगलाचार सम्पन्न कराया गया। इसके बाद स्वच्छ एवं सुसज्जित रथ पर श्री राम रूप में सजे भगवान की दूल्हा छवि के दर्शन कर भक्तों ने जय-जयकार के साथ यात्रा को नगर भ्रमण के लिए रवाना किया। यात्रा में अनेक श्रद्धालु शामिल रहे। बारात विभिन्न मार्गों से होते हुए गूंजते जयघोषों एवं राम नाम संकीर्तन के बीच आगे बढ़ी। कई स्थानों पर भक्तों ने पुष्पवर्षा कर राम बारात का स्वागत किया। नगर में भक्ति एवं उल्लास का वातावरण छाया रहा। शाम को श्री तुलसी विवाह एवं सीता-राम परिणय कार्यक्रम का मंचन किया गया। वैदिक रीति से हुए इस विवाह के दौरान श्री राम, सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न एवं राजा जनक सहित सभी पात्रों ने भावपूर्ण प्रस्तुति दी। मंगलगीत एवं वैदिक मंत्रोच्चार से श्री तुवन मंदिर परिसर गुंजायमान रहा। तत्पश्चात भजन संध्या में भक्तों ने ह्यजय-जय रामह्न का संकीर्तन कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के उपरांत समिति की ओर से सभी श्रद्धालुओं को प्रेमपूर्वक प्रसाद वितरण किया गया। पूजन कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आचार्यों ने विधिविधान से हवन, अभिषेक और पूजा सम्पन्न कराई। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज को एकता, शांति एवं संस्कारों से जोड़ते हैं। इस अवसर पर महंत गंगादास जी महाराज, डॉ. ओमप्रकाश शास्त्री, आचार्य पवन तांत्रिक, पं. जगदीश पाठक, सुभाष जायसवाल, ऊषा जायसवाल, अशोक पटौरिया, राजीव बबेले सप्पू ने गणेश पूजन, दूल्हा सरकार की वैदिक विधियां सम्पन्न कीं। तुवन मंदिर पर सरदार बीके सिंह, धर्मेन्द रावत, पं. कृष्णदेव लिटौरिया ने द्वार चार कलश पूजन आदि विधि विधानपूर्वक कार्य सम्पन्न किए। इस अवसर पर पं. बाबूलाल द्विवेदी, पं. सीताराम गोस्वामी, पं. जनार्दन मिश्र, उमाशंकर बिदुआ, डॉ. एस.पी. पाठक, महंत भावना गोस्वामी, भगवत नारायण बाजपेयी, रामसहाय तिवारी, दिनेश गोस्वामी, नीरज गंगेले, गोपाल दुबे, घनश्याम बबेले, कृष्ण बिहारी मिश्रा, सुबोध गोस्वामी, बृजेश चतुर्वेदी, चन्द्रशेखर राठौर, हरविन्द सलूजा, राजेश दुबे मौजूद रहे।

- मंगलगीतों व जयकारों के बीच निकली बारात, पूरे शहर में छाया उत्सव का माहौल

# बेहतर कार्य करने वाले बीएलओ सम्मानित



**बांदा।** जिला मजिस्ट्रेट जिला निर्वाचन अधिकारी ने सोमवार को कलेक्टेज्ट में मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य में बेहतर कार्य करने वाले बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य करने वाले बीएलओ राजेश कुमार सहायक अध्यापक, रमेश कुमार सहायक अध्यापक विधानसभा बबेरू, आदित्य रिछारिया सहायक अध्यापक विधानसभा तिन्दवारी, कमलेश कुमार सहायक अध्यापक विधानसभा नरैनी तथा गायत्री देवी शिक्षामित्र विधानसभा बांदा को विधानसभा निर्वाचक नामावली में बेहतर कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि इसी प्रकार अन्य बीएलओ भी अपनी विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा निर्वाचक नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य को तन्मयता से करें। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर जिलाधिकारी कुमार धर्मेन्द्र एवं सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी आर एस रजौरिया मौजूद रहे।

## पुस्तकों को सुरक्षित रखने का सचिव ने दिया निर्देश



**बांदा।** करीब 113 वर्षों से अधिक पुरानी, दुर्लभ पुस्तकों को नरैनी रोड स्थित बांदा विकास प्राधिकरण में रखे जाने का कार्य चल रहा है। जिलाधिकारी के निर्देश पर सचिव, बांदा विकास प्राधिकरण मदन मोहन वर्मा ने महोबा रोड भगवान संकट मोचन मंदिर के पास स्थित नागरीय प्रचारक पुस्तकालय का निरीक्षण किया।

इस दौरान पुस्तकालय के अंदरूनी हिस्से, अध्ययन कक्ष, रजिस्ट्रेशन काउंटर और संग्रहित पुस्तकों की व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। पुस्तकों की सुरक्षा, संरक्षण और व्यवस्थित रख-रखाव को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। पुस्तकालय में संग्रहित पुस्तकों में क्षेत्र की सांस्कृतिक, धार्मिक आस्था, ऐतिहासिक जानकारी और सामाजिक दस्तावेज शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन मूल्यवान पुस्तकों को सुरक्षित स्थान से दूसरे स्थान तक संरक्षित रूप से पहुंचाना प्राथमिकता है, ताकि आने वाली पीढ़ी इसका लाभ उठा सके और ज्ञान का भंडार सुरक्षित बना रहे। सचिव मदन मोहन वर्मा ने निरीक्षण के दौरान पुस्तकों की संख्या, उनकी स्थिति और संग्रह का रखर-खाव देखा। उन्होंने निर्देश दिए कि पुस्तकों को क्रमबद्ध तरीके से सुरक्षित स्थान पर रखा जाए और किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो। कहा कि भविष्य में पुस्तकालय का विस्तार किया जाएगा और इसमें नई तकनीकी सुविधाओं के साथ युवा पीढ़ी को अध्ययन और शोध के नए अवसर मिलेंगे। पुस्तकालय भवन का निर्माण 5 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है और इस परियोजना का श्रेय आयुक्त और जिलाधिकारी की पहल को जाता है। यह भवन न केवल पुस्तकों के सुरक्षित संग्रह का केंद्र बनेगा, बल्कि क्षेत्र में अध्ययन और शोध के लिए भी उपयोगी साबित होगा। कहा कि पुस्तकालय में आने वाले छात्रों और शोधकताओं के लिए अध्ययन की सुविधाओं को और बेहतर बनाया जाएगा।

## एटीएम, बैंकों की सघन चेकिंग, रखे जायें सीसीटीवी चालू



**बांदा।** पुलिस उप महानिरीक्षक राजेश एस के आदेश और पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में सोमवार को जिले में सघन रूप से बैंकों में चेकिंग अभियान चलाया गया। बैंक और उसके आस-पास होने वाले अपराधों पर नियंत्रण लगाए जाने के लिए बैंकों और उसके आस-पास होने वाली लूट, छिनैती व टप्पेबाजी की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस ने एटीएम, बैंक शाखाओं एवं वित्तीय संस्थानों का जायजा लिया। चेकिंग के दौरान एटीएम, बैंकों में लगे सुरक्षा उपकरणों, सीसीटीवी कैमरों, आपातकालीन अलार्म और अग्निशामक यंत्रों को देखा गया तथा 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों को चालू रखने के निर्देश दिए गये। पुलिस ने बैंक अधिकारियों, कर्मचारियों से बात कर बैंक का कार्य सुचारू रूप से चलाने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिया। पुलिसकर्मियों ने बैंक सुरक्षा गार्डों को भी निर्देश दिए कि यहां आने-जाने वालों को किसी तरह की असुविधा न हो इसके लिए ग्राहकों के वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े हों। एटीएम, बैंकों के आस-पास घूम रहे संदिग्ध लोगों और संदिग्ध वाहनों की भी जांच कर कड़ी चेतावनी दी गयी।

# किसी राष्ट्र की धरोहर ही होती है उसका गौरव: सोनाली



**ललितपुर।** के0पी0एस0पी0जी कॉलेज ककरूआ ललितपुर में विश्व विरासत सप्ताह (19 नवम्बर से 25 नवम्बर तक) के छठ्वें दिन क्षेत्रीय पुरातत्व ईकाई, झाँसी, इन्टैक ललितपुर चैप्टर एवं बुन्देलखण्ड हैरिटेज सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में विरासत संरक्षण संगोष्ठी एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्रीमती सोनाली जैन (न0पा0 अध्यक्ष), डॉयरेक्टर डॉ0 लतिका सुडेले, प्राचार्य डॉ0 राजेन्द्र प्रकाश, संयोजक संतोष कुमार शर्मा इन्टैक ललितपुर चैप्टर, एस0के0 दुबे (पुरातत्व अधिकारी) धर्मेन्द्र शर्मा (क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी), श्रीमती ज्योति शर्मा, आईक्यूएसी0 प्रभारी प्रभांशु नगाइच, राजीव त्रिवेदी (क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी) ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया। न0पा0 अध्यक्ष सोनाली जैन ने कहा कि किसी राष्ट्र की धरोहर ही उसका गौरव होती है। इसको देखन व जानने के लिये विदेशों से पर्यटक आते हैं। इससे देश को राजस्व की प्राप्ति एवं युवाओं को रोजगार प्राप्त होता है। हमारा बुन्देलखण्ड एवं ललितपुर जनपद विरासतों एवं पर्यटन से समृद्ध है। इन विरासत स्थलों का संरक्षण करना हम सभी का दायित्व है। डॉ0 एस0के0 दुबे ने कहा कि हमारी इन्हीं पुरानी धरोहरों को देखने के लिये विदेशी पर्यटक अपनी आय का एक बड़ा भाग खर्च करते हैं। ये धरोहर हमारे पूर्वजों के सैकड़ों वर्ष पूर्व विकसित होने का प्रमाण है। इन्टैक ललितपुर चैप्टर के संयोजक संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि विश्व विरासत सप्ताह प्रतिवर्ष इसलिये मनाया जाता है ताकि हम अपनी विरासतों के प्रति जागरूक होकर उन्हें संरक्षित और विकसित करने का प्रयास करें। इन्टैक इस दिशा में पूरी सजगता से अपने दायित्व का निर्वाह कर रहा है। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी धर्मेन्द्र शर्मा ने कहा कि ललितपुर में विरासत पर्यटन के विकास की पर्याप्त सम्भावना है। हम सभी के प्रयास से ललितपुर एक दिन पर्यटन का हब बनेगा। क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी डॉ0 राजीव त्रिवेदी ने कहा कि भावी पीढ़ी को आगे आने हेतु प्रेरित किया गया है, तथा स्मारकों का भ्रमण करते समय सभी से स्वच्छ रखने तथा प्रदूषित न करने की अपील की गयी। डॉ0 लतिका सुडेले ने अपने सम्बोधन में कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत का महत्व, पहचान, प्रेरणा पर्यटन और आर्थिक विकास में निहित है। इससे भारत को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर एक प्रमुख सांस्कृतिक गंतव्य के रूप में स्थापित करने में मदद करती है। प्राचार्य डॉ0 राजेन्द्र प्रकाश ने कहा कि पूरे भारत में यूनेस्को द्वारा 44 मान्य हैरिटेज हैं। विरासत हमारा देश 5वें नम्बर पर है। अगर हम अपनी जागरूकता को बढ़ायें तो हम चैथे नम्बर पर आ सकते हैं। रंगोली प्रतियोगिता में संजना पंथ प्रथम, कशिश जैन व हेमंत कुशवाहा द्वितीय तथा जयकुमार कुशवाहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिन्हें प्रमाणपत्र व पुरूस्कार प्रदान किये गये। अंत में सभी आंगन्तुकों का प्राचार्य द्वारा सम्मान किया गया ।कार्यक्रम संचालन प्रवक्ता दीपक जैन ने किया एवं प्राचार्य डॉ0 राजेन्द्र प्रकाश ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने रमेश श्रीवास, अभिषेक परिहार, महेन्द्र कुमार, रामचरण कुशवाहा, गजेन्द्र राठौर, अरविन्द कुमार, असि0प्रो0 दिनेश श्रीवास्तव, दीपक जैन, भानूप्रताप सिंह, डॉ0 धनीराम राजपूत रानी देवी, छाया तिवारी, अनीता साहू, नेहा श्रीवास्तव, ज्योति रानी पुरोहित, निधि जैन, जगतराज, राजकुमार सक्षम त्रिपाठी, राहुल जैन, शशि श्रीवास्तव मनोज रजक, पुष्पेन्द्र, माता प्रसाद तिवारी ने प्रतिभाग किया।

- विरासत संरक्षण जागरूकता संगोष्ठी एवं रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## एसआईआर को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष के आवहन पर जिला कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के जिलाध्यक्ष के नेतृव में महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी ललितपुर को सौंपा। ज्ञापन में कांग्रेस जनो ने महामहिम राष्ट्रपति को अवगत कराते हुये कहा कि देश में राज्य दर राज्य चुनाव आयोग द्वारा स्पेशल इन्टेन्सिव रिवीजन किया जा रहा है, की पक्षपाती और सन्देहप्रद व्यवस्था के प्रति आम जनमानस में सरकारी व्यवस्था को लेकर निराशा और गुस्सा है। लोकतंत्र में जनता के ऊपर खासकर दलित, आदिवासी, पिछड़ा और अल्पसंख्यक वर्गों को वोट के अधिकार से वँचित होने का खतरा महसूस हो रहा है। साथ ही एस०आई०आर०लागू होने वाले राज्यो में लगातार बी०एल०ओ० कर्मचारियों के आत्महत्या की दुःखद खबरें पूरी प्रक्रिया पर सवाल खड़ा करती है इसका कारण है निर्वाचन विभाग द्वारा बी०एल०ओ०को ट्रेनिंग ना दिया जाना, जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग महामहिम राष्ट्रपति महोदया से मांग करती है कि संविधान प्रहरी शोषित वंचित समाज के वोट के अधिकार की रक्षा करने वाला और सरल बनाई जाए साथ ही बी०एल०ओ०की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं। कार्यक्रम के अनुसार जिले भर के कांग्रेस कार्यकर्ता कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कार्यालय से इकट्ठा होकर जिला कलेक्ट्रेट पहुँचे और महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित मांग पत्र जिलाधिकारी ललितपुर को दिया।

इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश सचिव बलवंत सिंह राजपूत, पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश रजक, पिछड़ा वर्ग के प्रदेश महासचिव पवन विश्वकर्मा, महिला जिलाध्यक्ष नेहा तिवारी, जिला महासचिव पुनीत देवलिया, राहुल सेन, जाहर सिंह राजपूत, भान सिंह आदि दर्जनों कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## समीक्षा बैठक कर कानून अनुपालन में आ रहीं समस्याओं पर हुई चर्चा

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एएसपी/नोडल अधिकारी कालू सिंह पर्यवेक्षण में व थाना एएचटी व एसजेपीयू तथा समस्त थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के साथ मासिक गोष्ठी माह नवम्बर 2025 की समीक्षा बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यशाला पुलिस लाइन सभागार में आहुत की गयी। बैठक महिला व बाल सुरक्षा संगठन उ.प्र. लखनऊ द्वारा जारी एसओपी, अनुसंधान एवं थानों पर नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के समक्ष आ रही समस्या एवं बाल गुमशुदा, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम, लैंगिक समानता, साइबर क्राइम, एस.सी./एस.टी. एक्ट, नारी शक्ति किशोर न्याय अधिनियम 2015 में हुए नवीनतम संशोधन पॉस्को एक्ट के अभियोग पंजीकृत होने के 24 घंटे के अंदर सीडब्ल्यूसी को सूचित करना, पॉस्को के मामले में फार्म ए व बी व एसबीआर रिपोर्ट पुलिस द्वारा भरकर संबंधित को समय से भेजा जाना बाल कल्याण अधिकारी के कर्तव्य का पालन, जे.जे एक्ट के अंतर्गत सामाजिक पृष्ठभूमि आदि तथा पोक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्तों की माननीय उच्च न्यायालय से प्राप्त बेल नोटिस को बाल कल्याण समिति एवं वादी/पीड़िता को अंदर समय उपलब्ध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। साथ ही साथ जनपद मे गुमशुदा बच्चों के पंजीकृत व लंबित मामलो व पास्को एक्ट के अन्तर्गत पंजीकृत अभियोगों पर चर्चासम्बंधित आदेश निर्देश एवं जागरुकता के अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया।

## किसान को वाहन ने मारी टक्कर, घायल

**ललितपुर।** थाना पाली अंतर्गत ग्राम निवऊवा निवासी देशरानी बरार पत्नी पूरन बरार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 13 सितम्बर 2025 को सुबह करीब 11.30 बजे उसका पति पूरन बरार अपने घर से खेत पर पैदल फसल बुवाई करवाने के लिए जा रहा था। मां गायत्री स्कूल के पास ग्राम बछलापुर रोड तक उसका पति पहुंचा ही था कि तभी वाहन नं. यू.पी.93 ई.टी. 1284 के चालक ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुये उसके पति को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके पति को गांव के अजय कुशवाहा व बालचंद्र के अलावा अन्य लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाली पहुंचाया, जहां उसकी हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल भेजा गया। बताया कि इस दुर्घटना में उसके पति का दाहिना हाथ पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने गाड़ी चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (ए), 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## प्रशासन की ढील से फिर खुली मीट की दुकान




**महोबा।** प्रशासन के ढुलमुल रवैये से शहर को बींचो बीच शुक्रवारी बाजार के सामने फिर से खुलने लगी मीट की दुकान। बता दें कि योगी सरकार बनने के पूर्व शुक्रवारी बाजार के सामने मीट, मछली एवं मुर्गा की मंडी लगा करती थी, जिसमें मोहल्ले वासियों और आवागमन करने वाले लोगों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता था परंतु योगी सरकार बनने के बाद तत्काल प्रभाव से शुक्रवारी बाजार के सामने से सभी मीट, मछली, मुर्गा की दुकानें प्रशासन द्वारा हटवा दी गईं थीं। परंतु प्रशासनिक ढीले पड़ते ही दोबारा मीट की दुकान का संचालन शुरू हो गया, जो कि आगे चलकर फिर से मीट, मछली, मुर्गा बाजार में तब्दील हो सकता है। प्रशासन एवं पुलिस से बेखौफ यह दुकानदार रोड पर मीट शॉप का बोर्ड रखकर दुकान संचालित कर रहा हैं और योगी योगी सरकार द्वारा दिए गए आदेशों को अंगूठा दिखा रहा है। अब देखने वाली बात यह होगी कि खबर चलने के बाद प्रशासन और पुलिस की नींद खुलती है या नहीं। क्योंकि अगर दुकान को बंद नहीं करवाया गया तो फिर से मीट मंडी बनने की पूरी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। मोहल्ले वासियों का कहना है कि अगर प्रशासन नहीं चेता तो मुख्यमंत्री योगी जी से शिकायत की जाएगी।

## हिट एण्ड रन मामले में एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला खिरकापुरा में रहने वाले जितेन्द्र साहू पुत्र रामस्वरूप साहू ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 20 नवम्बर की शाम करीब 6 बजे उसके पिता रामस्वरूप साहू व चाचा राजू साहू ग्राम बारी से अपनी एक्टिवा स्कूटी संख्या यू.पी.94 ए.डी. 0703 से घर के लिए लौट रहे थे। दोनों लाइफ विजन एकेडमी के पास ग्राम गनगौरा पहुंचे ही थे कि तभी विपरीत दिशा से आ रहे ग्राम सिलगन निवासी जगत सिंह राजपूत पुत्र बाबूलाल लोधी अपने अज्ञात साथी के साथ अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 जे. 0424 हीरो होण्डा से अनियंत्रित गति से भागते हुये आया और उसके पिता-चाचा को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पिता रामस्वरूप साहू की मौके पर ही मौत हो गयी और चाचा राजू साहू के सिर पर गंभीर चोट आने से वह घायल हो गये, जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर एम्ब्युलेंस से झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जहां वह उपचाररत हैं। जानकारी करने पर उसे ग्रामीणों ने बताया कि जगत सिंह राजपूत व उसका साथी शराब के नशे में थे, जिस कारण घटना हुयी और घटना को अंजाम देकर दोनों लोग भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# धर्मेंद्र हर किरदार में गढ़ते रहे नयी छवि



सियाराम पाण्डेय 'शांत'



कौन कितने साल जिया, यह उतना महत्वपूर्ण नहीं जितना यह कि उसने क्या किया? जनता के दिलोदिमाग पर अपनी कैसी छवि अंकित की। छह दशक तक हिंदी फिल्म जगत में छाए रहे दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र हमारे बीच नहीं रहे। आठ दिसंबर तक वे और जीवित रहते तो शायद 90 वर्ष के हो जाते। अभिनय की दुनिया में उनका सफर भले ही बहुत लंबा रहा हो लेकिन राजनीति के सरपट मार्ग पर चलते हुए वे बहुत जल्दी उकता गए थे। उन्होंने अभिनेताओं को राजनीति में न आने की सलाह तक दे डाली थी। शोले फिल्म में जिस बसंती यानी हेमा मालिनी को वे पाना चाहते थे और उसके लिए पानी की टंकी पर चढ़ गए थे, उस बसंती से उन्होंने विवाह भी किया और जब वह भाजपा के टिकट पर मथुरा से चुनाव लड़ रही थीं तो उनके लिए प्रचार भी किया। उन्होंने मथुरा की जनता से कहा कि अगर वे हेमामालिनी को वोट नहीं देंगे तो वे पास दिख रही टंकी पर चढ़ जाएंगे। वहां से कूद जाएंगे। उनकी यह अदा लीला पुरुषोत्तम श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा के लोगों को बहुत पसंद आई थी। जरावस्था का कष्ट सबको होता है। धर्मेंद्र इसके अपवाद कैसे हो सकते थे। बीमारी ने उनकी जीवन लीला समाप्त कर दी लेकिन अपने मनोरंजक अंदाज, दोस्ती और जानदार अभिनय के लिए वे हमेशा सिने प्रेमियों के दिलों पर राज करते रहेंगे। उनका जाना देश-दुनिया में बसे उनके प्रशंसकों को हमेशा खलता रहेगा।

सत्यकाम से लेकर शोले तक उन्होंने 300 से अधिक फिल्मों में काम किया और मनोरंजन जगत में एक अलग मुकाम हासिल किया। शोले, चुपके-चुपके, सत्यकाम, अनुपमा, सीता और गीता जैसी कई हिट फिल्मों में मुख्य भूमिकाएं निभाने वाले धर्मेंद्र ने एक्शन, रोमांस और हास्य में अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और लोक समादर के पात्र बने। बॉलीवुड के ही-मैन धर्मेंद्र मतलब धर्म सिंह देओल का जन्म 1935 में नसरेली गांव में हुआ और उनके पिता केवल किशन सिंह देओल शिक्षक थे, जिनका तबादला होने के बाद वह परिवार के साथ साहनेवाल आकर बस गए थे। धर्मेंद्र हर दिलअजीज इंसान थे। इतने बड़े अभिनेता होने के बाद भी जब कभी वे गांव जाते, ग्रामीणों से दिल खोलकर मिलते। उनके अंदर की पंजाबियत उन्हें अच्छी मनोरंजक और मानीय सद्गुणों से युक्त इंसान की हैसियत प्रदान करती। बॉलीवुड के किसी बड़े सितारे जैसे चमक-धमक से दूर सादगी पसंद धर्मेंद्र के व्यवहार से हर कोई उनका मुरीद बन जाता। छोटे-बड़ी की भावना से बहुत ऊपर के इंसान थे धर्मेंद्र। लुधियाना में उनकी पारिवारिक जमीन पर किसी ने अवैध रूप से कब्ज़ा कर लिया था। हालांकि, स्थानीय प्रशासन के सहयोग से वह उसे खाली करवाने में कामयाब रहे लेकिन इसके बावजूद उन्होंने प्रशासन पर अपने स्टारडम या राजनीतिक पहुंच का कोई दबाव नहीं डाला।

> सत्यकाम से लेकर शोले तक उन्होंने 300 से अधिक फिल्मों में काम किया और मनोरंजन जगत में एक अलग मुकाम हासिल किया। शोले, चुपके-चुपके, सत्यकाम, अनुपमा, सीता और गीता जैसी कई हिट फिल्मों में मुख्य भूमिकाएं निभाने वाले धर्मेंद्र ने एक्शन, रोमांस और हास्य में अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और लोक समादर के पात्र बने।

**श्रद्धांजलि**

धर्मेंद्र की शादी प्रकाश कौर से हुई थी, जिससे उनके चार बच्चे हैं। इनमें दो बेटे अभिनेता बॉबी और सनी देओल तथा दो बेटियां विजेता और अजीता हैं। वर्ष 1980 में उन्होंने मशहूर अभिनेत्री हेमा मालिनी से शादी कर ली थी। कहा तो यहां तक जाता है कि अपने इस प्रेम को पाने के लिए उन्होंने इस्लाम धर्म भी स्वीकार कर लिया था लेकिन धर्मेंद्र ने इन अटकलों और जनापवादों को सिरे से नकार दिया था। धर्मेंद्र और हेमा से उनकी दो बेटियां ईशा और अहाना हैं। वह 14वीं लोकसभा में बीकानेर से भाजपा के सांसद भी चुने गए थे। उनके व्यक्तित्व की एक खासियत यह भी है कि वे जहां अपने मुक्कों का अपनी फिल्मों में जौहर दिखाते थे, खलनायकोंको धूल चटाते नजर आते थे, वहीं, अपने गंभीर किरदारों से दर्शकों को भावुक कर देने का जादू भी किया करते थे। अपनी मंद मुस्कान से लोगों का दिल जीत लेने और अपनी हास्य भूमिकाओं से दर्शकों को हंसा-हंसाकर लोटपोट कर देने की उनकी कला को लोग आज भी याद करते हैं। मर्दानगी, भावुकता और करिश्मा उनके अभिनय का एक तरह से वैशिष्ट्य ही बनकर रह गया था। यह भी सच है कि उनके साथ करियर शुरू करने वाले अधिकांश कलाकार इस दुनिया से विदा हो चुके हैं। ऐसे में धर्मेंद्र का इस लोक से प्रयाण बेहद दुखद और उनके प्रशंसकों के लिए स्तब्धकारी है।

वाकया 2023 का है जब वह 88 साल की उम्र में करण जौहर की रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में शबाना आज़मी के साथ रोमांस करते नजर आए थे। इस फिल्म में उनके चुंबन दृश्य में उनके कद्रदानों ने उनकी युवावस्था वाला ही चुल बुलापन देखा था। लोग यह मानने को मजबूर हो गए थे कि तन बूढ़ा भले हो जाए लेकिन मन तो वही रहता है जवान का जवान। बुढ़ापे में अभिनीत इस फिल्म में उनकी चाल भले धीमी हो गई थी, शरीर से उम्र झलक रही थी, लेकिन आंखों की चमक और प्यारी सी मुस्कान जस की तस देखी जा सकती थी। वे ऐसे अभिनेता थे, जिन्होंने हिंदी फिल्म जगत को दशकों तक श्वेत-श्याम से रंगीन होते देखा।। उसका डिजिटल होता स्वरूप देखा। यह और बात है कि इतने बदलावों के बीच हर दौर में उन्होंने अपनी प्रासंगिकता बरकरार रखी। राजेश खन्ना की सुपर स्टार छवि और अमिताभ बच्चन की बढ़ती लोकप्रियता के बीच गांव से आए एक कलाकार का सिने जगत में मजबूती से बने रहना किसी चमत्कार से कम नहीं था। धर्मेंद्र को लोग प्रेम से ग्रीक गॉड तक कहते रहे। उनकी यह पहचान एक संवेदनशील कलाकार की तो थी ही, माचो मैन का उनका किरदार भी कुछ कम नहीं था। उनकी साफगोई का आलम यह रहा कि एक मीडिया साक्षात्कार में उन्होंने कहा था कि स्क्रीन पर उन्होंने हमेशा जनता के बीच बनी अपनी छवि को तोड़ने का काम किया है। मुझे नहीं पता कि ग्रीक गॉड का क्या अर्थ लेकिन लोग कहते हैं, यह उनका प्यार नहीं तो और क्या है? धर्मेंद्र सोशल मीडिया पर अक्सर लोनावला में अपने खेत की तस्वीरें और अपनी लिखी उर्दू की पंक्तियां भी साझा करते थे। फिल्मों से उनका रिश्ता 1958 में शुरू हुआ जब फिल्मफेयर मैगज़ीन ने देश भर में टैलेंट हंट की घोषणा की। युवा धरम ने अपनी किस्मत आज़माने का फैसला किया, स्पर्धा जीती और मुंबई के लिए अपना बोरिया बिस्तर बांधा। बहुत कम लोग जानते हैं कि उन्हें जिस फिल्म का वादा किया गया था, वह कभी नहीं बनी और संघर्ष का दौर शुरू हुआ। धर्मेंद्र ने मुंबई में गुज़ारा करने के लिए एक ड्रिलिंग फ़र्म में 200 रुपये महीने पर काम किया। उन्हें पहला मौका 1960 में अर्जुन हिंगोरानी की फिल्म दिल भी तेरा, हम भी तेरे से मिला। उन्होंने बाद में साथ में कब? क्यों? और कहां? और कहानी किस्मत की जैसी फिल्में भी कीं। बिमल रॉय ने उन्हें नूतन और अशोक कुमार के साथ अपनी फिल्म बंदिनी में लिया। आई मिलन की बेला, हकीकत तथा काजल जैसी कई फिल्मों के बाद, मीना कुमारी के साथ 1966 की फिल्म फूल और पत्थर से उन्हें सुपर स्टार की पहचान मिली।

बहुत याद आएंगे धर्मेंद्र। कहा जाता है कि धर्मेंद्र कभी ईशा को फिल्मों में लाने के पक्ष में नहीं थे और उन्होंने कभी अपनी बेटी की फिल्म धूम नहीं देखी। 1990 में बेटे सनी देओल को लेकर फिल्म घायल बनाई थी। पद्म भूषण से सम्मानित इस अभिनेता ने राजनीति में भी किस्मत आजमाई और 2004 में भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर बीकानेर से लोकसभा सदस्य निर्वाचित हुए। उनकी आखिरी फिल्म इक्कीस इसी दिसंबर में रिलीज होनी है। दुनिया से रुखत होने के बाद भी धर्मेंद्र लोगों के दिलों पर युगों-युगों तक राज करते रहेंगे।

## सोशल मीडिया

सालों साल देश के चित्रपट के आकाश पर चमचमाये धर्मेंद्रजी का जमीन से जुड़ा सादगी भरा आकर्षक व्यक्तित्व व सहज अभिनय हमेशा याद किया जायेगा। श्रद्धांजलि! अखिलेश यादव.



धर्मेंद्र जी ऐसे थे कि उनकी फिल्मों ने ही इंडियन सिनेमा को आकार देने में मदद की, उन्होंने लाखों दिलों को छुआ। उनके काम से सिनेमा का जादू गांवों तक पहुंचा। राज बब्बर.



फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र जी का निधन अत्यंत दुखद एवं कला, फिल्म जगत की अपूरणीय क्षति है, प्रभु राम परिजनों और प्रशंसकों को दुख सहन करने की शक्ति दें। ओम शांति! सीएम योगी.



# श्रम सुधारों का महत्व

श्रम सुधारों का कोई भी प्रयास तब तक अधूरा माना जायेगा जब तक श्रमिकों की पारिश्रमिक, रोजगार सुरक्षा से लेकर सामाजिक और स्वास्थ्य सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण जरूरतों को पूरा न करते हों। ऐसे में केन्द्र सरकार ने जिन चार श्रम संहिताओं के जरिए श्रम सुधारों को लागू किया है, उनसे श्रमिकों की दशा में क्या सकारात्मक परिवर्तन आता है, कैसे रोजगार का बाजार और विस्तार लेता है, श्रमिकों को स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा जैसे जरूरी सुविधाएं कैसे मुहैया करायी जाती हैं, इन और ऐसे तमाम प्रश्नों का जवाब इनके लागू होने के बाद ही मिलेगा। बहरहाल केंद्र सरकार ने पिछले सप्ताह उन चार श्रम संहिताओं को लागू कर दिया जो देश के श्रम बाजार नियमन को आधुनिक बनाने के उद्देश्य से तैयार की गई हैं। चूंकि मसौदा नियम कुछ वर्ष पहले तैयार किए गए थे, इसलिए सरकार नई वास्तविकताओं को ध्यान में रखते हुए इनमें कुछ परिवर्तन करेगी। मशविरे के लिए संशोधित मसौदा नियम प्रस्तुत किए जाने की उम्मीद है। संशोधित नियम अधिसूचित होने के बाद संहिता पूरी तरह लागू हो जाएंगी। वेतन संहिता (2019), औद्योगिक संबंध संहिता (2020), सामाजिक सुरक्षा संहिता (2020) और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य परिस्थितियां संहिता (2020) के रूप में इन चार संहिताओं का क्रियान्वयन हाल के वर्षों के सबसे बड़े सुधारों में से एक होगा। पुराने श्रम कानून और विनियमों को विशेषकर विनिर्माण क्षेत्र में टिकाऊ उच्च वृद्धि के सबसे बड़े अवरोधों में से एक माना जाता है। कंपनियों के नजरिये से श्रम संहिताओं का क्रियान्वयन अनुपालन लागत को कम करने और नियुक्तियों को पहले से अधिक लचीला बनाने वाला साबित हो सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि कर्मचारियों की छंटनी, पुनर्गठन आदि की सीमा को पहले के 100 से बढ़ाकर 300 श्रमिक कर दिया गया है। इसके साथ ही राज्यों को इस सीमा को और बढ़ाने के प्रावधान भी किए गए हैं। श्रम बाजार भी अधिक औपचारिक बन जाएगा। उदाहरण के लिए सभी कामगारों को नियुक्ति पत्र देना अनिवार्य होगा। लिखित अनुबंध से पारदर्शिता बढ़ेगी। वेतन संहिता 2019 के तहत सभी कामगारों को न्यूनतम वेतन का अधिकार होगा और उद्यमों से समय पर वेतन भुगतान की अपेक्षा की जाएगी। इस संदर्भ में यह महत्वपूर्ण होगा कि न्यूनतम वेतन का निर्धारण कामगारों और व्यवसायों दोनों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर किया जाए। सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों के लिए है, क्योंकि पहली बार उन्हें सामाजिक सुरक्षा संहिता के तहत कानूनी मान्यता मिली है। इसके अतिरिक्त, कामगारों को आधार से जुड़ी सार्वभौमिक खाता संख्या मिलेगी, जिससे राज्यों के बीच आवागमन पर भी समान लाभ मिल सकेगा। यह हमारे देश में अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि आंतरिक प्रवासन बढ़ रहा है। केंद्र सरकार से उम्मीद होगी कि वह मसौदा नियम प्रकाशित करे और उन्हें समय पर अधिसूचित करे, वहीं राज्यों ने अहम पहल कर दी है। एक हालिया विश्लेषण बताता है कि 16 राज्य सरकारों ने वर्ष2025 में 38 सुधारों को अंजाम दिया और इनमें से 37 फीसदी श्रम सुधार हैं। उदाहरण के लिए महिलाओं को रात की पाली में काम करने की इजाजत देना, रोजाना के काम की अवधि को 10 से 12 घंटे तक बढ़ाना, ओवर टाइम की सीमा बढ़ाना या छोटे प्रतिष्ठानों के लिए दस्तावेजीकरण की आवश्यकता कम करना। श्रम संहिताओं के लागू होने के साथ, राज्य निवेश आकर्षित करने के लिए अधिक अनुकूल नियम बना सकेंगे। हालांकि, इस सुधार की अपनी एक लागत है, खासतौर पर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए। सामाजिक सुरक्षा कवरेज के विस्तार और अन्य अनिवार्य आवश्यकताओं से एमएसएमई का व्यय बढ़ेगा और यह उन उद्यमों के लिए विशेष रूप से कठिन हो सकता है जो कम लाभांश पर काम कर रहे हैं। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि अनुपालन लागत में कमी के साथ यह संहिताएं एमएसएमई क्षेत्र को भी लाभ पहुंचाएंगी।




> श्रम सुधारों के लागू होने से श्रमिकों और नियोक्ताओं के बीच संबंधों में और अधिक पारदर्शिता आ सकती है।

## विचार

ताजा दुहा हुआ दूध जिसप्रकास शीघ्र नहीं बिगड़ता, उसी प्रकार कुकर्मी का फल भी शीघ्र नहीं मालूम होता किंतु वह राख में दबी हुई अग्नि की तरह विद्यमान है।

–महात्मा बुद्ध.

यदि कोई काम नहीं करता तो उसे खाना भी नहीं खाना चाहिए।

–बाइबिल.

यह संसार कायर पुरुषों के लिए नहीं है। पलायन करने काप्रयास मत करो।

–स्वामी विवेकानंद.

काम से जो मनुष्य पीड़ित है, वह जड़ और चेतन में भेद नहीं कर सकता।

–कालिदास.

जोकायरतासे शत्रु के बल की वृद्धि होती है और अपनी शक्ति का ह्रास होता है। अतः जहां तक बने कायरता को अपने पास न फटकने दें।

–मुनि गणेशवर्णी.

# आनंद की अनुभूति

**अंतर्दृष्टि**

अकेलापन अनुभव होने पर क्या करें? अकेलापन महसूस करना कैसे बंद करें? यहाँ अच्छी बात यह है कि अकेलेपन से बाहर आने के लिए कुछ सरल, व्यावहारिक उपाय हैं। स्वीकार करना : कुछ लोग अपने दुख को भूलने के लिए, दूसरी क्रियाओं में जैसे सिनेमा देखना, खाना खाने इत्यादि में खुद को मग्न कर देते हैं। हालाँकि, ये केवल थोड़ी देर का विकर्षण है जो व्यक्ति को व्यस्त महसूस कराते हैं, अकेलेपन से एक लाक्षणिक राहत देते हैं। हालाँकि, जब कोई देखना या खाना बंद कर देता है, तो अकेलेपन की वही अनुभूति फिर से सामने आती है। इसका अर्थ यह है कि हम इस अनुभूति को स्वीकार नहीं कर रहे हैं बल्कि इससे दूर भाग रहे हैं। इस प्रकार, मैं अकेला महसूस कर रहा हूँ को स्वीकार करना इसे दूर करने का पहला कदम है। तभी हमें इससे बाहर निकलने का उपाय मिल सकता है। नेगेटिव विचारों का सामना करना: नेगेटिव विचार हमे तभी तक वश में करते है जब तक हम उन्हें अपने भीतर रहने देते हैं। उनकी बात नहीं सुनना और तुरंत उन्हें पॉजिटिव विचारों में परिवर्तित करने से हमारे निश्चिय और आत्मविश्वास को बेहतर बनाने में मदद करता है। सही समझ और पॉज़िटिविटी यहाँ प्रतिकार का काम करती है। यदि हम इनका उपयोग नहीं करेंगे तो हम इस नेगेटिविटी से कभी बाहर नहीं आ पाएँगे। जीवन के समान अवस्था से गुजरने वाले महान लोगों की जीवन की प्रसंगो को प्रकाशित करने वाली आत्मकथाओं और पुस्तकों को पढ़कर, हम सही समझ और सकारात्मकता दोनों प्राप्त कर सकते हैं। तो अब, यदि आप अकेलापन अनुभव करते हैं, तो इससे निपटने के मार्ग के साथ-साथ इन स्त्रोतों से भी प्रेरणा लें।

खुद के बारे में गलतफहमी के साथ-साथ खुद की अज्ञानता से छुटकारा पाने की यह मुख्य चाबी है। जब हमें आत्मज्ञानी पुरुष से पता चलता है कि हम कौन हैं (हमारी वास्तविक पहचान), तब गहरा अँधेरा आंतरिक शान्ति में परिवर्तित हो जाता है। इस प्रकार, आत्म-साक्षात्कार अकेलेपन को रोकने का सबसे प्रभावशाली तरीका है। भीतर से आंतरिक आनंद की अनुभूति होती है और आत्म-साक्षात्कार के बाद गलत या नकारात्मक भावनाओं से लड़ने की शक्ति दोगुनी हो जाती है। यह प्रत्यक्ष ज्ञानीपुरुष की कृपा के माध्यम से ही होता है। हजारों लोगों ने आत्म-साक्षात्कार के माध्यम से इस शाश्वत आनंद का अनुभव किया है।

# वायदों की लहराती फसल

**व्यंग्यलोक**

चारों ओर विकास की सुगंधयुक्त बयार बह रही है। लगता ही नहीं, यह हमारा पुराना भारत है। खुदरा में एफडीआई आने के बाद से तो लगने लगा है हम अमेरिका में बैठे हैं। भ्रष्टाचार की बयार थमती नजर आ रही है। बल्कि इसे रोकने के लिए लोकपाल को अंतिम रूप दिया जा रहा है। राइट टू इन्फोरमेशन के बाद राइट टू रिकॉल की कवायद तेज हो गई है। न अब अन्ना या केजरीवाल की जरूरत और न ऐसी किसी मुहिम की बल्कि लगने लगा है तमाम पुराने पापी नेताओं की आत्मा निर्मल हो गई है। देश को ऊपर उठाने के वचन दिये जा रहे हैं। इतना ऊपर की कोई छू भी नहीं पाये। वादे और आश्वासनों का लंबा सिलसिला चल रहा है। उपलब्धियां गिन-गिन कर बताई जा रही हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता ऐसी की कोई कुछ भी बोले, कोई पाबन्दी नहीं। मानवाधिकारों की पैरवी बड़े जोरों से हो रही है। हो सकता है इसके चलते किसी को फांसी भी न दी जाये आगे से। फांसी न्यायालय ने दे भी तो उसे माफ करने की पहल होगी। मैं तो खुद असमंजस में हूँ कि यकायक यह परिवर्तन हुआ क्यों जा रहा है। सीबीआई पर कोई राजनीतिक दबाव से इंकार किया जा रहा है। वह अपने आप में स्वतंत्र इकाई है। बाहर या भीतर से समर्थन नहीं मांगा जा रहा, लेकिन अपने आप समर्थन दिया जा रहा है। यह सरकार है या अलादीन का चिराग। नकद सब्सिडी सीधे बैंक खाते में ट्रांसफर कर रही है। वायदों की फसल लहलहा रही है। लोकतंत्र है या रामराज्य, मैं भेद नहीं कर पा रहा हूँ। इतना और एक साथ - ढेर सारा विकास बिना मांगे परोसा जा रहा है।



राम विलास जॉगिड़

वोटर को सुविधाओं की झड़ी लगी हुई है। सारे राजनीतिक दल अपने-अपने चुनावी घोषणा पत्रों को झाड़-पोंझ रहे हैं। आखिर यह सब क्यूं ओर किसलिए? शायद चुनाव आ रहे हैं। नहीं, हमारे नेता ऐसे अवसरवादी तो नहीं? मन में फिर वही सवाल आखिर क्यूं? मन का ही जवाब-चुनाव तो होंगे ही। यह सत्य है। इसमें छलावा कैसा? चलो चुनाव के बहाने ही सही विकास हो तो रहा है और हमें चाहिए भी क्या? महंगाई का रोना पिछड़े जमाने की बात है। वह अभी नहीं- फिर कभी, अभी केवल विकास की गंगा बहानी है और तब तक बहानी है जब तक कुछ भी बचा रहेगा। आखिर जनता विकास की गंगा चाहती है, सो मोहल्ले में स्वच्छ जल पहुंचाने के बजाय सीधे विकास की गंगा बहा देनी है ताकि पानी की जरूरत ही न रह जाये।

# शीतऋतु में आयुर्वेद चिकित्सा से करें स्वास्थ्य की देखभाल



**स्वास्थ्य**

डॉ. पंकज श्रीवास्तव

प्राचीन काल से ही मानव के स्वास्थ्य रक्षा हेतु आयुर्वेद में विभिन्न ऋतुओं के लिए अलग अलग ऋतुचर्या का विधान है। इस प्रकार से शीतकाल आने पर शरद ऋतुचर्या, हेमन्त ऋतुचर्या तथा शिशिर ऋतुचर्या का विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया है। आयुर्वेद संहिताओं में वर्णित इन ऋतुचर्याओं का मानव के स्वास्थ्य में अतुल्य योगदान रहा है। आज के इस आपा धापी युग में मानव दौड़ भाग में इतना व्यस्त हो गया है कि उसे सर्दी के मौसम में विभिन्न किस्म की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इन समस्याओं में प्रमुख रूप से जुकाम, बुखार, खांसी और दमा विशेष रूप से प्रताड़ित करती हैं। अगर मनुष्य ऋतुचर्या का पालन करें तो अवश्य ही वह इस शीत ऋतु का आनंद उठाते हुए स्वस्थ रह सकता है।

**शरद ऋतु का वर्णन**

'' शरदि व्योम शुभ्राभ्रं किंचित पंकांकिता मही।''

''प्रकाशकाशसप्ताह्व कुमुदा शालि शालिनी'' अर्थात शरद ऋतु में आसमान श्वेत बादलों से युक्त हो जाता है तथा वसुंधरा थोड़े-थोड़े कीचड़ वाली हो जाती है। काश सप्तपर्ण तथा कुमुद के फूल खिलने लगते हैं तथा शालिधान्य की खेती से पृथ्वी सुशोभित होने लगती है।

**हेमंत ऋतु वर्णन**

धूमधूम्ररजोमंदास्तुषाराविलमंडला। दिगादित्य मरुच्छैत्यादुत्तरो रोम हर्षणः।। अर्थात हेमंत ऋतु मे दिशाएं धूम के समान मलिन तथा धूल से बंद हो जाती हैं। कोहरे से दिशाएं एवं सूर्य मंडल मलिन हो जाते हैं। उत्तरी वायु शीतलता से रोग उत्पन्न करती है।

**शिशिर ऋतु वर्णन**

शिशिरे शीतमधिकम मेघ मारुत वर्षजम्। रौक्ष्यम् चादानजं तस्मात कार्यः पूर्वोधिकम् विधिः।। अर्थात शिशिर ऋतु में मेघ वायु तथा वर्षा के कारण अत्यधिक ठंडक होने लगती है तथा आदान काल होने से रुक्षता उत्पन्न हो जाती है। इस ऋतु में हेमंत की चर्या का सेवन अधिक करना चाहिए।

**शीत ऋतु**

शीतकाल में स्निग्ध मधुर अम्ल लवण रसों का सेवन करना चाहिए। गुड़ एवं पीठी से बनाई वस्तु, उड़द, गन्ने का रस, दूध से बनी वस्तुएं, वसा, तेल तथा नये चावलों का सेवन करना चाहिए। व्यायाम अभ्यंग स्वेदन तथा धूप का सेवन करना चाहिए। शरीर शुद्धि में उष्ण जल का प्रयोग करते रहना चाहिए। इसी प्रकार से हल्का अन्नपान करना चाहिए। भूख लगने पर शालि चावल षष्टिक चावल गेहूं जौ शर्करा मधु परवल आमलकी तथा द्राक्षा का सेवन करना चाहिए। जल जो दिन में सूर्य की किरणों से संतप्त हो जाता हो, रात्रि में चंद्र किरण से शीतल हो जाता हो, अगस्त नक्षत्र से निर्मित हो, निर्मल हो, पवित्र हो तथा काल के प्रभाव से पक्व हो गया हो, वह जल पीने में अमृत के समान होता है।

**शीत ऋतु में होने वाले रोग**

शीत ऋतु में होने वाले सामान्य रोगों में निम्न प्रकार से चिकित्सा करनी चाहिए। जुकाम या राइनाइटिस इस रोग में नासिका व कंठ को अत्यधिक कष्ट होता है। इस रोग के इलाज के लिए डाबर कफ केतु रस को शहद के साथ दिन में तीन बार लेना चाहिए। आचार रसायन का प्रयोग करना चाहिए तथा डाबर कनकासव की एक दो चम्मच मात्रा के साथ डाबर हरिद्रा खंड का सेवन करना चाहिये।

**कास या खांसी**

प्राण वायु जब गले को शुष्क करते हुए पिपासा के साथ उदानानुगत हो जाती है तथा अत्यंत वेग के साथ तीव्र शब्द करते हुए मुख से बाहर निकलती है। तब उसे कास कहा जाता है। यह वातज, पित्तज, कफज, क्षयज और क्षतज इस प्रकार से 5 रूपों में विद्यमान है।

**सामान्य कास चिकित्सा**

डाबर मधुवाणी की एक से दो चम्मच मात्रा दिन में तीन से चार बार वय के अनुसार देनी चाहिए। डाबर सितोपलादि चूर्ण की एक से दो चम्मच मात्रा डाबर हनी के साथ दिन में तीन से चार बार देना चाहिए। डाबर हनीटस सिरप अथवा डॉबर ब्रोंकॉरिड सिरप की दो-दो चम्मच मात्रा सुबह दोपहर शाम देना चाहिए तथा इसके पश्चात जल का सेवन नहीं करना चाहिए।

**दमा अथवा अस्थमा की चिकित्सा:** दमा- शीतल जलवायु के प्रकोप से शीत ऋतु में दमा अत्यधिक प्रकुपित हो जाता है। वायु की शीतलता से अस्थमा के रोगियों को सांस लेने में अत्यंत कष्ट करना पड़ता है। दिन तो किसी भी प्रकार से निकल जाता है किंतु अक्सर रात में यह परेशानी बढ़ जाती है। ऐसी स्थिति में देखभाल अत्यंत ही आवश्यक हो जाती है।

## आपकी बात

### खाली पदों को भरे सरकार

उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरियों में खाली पदों पर भर्ती करने के बजाय प्रदेश सरकार सेवा प्रदाताओं के माध्यम से भर्तियां करती हैं। इससे जो युवा नौकरी में जाते हैं उनका दोहरा शोषण होता है। एक तो अधिकांश सरकारी सेवा प्रदाता कंपनियां युवाओं से घूस लेकर भर्तियां करती हैं, दूसरे उनको बहुत मामूली वेतन मिलता है और तीसरे उनकी नौकरी को भी हमेशा खतरा बना रहता है। यह स्थितियां इसलिए बनी हैं कि अगर सरकार सीधे संविदा पर भर्ती करे तो जो लोग एक बार भर्ती हो जायेंगे वे नौकरी में बने रहने के लिए यूनियन बनाकर शक्ति प्रदर्शन करेंगे, स्थायी करने की मांग करेंगे और फिर वेतन बढ़ाने और बात-बात पर हड़ताल भी करेंगे। कुछ लोगों की मनमानी के कारण आज पूरा युवा परिणाम भुगत रहा है। सरकार अपनी तरफ से संविदा नौकरियों पर भी भारी पैसा खर्च करती है, लेकिन सेवा प्रदाता कंपनी पूरा पैसा नहीं देती हैं। वह खुद भी मुनाफा काटती हैं, उसके कर्मचारी घूस लेते हैं और मामूली वेतन पर युवाओं को रखकर उनका शोषण करती हैं। युवाओं का शोषण रोकने और उनको अच्छा वेतन व सुविधाएं देने के लिए यह जरूरी है सरकार चाहे स्थायी नौकरी दे या संविदा पर रखे, लेकिन भर्तियां सीधे करें। भर्ती में बिचौलिया कंपनियों की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए। हां अगर सरकार को यह डर हो कि यूनियनबाजी होगी तो पहले से ही यह बांड भरा लेना चाहिए कि संविदा नौकरी संविदा ही रहेगी। परमानेन्ट होने के लिए अन्य युवाओं के साथ आवेदन करना होगा। दरअसल आज प्रदेश में लाखों भर्तियों की जरूरत है लेकिन सरकारी नौकरी में मोटा वेतन और काम के बजाय मटरगस्ती के कारण सरकार भर्तियां नहीं करती है और लोगों का काम लटकता है। इसलिए सरकार को अपनी हैसियत के हिसाब से भर्तियां करनी चाहिए। प्राइमरी स्कूलों में कम से कम छह-सात शिक्षक और कर्मचारी होने चाहिए ताकि ठीक से पढ़ाई और अन्य प्रबंध हो सके। भले ही सरकारी वेतन कम दे। गांव में पढ़ाने वाला शिक्षक कम वेतन में काम चला सकता है। एक स्कूल में एक-दो शिक्षक रखने के बजाय सात-आठ कर्मचारी कम वेतन पर रखना चाहिए ताकि सरकार का बोझ भी न बढ़े और लोगों को रोजगार भी मिले और शिक्षा भी सुधरे।

**महेश कुमार श्रीवास्तव, बहराइच.**

### ग्रामीण सड़कों की दुर्दशा

हर बरसात के बाद सड़कों की हालत बदतर हो जाती है और महीनों या कई बार सालों तक उसको दुरुस्त नहीं किया जाता है जिसके कारण गड्ढे लगातार बढ़ते जाते हैं। इससे सड़क दुर्घटनाएं तो बढ़ती ही हैं लेकिन लोगों का चलना भी दूभर हो जाता है। शहरों में तो सड़कों की सुध-खैर भी ली जाती है, लेकिन अधिकांश ग्रामीण सड़कें दुर्दशा की शिकार हैं। उनका कोई पुरसाहाल नहीं है। वर्षों तक गड्ढों की भराई नहीं होती है। शहरों में तो बात-बात पर सड़कें काट देने या उनको खोद डालने की परम्परा सी बन गयी है। एक तरफ सड़क बनकर तैयार होती है और दूसरी तरफ उसे खोदने वाले पहुंच जाते हैं। ऐसा लगता है कि जैसे इंतजार करते हैं कि जल्दी से सड़कें बनें ताकि उनकी खोदाई व तहस-नहस करने का शुरू हो सके। यह दरअसल विकास में नियोजन की कमी का परिणाम है। अगर पहले से यह अनुमान लगा लिया जाये ताकि जो सड़क बनायी जायेगी वहां उसके नीचे से सीवर भी बनना है, अंडरग्राउण्ड बिजली की लाइन जाने है, कम्युनिकेशन केबल बिछाना है, जैसी चीजों का पहले से ही अनुमान लगाकर नियोजन कर लिया जाये तो एक तरफ सड़कें बनने के बद ही दूसरी तरफ उसकी खोदाई न हो। सिर्फ विकास के लिए सड़कों सड़कों को नहीं खोदा जाता है बल्कि कई बार स्वागत द्वार बनाने, टेंट लगाने, होर्डिंग के लिए भी खोदाई होती है। इन पर लगाम लगाने के लिए जरूरी है कि सड़कों का नियोजन ठीक से हो और दूसरे यह कि सड़कों खोदने वालों पर फाइन लगाया जाये।

**मनोज कुमार सिंह, बाराबंकी.**

संक्षेप

## मरीज की हार्ट अटैक से मौत

अयोध्या। जिला अस्पताल के मेडिकल वार्ड में भर्ती एक 50 वर्षीय मरीज की सोमवार को एक्सरे कराने के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। मृतक की पहचान कोरखाना देवकाली निवासी पारसनाथ (50) के रूप में हुई है। वह लंबे समय से अस्थमा के गंभीर मरीज थे और रविवार को ही जिला अस्पताल में भर्ती कराए गए थे।अस्पताल प्रशासन के अनुसार, पारसनाथ का मेडिकल वार्ड में इलाज चल रहा था। सोमवार को चिकित्सकों ने जांच के लिए छाती का एक्सरे कराने की सलाह दी। परिजन उन्हें व्हीलचेयर पर बैठाकर एक्सरे कक्ष की ओर ले जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जैसे ही वह एक्सरे कक्ष के पास पहुंचे, अचानक पारसनाथ बेहोश होकर व्हीलचेयर पर झूल गए। तुरंत उन्हें पास की स्लैब पर लिटाया गया, लेकिन हालत नहीं सुधरी। आनन-फानन में मरीज को इमरजेंसी वार्ड ले जाया गया। सूचना मिलते ही फिजिशियन डॉ. प्रशांत द्विवेदी मौके पर पहुंचे और लगभग 30-40 मिनट तक सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) देते रहे। इसके बावजूद मरीज की सांस नहीं लौटी।

# रामनगरी में अनवरत गूंज रही रामधुन



अयोध्या। श्रीरामजन्मभूमि के शिखर पर भगवा ध्वज फहराने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आगमन के एक दिन पूर्व नगर निगम अयोध्या में रामधुन की गूंज शुरू हो गई। इसका मकसद रामनगरी के वातावरण को भक्ति रस से ओतप्रोत करना है। रामधुन के प्रसारण का सुबह

- 100 स्थानों पर लगे सार्वजनिक संबोधन प्रणाली पर प्रसारण शुरू

10:30 बजे अमानीगंज स्थित कंट्रोल रूम में महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार के साथ बटन दबाकर किया।

उन्होंने जैसे ही माउस से क्लिक किया, सार्वजनिक संबोधन प्रणाली से रामधुन ह्लहे राम... जग में दो ही सुन्दर कामह्ल गूंजने लगी। उन्होंने यहां से उदया चैराहा पहुंचकर रामधुन के प्रसारण का आनंद लिया।इस मौके पर महापौर ने कहा कि अयोध्या धार्मिक नगरी है और यहां के आराध्य प्रभु राम हैं। इसलिए अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को भगवान राम से जुड़े कर्णप्रिय भजन सुनने को मिले, जिससे उन्हें आत्मिक संतोष प्राप्त हो और मन में आध्यात्मिक चेतना प्रस्फुटित हो, इसके लिए नगर निगम ने यह पहल की है। नगर आयुक्त ने कहा कि नगर निगम स्वच्छता, पेयजल के साथ अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को सुखद अनुभूति कराने के लिए तत्पर है। उसी कड़ी में यह पहल की गई है। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि के शिखर पर भगवा ध्वज का आरोहण करने के लिए आ रहे प्रधानमंत्री के आगमन से पूर्व धार्मिक वातावरण को और चटख करने के लिए अयोध्याधाम 38 पब्लिक एड्रेस सिस्टम से तीन राम धुन, सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा सहित भजन का प्रसारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ध्वजारोहण उत्सव के बाद भी रामधन के प्रसारण का सिलसिला सुबह एवं शाम 5:00 से 7:00 बजे तक दो-दो घंटे जारी रहेगा। इस मौके पर अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ एवं भारत भार्गव, जोनल अधिकारी अशोक गुप्त, महाप्रबंधक जलकर सौरभ समेत नगर निगम के अधिकारी एवं संभ्रांतजन मौजूद थे।

## अयोध्या की दिव्यता ने देसी-विदेशी मेहमानों को बनाया मोदी-योगी का मुरीद

अयोध्या। देश ही नहीं विदेशों से आने वाले पर्यटक भी अयोध्या के बदलते स्वरूप को देखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों की खुलकर तारीफ कर रहे हैं। राम मंदिर के निर्माण के बाद अयोध्या का आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन परिदृश्य इतना व्यापक हुआ है कि इसका सीधा प्रभाव शहर की अर्थव्यवस्था, होटल इंडस्ट्री और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में दिखाई दे रहा है। रूस से आई पर्यटक ईवा ने कहा कि अयोध्या एक भव्य और सुंदर आध्यात्मिक नगर के रूप में विकसित हुआ है।

उन्होंने बताया कि यहां ठहरने और सुविधाओं की विश्वस्तरीय व्यवस्था है, शहर साफ-सुथरा है और वातावरण अत्यंत दिव्य है। उनके अनुसार अयोध्या में मिलने वाली सुकूनभरी अनुभूति और श्रद्धामय ऊर्जा भारतीय संस्कृति की विराट शक्ति का अनुभव कराती है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि वह एक आध्यात्मिक व्यक्ति हैं वह भारतीय संस्कृति को जिस प्रकार से प्रमोट कर रहे हैं वह अतुलनीय है। धर्म ध्वज स्थापना कार्यक्रम को लेकर दर्शनार्थियों में भारी उत्साह है। अयोध्या में दूसरे राज्यों से आने वाले तीर्थयात्रियों का तांता लगा हुआ है और पूरा शहर धार्मिक और आध्यात्मिक उल्लास में डूबा दिखाई दे रहा है।

पुणे से आए दर्शनार्थी शिव नारायण ने कहा कि अयोध्या का विकास मोदी और योगी आदित्यनाथ की दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम है। वहीं स्थानीय गीतकार विकल्प त्रिवेदी के शब्दों में यह भावना स्पष्ट झलकती है कि राम मंदिर का सपना युगों बाद पूरा हुआ है और 25 तारीख को लहराने वाला भगवा ध्वज इस ऐतिहासिक क्षण का प्रतीक बनेगा। अयोध्या के आर्थिक विकास में होटल और रेस्टोरेंट कारोबार महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उडुपी टू मुंबई रेस्टोरेंट के मैनेजर शैलेन्द्र कुमार अवस्थी ने बताया कि अयोध्या में फिलहाल चार रेस्टोरेंट संचालित हो रहे हैं और लगभग 10 नई परियोजनाओं पर कार्य जारी है।

उन्होंने कहा कि शहर में कुल 100 करोड़ रुपये निवेश का लक्ष्य है जिसमें से 70 करोड़ रुपये पहले ही लगाए जा चुके हैं। प्रतिदिन 2000 से 3000 लोग उनके यहां भोजन के लिए आते हैं। विशेष अवसरों पर यह संख्या 5000 तक पहुंच जाती है।

## एसआईआर को लेकर सपा जिलाध्यक्ष ने की कार्यकर्ताओं के साथ बैठक



बाराबंकी। प्रदेश में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) मतदाता सूची में किसी भी मतदाता का नाम छूटने न पाये। इसके लिए आपको बूथ स्तर पर मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं मतदाताओं के नाम जुड़वाने के लिए पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष एवं संबंधित बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) एवं चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित बीएलओ के साथ तालमेल बनाते हुए मतदाताओं के फॉर्म भरवाना सुनिश्चित करना हम सभी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है। उक्त उद्गार छाया चैराहा स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर आयोजित बैठक मे जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने कार्यकर्ताओ व पदाधिकारियो को जिम्मेदारी सौपने हुये व्यक्त किये। बैठक मे चैधरी अदनान, प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य सूरज यादव गामा, फरजान उस्मानी, जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह, जिला महासचिव हिमांशु यादव, युवजन सभा अध्यक्ष आशीष सिंह आर्यन, यूथ बिग्रेड जिला अध्यक्ष शाफे जुबेरी आदि पदाधिकारी को जनपद की विभिन्न विधानसभाओं के विभिन्न ब्लॉको की जिम्मेदारी देते हुए समाजवादी पार्टी एसआईआर प्रहरी के रूप में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए प्रत्येक पात्र नागरिक को जागरूक करने के साथ उनके एसआईआर फॉर्म भरवाने में सहायता उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया।

## डीएम ने वेयर हाउस का किया निरीक्षण



बाराबंकी। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी शशांक त्रिपाठी ने ई0वी0एम0 एवं वी0वी0पैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ईवीएम, वीवीपैट स्ट्रांगरूम और सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम की स्थिति का जायजा लेते हुये सम्बधितो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एंव राजस्व निरंकार सिंह सहित मान्यता प्राप्त राजनैतिक पार्टियो से अजीत वर्मा, राजेंद्र वर्मा, विजय प्रकाश वर्मा, विजय कुमार यादव, सुरेश चंद्र गौतम, सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## धूमधाम से मना एफपीएस का वार्षिकोत्सव



अयोध्या। फैजाबाद पब्लिक स्कूल में विद्यालय का वार्षिकोत्सव ह्यूफोरिया 2025ह्ल धूमधाम से मनाया गया। चाइल्ड डेवलपमेंट प्रोजेक्ट अधिकारी डॉ. अनीता सोनकर एवं अध्यक्ष जरीना खान ने दीप प्रज्वलित कर वार्षिकोत्सव का शुभारंभ किया। बच्चों की बहुमुखी प्रतिभा ने स्कूल के विशाल प्रांगण में उपस्थित जन समूह, अभिभावक गण एवं आमंत्रित अतिथियों का मन मोह लिया जिनमें मुख्य आकर्षण स्वागत गीत प्री प्राइमरी जिराफ कान्ट डान्स, प्राइमरी गेट रेडीफाट, हिंदी नाटक तुलना का जहर, स्केटिंग, स्काउट, कराटे, भांगड़ा, अंग्रेजी नाटक सिंड्रेला नृत्य आदि रहे इस अवसर पर प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार मिश्र ने विद्यालय एवं छात्रों की प्रगति एवं वर्ष भर की उपलब्धियों के बारे में बताया। वर्ष 2024-2025 सत्र के 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कक्षा दशम एवं द्वादश के मेधावी छात्र-छात्राओं को एवं उनके माता पिता को सम्मानित किया गया। वही मुख्य अतिथि डॉ. अनीता सोनकर ने छात्रों की प्रतिभा को देखकर विद्यालय की प्रबंध समिति, शिक्षकों एवं छात्रों की प्रशंसा की।

## पीएम के स्वागत की तैयारियों को दिया गया अंतिम रूप

जिला संवाददाता



अयोध्या। ध्वजारोहण में प्रधानमंत्री के आगमन पर स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम को लेकर महानगर के विभिन्न मंडलों की समीक्षा बैठक सर्किट हाउस में हुई। बैठक में तैयारियों को अंतिम रुप दिया गया। बैठक में प्रभारी मंत्री ने स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी जनप्रतिनिधियों व पार्टी के पदाधिकारियों से ली। जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों को प्रभारी मंत्री ने आयोजन को लेकर लगातार कार्यक्रम स्थलों की निगरानी करने के लिए कहा।

प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि प्रधानमंत्री के स्वागत को लेकर आम जनता में उत्साह है। कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी हो गई है। अभिनंदन का यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने कहा कि रामनगरी में होने वाले स्वागत कार्यक्रम को अभूतपूर्व बनाने की तैयारी की गई है। इसकी लगातार समीक्षा की जा रही है। पूरे आयोजन की मानिटरिंग पदाधिकारी लगातार कर रहे है। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री का अयोध्या आगमन रामनगरी के लिए गौरव का क्षण है। यह केवल स्वागत का आयोजन नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर और राष्ट्रभावना का उत्सव है। शहर के प्रत्येक नागरिक में उत्साह है और सभी मिलकर इस ऐतिहासिक अवसर को अद्वितीय बनाने में लगे हैं। अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि अयोध्या में होने वाला ध्वजारोहण समारोह हमारी सांस्कृतिक अस्मिता का गौरवमयी क्षण है। विभिन्न मार्गों और स्वागत ब्लॉकों का निरीक्षण कर समन्वय कार्य को मजबूत किया गया है। नागरिकों में दिख रहा उत्साह इस आयोजन को यादगार बनाएगा। महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि अयोध्या प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए सज गयी है। नगर निगम द्वारा मार्गों, स्वागत स्थलों और व्यवस्था से जुड़े सभी कार्यों को पूरी तत्परता से पूरा किया गया है। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम को लेकर भाजपा जनसम्पर्क अभियान जारी रहा। स्वागत के बने आठो ब्लाक का अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने क्षेत्रीय महामंत्री व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद जनसम्पर्क भी किया। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने दर्जनों मोटरसाईकिल के साथ रैली निकालकर लोगो को स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया।

## हैदरगढ़ विधायक के आवास पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, परिवार को बधाया ढांढस



बाराबंकी। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चैधरी ने ग्राम गुलामाबाद मजरे मीरापुर स्थित हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत के भाई मिथिलेश रावत की आगरा एक्सप्रेस-वे पर दुर्घटना होने से मृत्यु पर उनके आवास पहुंच शोक संवेदना व्यक्त करते हुये मृतक के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। तथा परिवार के सदस्यों को सांत्वना देते हुये कहा कि दुख की इस घड़ी में संपूर्ण भाजपा परिवार उनके साथ खड़ा है। इस अवसर पर मनीष दीक्षित, खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश शर्मा, जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य, पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत, एससी एसटी आयोग प्रदेश अध्यक्ष बैजनाथ रावत, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री रामबाबू द्विवेदी, अमरीश रावत, विजय आनंद बाजपेई, सुशील जायसवाल मौजूद रहे।

## एसआईआर को लेकर डीएम का बूथों पर ताबड़तोड़ निरीक्षण जारी



बाराबंकी। मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का अभियान के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट शशांक त्रिपाठी ने विधानसभा सदर क्षेत्र के कंपनीबाग में इरम कान्वेंट इंटर कॉलेज के कई बूथों का निरीक्षण करते हुये भाग संख्या 328 पर 936 मतदाताओं में से 125 मतदाताओं के एसआईआर फॉर्म भरे जा चुके थे। भाग संख्या 329 में

- एसआईआर का कार्य महत्वपूर्ण जनता भी निभाये अपनी भागीदारी: डीएम
- पूनम वर्मा व जितेंद्र कुमार बने बेस्ट बीएलओ, दोनों का एसआईआर कार्य हुआ पूर्ण

पंजीकृत मतदाता 889 में आज तक 200 फॉर्म कंप्लीट हुए। भाग संख्या 346 में 1307 मतदाताओं में 110 के फॉर्म ही भरे गए। कार्य में शिथिलता पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कार्य में तेजी लाई जाए जिससे समय पर कार्य पूर्ण हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए अन्यथा संबंधित कर्मी दंडित किए जाएंगे। विधानसभा हैदरगढ़ अ0जा0 के भाग संख्या-52 प्राथमिक विद्यालय कोटवा में बीएलओ का कार्य कर रही सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय पहला मजरे सेमरी पूनम वर्मा ने अपने बूथ के सभी 844 मतदाताओं एंव विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या-15 प्राथमिक विद्यालय-कमला पहाड़ापुर में बीएलओ का कार्य कर रहे सहायक अध्यापक जितेंद्र कुमार ने बूथ के कुल 326 सभी मतदाताओं के एसआईआर आवेदनों की शतप्रतिशत फीडिग कार्य पूर्ण कर लिया है। इस दोनों बीएलओ को जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी द्वारा बेस्ट बीएलओ के खिताब से नवाजा गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि दोनों बीएलओ का कार्य बहुत ही सराहनीय रहा है उन्होंने सबसे पहले कार्य पूर्ण करके नजीर पेश की है।

## नशीला पदार्थ खिलाकर चोरी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार, 50 लाख का आभूषण बरामद





बहराइच। पुलिस अधीक्षक जनपद बहराइच द्वारा अपराध व अपराधियों की रोकथाम एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु दिये गये दिशा-निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री अशोक कुमार सिंह के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी म्नगर श्री पहुप सिंह के पर्यवेक्षण में थाना दरगाह शरीफ, स्वॉट/ सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा चोरी की घटना का 02 दिवस के भीतर सफल अनावरण करते हुए अभियुक्ता को किया गया गिरफ्तार एवं करीब 50 लाख रुपये के आभूषण किये गये बरामद।

थाना दरगाह शरीफ पुलिस को मनोज कुमार तुलस्यान पुत्र स्व० ओमप्रकाश तुलस्यान निवासी सी-7 डीएसएल ग्रीन सिटी थाना दरगाह शरीफ जनपद बहराइच द्वारा सूचना दी गयी उनके रिश्तेदार द्वारा घर की अलमारी का लॉकर खोलकर उसमें रखे हुये पत्नी व परिवार के अन्य सदस्यों के आभूषण कीमती करीब 50,00,000/-रुपये चुरा लिये गये हैं।

घटना के शीघ्र अनावरण हेतु पुलिस टीम गठित कर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सख्त निर्देश दिये गये थे, जिसके क्रम में स्वाट/ सर्विलांस व थाना दरगाह शरीफ की संयुक्त टीम द्वारा घटनास्थल निरीक्षण, पारिस्थितिजन्य, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज आदि की मदद से अभियुक्ता की तलाश की जा रही थी कि गुल्लाबीर मंदिर के समीप अंडरपास रेलवे क्रासिंग के पास से अभियुक्ता शिवानी खेतान को गिरफ्तार करते हुए समस्त आभूषण सोने, चांदी व हीरे के करीब 50 लाख रुपये बरामद किया गया।

## मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक



बहराइच। मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर भ्रमण कर, विद्यालयों में जाकर व चौपाल लगाकर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गय महिला संबंधी घटित अपराध की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1090, 1098, 1076, 112, 181, 108 आदि और साइबर संबंधित अपराध के शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1930 की जानकारी दी गई। साथ ही मानव तस्करी / बच्चों की तस्करी के संबंध में भी पुलिस टीम द्वारा विस्तार से जानकारी दी गयी तथा संबंधित को बताया गया कि इस तरह की अवैध गतिविधियों से कैसे सुरक्षित रहा जा सकता है। अंत में महिलाओं को आत्म-रक्षा के सरल तरीके तथा खतरनाक परिस्थितियों से बचने के उपाय भी साझा किए गए।

## निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविर में 190 लोगों की जांच, 55 मोतियाबिंद मरीज सीतापुर अस्पताल रेफर



रुपईडीहा बहराइच। आदर्श थाना कोतवाली रुपईडीहा क्षेत्र के शिवपुरा पंचायत भवन में सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेतृत्व में राधेलाल हरिनारायण चैरिटेबल ट्रस्ट आरएचएन फाउंडेशन रवि अग्रवाल के द्वारा विशाल निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ कराने के उद्देश्य से लगाए गए इस शिविर में भारी संख्या में स्थानीय लोग लाभान्वित हुए। शिविर का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं आरती के साथ किया गया। आरएचएन फाउंडेशन के सहयोग से सीतापुर नेत्र अस्पताल से पहुंचे विशेषज्ञों की टीम शिविर संचालक अरविंद मिश्रा के नेतृत्व में लगभग 190 मरीजों की नेत्र जांच की गई। जांच के दौरान 55 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि होने पर उन्हें सीतापुर नेत्र चिकित्सालय में निःशुल्क ऑपरेशन हेतु विशेष बस से भेजा गया।

शिविर में आए रोगियों को फाउंडेशन की ओर से निःशुल्क दवाएं और चश्मे भी उपलब्ध कराए गए। इसी दौरान युवराज सिंह फाउंडेशन की ओर से स्वास्थ्य टीम डॉ. ज्योति दत्त, अंजली, प्रिंसी और प्रियांका ने लगभग 90 महिलाओं का निःशुल्क ब्रेस्ट कैंसर परीक्षण किया। गांव की महिलाओं में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से टीम ने प्रारंभिक लक्षणों एवं रोकथाम से संबंधित जानकारी भी प्रदान की। स्थानीय ग्रामीणों ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य कार्यक्रम दूरदराज के क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं की बड़ी सहूलियत प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में ,इंस्पेक्टर रमेश राव, एसएसबी शिवपुरा पोस्ट के सबइंस्पेक्टर डिंबेश्वर दास आरएसएस के जिला प्रचार प्रमुख विवेक कुमार शुक्ला, जिला घुमंतू प्रमुख चंद्रप्रकाश, सह खंड कार्यवाह दीपक शर्मा, गुड्डू गुप्ता, अमेरिका प्रसाद, मोहित पाठक सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## एनएच-28 के किनारे लगे लंदन सिटी मेले से दुर्घटना का खतरा, प्रशासन पर उठ रहे सवालिया निशान



बहराइच। थाना रामगांव क्षेत्र में शहर से लगभग एक किलोमीटर दूर एनएच-28 बहराइचझ्र लखनऊ नानपारा के बीजी मार्ग के किनारे लगाए गए प्राइवेट लंदन सिटी मेले मे लगाई गई दुकानों मे धड़ल्ले से नियमों को ताक पर रखकर घरेलू सिलेंडर यूज किए जा रहे है वही फूड सेफ्टी को लेकर भी दुकानदारों ने बिना लाइसेंस के खाद्य पदार्थ बेचे जा रहे है

वही नेशनल हाइवे 28 किनारे लंदन सिटी मेले को लेकर लोगों में आक्रोश और चिंता बढ़ती जा रही है। मेले में परिवारों की भारी भीड़ पहुंच रही है, लेकिन हाईवे के बिल्कुल किनारे मेले के संचालन से किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है रात को ठंड मे कोहरा बढ़ने कि तेज रफ्तार वाहनों और पैदल चलने वालों के बीच कभी भी कोई गंभीर दुर्घटना हो सकती है।

वही फायर ब्रिगेड की ओर से मेले को लेकर कोई विशेष ड्यूटी या आग बुझाने वाले उचित यंत्र भी नजर नही आयेसबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि हाईवे के इतने नजदीक मेले को लगाने की अनुमति जिला प्रशासन ने कैसे दी लोगों का आरोप है कि इस आयोजन में सुरक्षा मानकों की खुलकर अनदेखी हो रही है और जिम्मेदार विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहे।जब मेला संचालकों से जिला प्रशासन की अनुमति दिखाने के लिए कहा गया, तो वे स्पष्ट जवाब देने से बचते दिखाई दिए। इससे लोगों के मन में शक और गहरा हो गया है कि कहीं यह मेला बिना अनुमति या किसी मिलीभगत से अवैध तरीके से तो नहीं संचालित किया जा रहा।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि नेशनल हाईवे पर कोई हादसा होता है, तो इसकी जिम्मेदारी आखिर कौन लेगा– मेला प्रबंधन, प्रशासन या संबंधित विभाग ?लोग प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि स्थिति का संज्ञान लेकर सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित किए जाएँ, ताकि किसी अनहोनी से बचा जा सके।

## सड़क दुर्घटना में निजी विद्यालय के संचालक की मौत

सोहावल-अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र के गोपीनाथपुर निवासी एक निजी विद्यालय के संचालक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। सोमवार की सुबह रौनाही ड्योढ़ी बाजार मार्ग पर प्रतिदिन की भांति मार्निंग वाक पर निकले शिव बरन पुत्र अलगू उम्र लगभग 60 वर्ष को शेखपुर जाफर के मजरे पूरे अब्बू सईद के समीप किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। गंभीर रूप से घायल को मौके पर पहुंची पुलिस में जिला अस्पताल भेजा। वहां पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। एस आई कमल सिंह ने बताया कि मौत के बाद पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। आरोपी वाहन की तलाश की जा रही है।

## काकोरी एक्शन के दस्तावेजों की प्रर्दशनी कल

अयोध्या। अशफाक उल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान ने 26 नवंबर बुधवार को शहीद कक्ष जिला कारागार अयोध्या में काकोरी एक्शन के दस्तावेजों की प्रर्दशनी आयोजित किया है। प्रर्दशनी महुआ डाबर संग्रहालय की तरफ से प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अध्यक्ष खोजी पत्रकार डा शाह आलम राना है।

संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्य कांत पाण्डेय ने बताया कि प्रातः काल 10 बजे से आयोजित इस अद्भुत आयोजन का उद्घाटन वरिष्ठ जेल अधीक्षक करेंगे। प्रर्दशनी के अवलोकन हेतु जनपद के वरिष्ठ नेताओं, पत्रकारों, बुद्धिजीवी, साहित्यकार, विद्यार्थी आमंत्रित किए गए है। उन्होंने विद्यालयों के प्राचार्यों से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक छात्रों को प्रर्दशनी का अवलोकन कराएं जिससे काकोरी एक्शन शताब्दी वर्ष पर उन्हें शहीदों की शहादत की जानकारी मिल सके।

संक्षेप

## व्यवसायी हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार

**कादीपुर, सुलतानपुर।** किराना व्यवसायी राकेश कुमार गुप्ता हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी के पास से पुलिस ने आला कत्ल हरे बांस का डंडा बरामद किया है। सोमवार की सुबह लगभग सवा आठ बजे पुलिस को सूचना मिली कि गोमती नदी के डेवाढ घाट के पास संदिग्ध अवस्था में कोई व्यक्ति खड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे धर दबोचा। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि 19 नवंबर को दिन में वह उसी दुकान पर सिगरेट खरीदने गया था। इसी दौरान राकेश कुमार गुप्ता से उसकी कहा सुनी हो गई थी। जिससे नाराज होकर वह वहां से चला गया। फिर रात में वापस आकर दुकान के सामने सो रहे राकेश कुमार गुप्ता को हरे बांस के डंडे से पीट-पीट कर उनकी हत्या कर दी। आरोपी की पहचान कोतवाली क्षेत्र के राईबीगो चंदेलपुर गांव के संदीप निषाद उर्फ मोटू निषाद के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के पास से हरे बांस का डंडा, मृतक की मोबाइल सहित तीन मोबाइल बरामद किया है। बताते चलें कि 19/20 नवंबर की रात जलालपुर पांडे का पूरा निवासी किराना व्यवसायी राकेश कुमार गुप्ता की कादीपुर खुर्द बाजार में अपने किराना की दुकान के सामने सोते समय पीट पीटकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## अखिल भारतीय हिंदू महासभा में विस्तार

**लालगंज, रायबरेली।** अखिल भारतीय हिंदू महासभा में सोमवार को महत्वपूर्ण संगठनात्मक फेरबदल करते हुए प्रदेश स्तर पर दो प्रमुख नियुक्तियाँ की गईं राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी विजय नारायण भट्ट के दिशा-निर्देश पर संगठन के राष्ट्रीय संयोजक एवं प्रभारी अनिल कुमार शर्मा ने शैलेन्द्र अग्निहोत्री को प्रदेश अध्यक्ष तथा राजेंद्र अवस्थी को प्रदेश संयोजक के पद पर मनोनयन पत्र सौंपा। नई नियुक्तियों के साथ ही संगठन ने आगामी समय में प्रदेशभर में सदस्यता विस्तार,जिला इकाइयों के पुनर्गठन और हिंदू समाज से जुड़े कार्यक्रमों को तीव्र गति से आगे बढ़ाने की घोषणा की है।

## भोजपुर-ऊंच गांव मार्ग खोलने की मांग

**लालगंज, रायबरेली।** भारतीय किसान यूनियन श्रमिक शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशिकांत तिवारी ने सार्वजनिक निर्माण विभाग और सरेनी पुलिस के द्वारा भोजपुर ऊंच गांव मार्ग बंद किये जाने पर गहरी नाराजगी जताई है। शशिकांत तिवारी का कहना है कि सरकारी महकमें के द्वारा लोगों की दिक्कतों से कोई लेना-देना नहीं है तभीतो सड़क मार्ग बंद किया गया है। आखिरकार बिना किसी जांच पड़ताल के सैकड़ो वर्ष पुराने मार्ग को बंद किए जाने से क्षेत्र के लोग बुरी तरह परेशान हैं। किसान नेता का कहना है कि मार्ग बंद होने से चल रही सहालक में शादी विवाह में आने वाली बसों को जहां भारी दिक्कत हो रही है वहीं किसानों को अपनी ट्रैक्टर ट्राली ले जाने में भी दिक्कत होती है। वर्तमान में किसानों को गन्ना और पैरा आदि ट्राली से लाना रहता है जो कि नहीं ला पा रहेहैं। व्यापारिक गतिविधियां भी भोजपुर की बंद है। वास्तव में सरकारी महकमें के द्वारा सड़क पर स्थाई मोटे लोहे के पाइप गाड़कर सड़क मार्ग को बंद कर दिया गया है। जिसके कारण लोगों को मुसीबत उठानी पड़ रही है।

# एसआईआर को लेकर डीएम पहुंचीं महाराजगंज तहसील



**महराजगंज, रायबरेली।** जिले में चल रही एसआईआर संबंधी तैयारियों और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी हर्षिता माथुर बुधवार को महराजगंज तहसील सभागार पहुँचीं। यहाँ उन्होंने तहसील एवं ब्लॉक स्तर के सभी संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की, जिसमें एसआईआर से जुड़े सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान डीएम ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकारी कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रक्रियाओं को समय से पूर्ण करें तथा फील्ड में की जा रही गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए रखें। उन्होंने यह भी जोर दिया कि प्रत्येक जिम्मेदार अधिकारी अपनी भूमिका का ईमानदारी से निर्वहन करें और एसआईआर को लेकर सौंपे गए कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें। समीक्षा बैठक के बाद डीएम हर्षिता माथुर विभिन्न बूथों पर पहुँचीं और वहाँ की वास्तविक व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने आवश्यक अभिलेखों, कर्मचारी उपस्थिति, साफ-सफाई, उपकरणों तथा अन्य व्यवस्थाओं की बारीकी से जाँच की। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से आवश्यक जानकारी ली और कमियों को तुरंत दूर करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण का सिलसिला यहीं नहीं रुका। डीएम हर्षिता माथुर सीधे कुबना और पाली गाँव के दौरे पर भी पहुँचीं। यहाँ उन्होंने जमीनी हालात का अवलोकन किया तथा ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को भी जाना। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गाँव स्तर पर चल रही योजनाओं और व्यवस्थाओं में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी स्तर पर अनियमितता या लापरवाही पाई गई, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, चाहे वह कोई भी पदाधिकारी क्यों न हो। जिला प्रशासन की प्राथमिकता जनहित में बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करना है और इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। अंत में डीएम हर्षिता माथुर ने कहा कि जिला प्रशासन पूरी तत्परता के साथ एसआईआर से जुड़ी कार्यवाहियों पर नजर रख रहा है। सभी अधिकारी और कर्मचारी अपने कर्तव्यों के प्रति जिम्मेदार रहें और समय-समय पर फील्ड निरीक्षण करके कार्यों की प्रगति सुनिश्चित करें।

# किसना लकी ड्रॉ में विजय को कार व मनीष को मिली स्कूटी

**रायबरेली।** हरी किसना ग्रुप द्वारा संचालित किसना डायमंड, गोल्ड ज्वेलरी की रायबरेली शाखा की संचालिका सोनिया रस्तोगी द्वारा एक भव्य लकी ड्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा ने कहा कि ह्णआज का यह लकी ड्रॉ केवल उपहार देने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि नारी शक्ति सशक्तिकरण तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने का एक माध्यम भी बन चुका है ह्व श्री सिन्हा ने कहा कि ई. विजय रस्तोगी एवं सोनिया रस्तोगी द्वारा यहां पर आने वाले प्रत्येक ग्राहक को एक पौधा भेंट देकर उन्हें सम्मानित किया जाता है तो यह अपने आप में पर्यावरण जागरूकता अभियान जैसा ही है। साथ ही मुझे श्री रस्तोगी द्वारा बताया गया कि संस्थान द्वारा जितने ग्राहक खरीद करते है उतने ही पेड़ लगाने का कार्य किया जाता है और उतने ही जरूरतमंदों को भोजन वितरित किया जाता है। निश्चित तौर पर जिस संस्थान के फाउंडर समाज सेवा व कर्मचारियों के लिए इतना समर्पित हो तो उनसे जुड़े लोग भी अच्छा कार्य करेंगे इसके लिए इस ग्रुप को बधाई।

मुख्य अतिथि ने स्कूटर विजेता मनीष त्रिपाठी तथा कार विजेता पूनम विजय कुमार यादव को गाड़ी की चाबी सौंपकर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर सुमेधा रस्तोगी, रवींद्र सोलंकी, राकेश सिंह, गया शुक्ला, विवेक उपाध्याय, जयदीप गुप्ता, भुवन पांडे, अमित श्रीवास्तव, वीरेंद्र अग्रहरि, व आर बी वैश्य समेत कई गणमान्य व्यक्ति एवं उपस्थित रहे।

संस्थान की ओर से आए पवन कुमार द्वारा किए जा रहे पर्यावरण को समर्पित कई कार्यों की जानकारी भी दी जिसमें जल संरक्षण और वृक्षारोपण कार्य के लिए श्री सावजी ढोलकिया को राष्ट्रपति द्वारा पद्मश्री अवार्ड दिया गया। ढोलकिया देश के वो उद्योगपति है जिन्होंने अपनी कंपनी के कर्मचारियों को 600 कारें, और मकान देकर कर्मचारी-कल्याण का अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने कहा कि हरी किसना ग्रुप केवल व्यवसाय ही नहीं कर रहा बल्कि सामाजिक दायित्व, पर्यावरण संरक्षण और मानव सेवा के क्षेत्र में भी प्रेरणादायक कार्य कर रहा है। संचालिका सोनिया रस्तोगी द्वारा आयोजित भव्य लकी ड्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा को धन्यवाद व्यक्त किया गया साथ ही डॉ सुमेधा रस्तोगी द्वारा मुख्य अतिथि को एक पौधा भेट किया है।

# कृषकों को वितरण की गयी डीएपी और यूरिया खाद



**तिलोई, अमेठी।** सहकारी समिति सेमरौता में डीएपी की एक खेप 300 बोरी पहुंची है जिसे सोमवार को कृषकों को वितरण किया गया समिति सचिव आलोक पाण्डेय ने बताया हैं की 01/10/2025 से अब तक 449 कृषकों को 849 बोरी डीएपी वितरण किया गया है समिति सदस्यों को प्राथमिकता दिया जा रहा जिन कृषक का फॉर्मर रजिस्ट्रेशन हुआ हैं उन्हें भी उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है समिति सचिव द्वारा क्षेत्र के सभी कृषकों को जानकारी दिया जा रहा है की सभी कृषक फॉर्मर रजिस्ट्रेशन करा ले जिससे भूमि मानक के अनुसार उर्वरक प्राप्त कराया जा सके समिति में जन सुविधा केन्द्र के माध्यम से फॉर्मर रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है कृषक समिति आ के फॉर्मर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं समय से उर्वरक मिल जाने पर क्षेत्र के कृषकों में खुशी का माहौल हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग सम्मेलन में देश-विदेश के विशेषज्ञ होंगे शामिल

**अमेठी।** इंदिरा गांधी स्कूल और कॉलेज ऑफ नर्सिंग, मुंशीगंज, में 4, 5 और 6 दिसंबर को एक महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन में देश और विदेश से बड़ी संख्या में नर्सिंग विशेषज्ञ भाग लेंगे। नर्सिंग अनुसंधान की सीमाओं से परे सार्वभौमिक कल्याण के लिए अनुसंधान पद्धतिगत एकीकरण सम्मेलन का एक विशिष्ट उद्देश्य नर्सिंग अनुसंधान और अभ्यास में मिश्रित विधियों के अभिनव अनुप्रयोगश्ल पर केंद्रित है।इस आयोजन का लक्ष्य दुनिया भर के विद्वानों, शोधकताओं, शिक्षाविदों, पेशेवरों और छात्रों को एक साझा मंच पर लाना है। प्रतिभागी यहां नर्सिंग अनुसंधान और अभ्यास के क्षेत्र में उभरते रुझानों और नवाचारों पर अपने विचारों और ज्ञान का आदान-प्रदान करेंगे। इंदिरा गांधी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, अमेठी के प्रिंसिपल डॉ. रमेश ने सभी प्रतिष्ठित प्रतिभागियों, शोधकताओं और पेशेवरों से इस विश्वव्यापी आयोजन में शामिल होने का अनुरोध किया है। डॉ. शनमुगम ने विश्वास व्यक्त किया कि इस तरह के सम्मेलनों से छात्रों और शिक्षकों को नए ज्ञान और अनुभवों से प्रेरणा मिलेगी। गौरतलब है कि इंदिरा गांधी कॉलेज ऑफ नर्सिंग अपनी उच्च कोटि की शिक्षा और अत्याधुनिक प्रयोगशाला के लिए प्रदेश में प्रसिद्ध है। संस्थान इस तरह के आयोजनों के माध्यम से छात्रों के कौशल में निखार लाता है, जिसके परिणामस्वरूप यहाँ के छात्र-छात्राएं देश-विदेश में रोजगार पाकर अमेठी ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं।

## सार्वजनिक अवकाश 24 के स्थान पर 25 को

**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने बताया कि उ0प्र0 शासन द्वारा वर्ष-2025 हेतु घोषित अवकाशों की सूची के प्रस्तर-2 के बिन्दु संख्या-७५ कार्यकारी आदेशों के तहत अवकाशों की सूची के क्रमांक-2 पर श्री गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान दिवस को 24 नवम्बर 2025 दिन सोमवार को कार्यकारी आदेशों के अन्तर्गत अवकाश घोषित किया गया था। इस क्रम में उन्होंने बताया कि शासन स्तर पर सम्यक विचारोपरान्त श्री गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान दिवस पर 24 नवम्बर 2025 (शक संवत आग्रह्यण 03, 1947 एवं विक्रम संवत 2082 मार्गशीर्ष शुक्ल 04 सोमवार) को कार्यकारी आदेश के अन्तर्गत घोषित अवकाश के स्थान पर 25 नवम्बर 2025 (शक संवत आग्रह्यण 04, 1947 एवं विक्रम संवत 2082 दिन मंगलवार) को अवकाश किये जाने का निर्णय लिया गया है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि जनपद की अवकाश सूची-2025 में 24 नवम्बर 2025 दिन सोमवार को श्री गुरू तेग बहादुर जी के बलिदान दिवस पर घोषित सार्वजनिक अवकाश के स्थान पर 25 नवम्बर 2025 दिन मंगलवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है, तद्नुसार वर्ष-2025 के लिये कार्यालय द्वारा निर्गत अवकाश तालिका को उक्त सीमा तक संशोधित समझा जाये।

# अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही पानी टंकी

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** क्षेत्र के बख्त का पूरा बरौंसा गांव में लाखों रुपये की लागत से बनाई गई बरौंसा पानी टंकी आज अपनी ही बदहाली पर आंसू बहा रही है।



बरौंसा बाजार और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निर्मित यह टंकी लंबे समय से जलापूर्ति ठप होने के कारण क्षेत्रवासियों की समस्या बढ़ा रही है। शुरूआती दिनों में टंकी से नियमित जलापूर्ति होती थी, लेकिन पाइपलाइन के खस्ताहाल होने और जगह-जगह रिसाव के चलते पिछले कई महीनों से आपूर्ति पूरी तरह बाधित है। बाजार में हैंडपंपों की संख्या भी सीमित होने के कारण स्थानीय दुकानदारों और निवासियों की परेशानी और बढ़ गई है। पानी की किल्लत के चलते लोग अब आरओ का पानी खरीदने को मजबूर हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी हालात काफी चिंताजनक बने हुए हैं। इस समस्या को लेकर क्षेत्रीय लोगों ने कई बार प्रशासन से शिकायतें कीं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। बरौंसा बाजार व्यापारी राकेश पांडेय बताते हैं कि करीब एक दशक पहले बनी इस पानी टंकी से कभी भी सुचारू जलापूर्ति नहीं मिल पाई। पाइपलाइन की मरम्मत अथवा नई लाइन बिछाने की पहल वर्षों से नहीं हुई है। पंप ऑपरेटर अवधेश कुमार गौड़ का कहना है कि पाइपलाइन की जर्जर हालत के कारण टंकी से पानी सप्लाई करना संभव नहीं है। इसके अलावा, उन्हें पिछले छह महीनों से मानदेय भी नहीं मिला है, जिससे संचालन कार्य और अधिक प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही मरम्मत और पाइपलाइन सुधार के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो पेयजल संकट और गहरा सकता है। प्रशासन से लोगों ने तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

# ऑटो चालकों का जोरदार प्रदर्शन ट्रैफिक इंचार्ज ने दिया आश्वासन



**रायबरेली।** शहर के रूट नंबर-2 पर चलने वाले सैकड़ों ऑटो चालकों ने सोमवार को त्रिपुला चैराहे पर एकत्रित होकर जोरदार प्रदर्शन किया। चालकों का गुस्सा इस बात को लेकर था कि गल्ला मंडी से सवारी लेकर आने पर पुलिसकर्मी त्रिपुला चैराहे पर ही सवारियों को उतरवा देते हैं, जबकि रेलवे स्टेशन से रतापुर जाने वाली सवारियों को भी यहीं उतार दिया जाता है। इससे चालकों की कमाई पर सीधा असर पड़ रहा था और उनका रूट छोटा कर दिया जा रहा था।

प्रदर्शन की सूचना मिलते ही मौके पर ट्रैफिक इंचार्ज विनय तिवारी भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे। ऑटो चालकों ने अपनी समस्याएं रखते हुए कहा कि रूट निर्धारित होने के बावजूद बीच में ही सवारियों को उतारने से उनकी रोजी-रोटी प्रभावित हो रही है। चालकों ने चेतावनी दी कि अगर यह व्यवस्था नहीं बदली गई तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। चालकों की बात सुनने के बाद ट्रैफिक इंचार्ज विनय तिवारी ने सभी को शांत करते हुए बड़ा आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, ह्णअब किसी भी ऑटो चालक का वाहन रूट के बीच में नहीं रोका जाएगा। रूट का डिवाइड पूरी तरह खत्म कर दिया गया है। अब आप किसी भी रूट पर निर्बाध रूप से चल सकते हैं। साथ ही उन्होंने सख्त हिदायत भी दी कि रोड पर ऑटो कतई खड़ा नहीं करना है। बिना कागजात, लाइसेंस और नंबर प्लेट के ऑटो नहीं चलाया जाएगा

सभी दस्तावेज पूर्ण रूप से सही रखने होंगे, किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर चालान के साथ-साथ सख्त कार्रवाई होगी ट्रैफिक इंचार्ज के आश्वासन के बाद ऑटो चालकों ने अपना प्रदर्शन समाप्त कर दिया और यातायात सुचारु रूप से बहाल हो गया। चालकों ने राहत की सांस लेते हुए कहा कि अगर प्रशासन वादे पर कायम रहा तो उनकी सबसे बड़ी समस्या दूर हो जाएगी।

# आद्याशंकर मिश्र को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**सुलतानपुर (वीओएल)।** राजू एसोसिएट के संस्थापक प्रबंधक स्वर्गीय बाबू आद्याशंकर मिश्र की 18वीं पुण्यतिथि पर राजू पब्लिक इंटर कॉलेज, गदनपुर धूंधूं में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक, छात्र और क्षेत्रवासी शामिल हुए। दो मिनट के मौन के बाद पूजन अर्चन व हवन के उपरांत सभी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। प्रबंधक नवनीत मिश्र ने स्व. मिश्र के जीवन एवं कार्यों को याद करते हुए कहा कि उन्होंने क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक शैक्षिक संस्थाओं की स्थापना की, जिनका उद्देश्य युवाओं को शिक्षित, संस्कारवान और रोजगारोन्मुख बनाना था। उन्होंने बताया कि मिश्र का सपना था कि शिक्षा और रोजगार का अभाव किसी भी परिवार की प्रगति में बाधा न बने। आज हम सभी उनके सपनों को पूरा करने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। वरिष्ठ शिक्षक रमाकांत दुबे ने कहा कि स्व. मिश्र न सिर्फ शिक्षा क्षेत्र में बल्कि पत्रकारिता से भी जुड़े रहे। उन्होंने सामाजिक मुद्दों को उठाकर रचनात्मक परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दुबे ने कहा कि स्व. मिश्र की कलम ने समाज को दिशा दी और उनकी सोच ने कई युवाओं को प्रेरित किया। प्रधानाचार्य विभूति दुबे ने बताया कि बैंक सेवा में रहते हुए भी मिश्र समाज सेवा के विभिन्न सोपानों द्वारा सदैव सक्रिय रहे। वे मानते थे कि पद चाहे जो भी हो, मन में इच्छा और समाज के प्रति संवेदना हो तो बड़ा परिवर्तन संभव है। उप प्रधानाचार्य सविता पांडेय ने कहा कि स्व. मिश्र ने विद्यालय को ह्णज्ञान और संस्कारह्व का केंद्र बनाने की नींव रखी। उन्होंने विशेष रूप से बालिकाओं की शिक्षा को प्राथमिकता दी और सुरक्षित, सक्षम वातावरण निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस मौके पर वृजेश मौर्य, संत प्रसाद दुबे, दीपनारायण पाठक, जेएन यादव, राहुल पांडेय, ओपी शर्मा, रानी अग्रहरि, मंजू पाल, नीतू वर्मा, अर्चना पांडेय, अंजली श्रीवास्तव, रेशमा, डीपी पांडेय, पुष्पेंद्र विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# अनुशासन और खेल भावना से ही राष्ट्र का निर्माण होता है

**हरचंदपुर, रायबरेली।** बाल विद्या मंदिर ग्रुप ऑफ स्कूल्स, गंगागंज में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का सोमवार को भव्य समापन हुआ। अंतिम दिन के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी हरचंदपुर हरिकेश सिंह ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। हरिकेश सिंह ने कहा, ह्णछात्र जीवन में डाले गए संस्कार ही भविष्य की मजबूत नींव बनाते हैं। अनुशासन और खेल भावना से ही राष्ट्र का निर्माण होता है ।ह्व उन्होंने शिक्षकों से बच्चों में अनुशासन की भावना विकसित करने का आह्वान भी किया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने मधुर सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का स्वागत किया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन क्रिकेट के रोमांचक फाइनल मुकाबले में सुभाष हाउस ने एसबीएस हाउस को 5 विकेट से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। गर्व पटेल प्रथम, हसन अहमद द्वितीय, 2000 मीटर पैदल चाल (बालिका) में लक्ष्मी प्रथम, गरिमा यादव द्वितीय, प्रियांशी तृतीय, 100 मीटर दौड़ (बालिका) ओजस्विता प्रथम, प्रियल सिंह द्वितीय, कोमल एवं अंशिका संयुक्त रूप से तृतीय, 100 मीटर दौड़ (बालक) राजन प्रथम, हिमांशु द्वितीय, प्रियांशु तृतीय, 200 मीटर दौड़ (बालिका) सोनम प्रथम, अनन्या द्वितीय, अर्चना तृतीय, 200 मीटर दौड़ (बालक) अभिषेक प्रथम, राजन द्वितीय, प्रियांशु तृतीय, 400 मीटर दौड़ (बालिका) सोनम प्रथम, अनन्या द्वितीय, तनु तृतीय स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित पूर्व शिक्षक लक्ष्मी कांत शुक्ला ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल, ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए।

## पेंशनर्स संगठन ने सौंपा कोषाधिकारी को ज्ञापन



**सुलतानपुर (वीओएल)।** पेंशन राशि में हो रही कटौती को लेकर उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था, शाखा सुलतानपुर का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को कोषाधिकारी से मिला और अपनी समस्याओं के समाधान हेतु ज्ञापन प्रस्तुत किया। प्रतिनिधिमंडल ने पेंशनरों की पेंशन राशि में बिना स्पष्ट कारण की जा रही कटौती पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए तत्काल जांच कर समस्या दूर करने की मांग उठाई। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि पेंशन बुजुर्गों की जीवनरेखा है, ऐसे में कटौती से वरिष्ठ नागरिकों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कोषाधिकारी ने ज्ञापन प्राप्त कर आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। मौके पर जिलाध्यक्ष सुयश नारायण उपाध्याय, जिला मंत्री झिनकू पांडेय समेत अन्य मौजूद रहे।

## परीक्षा में वर्णात्मक व विश्लेषणात्मक मूल्यांकन की संतुलित व्यवस्था भी आवश्यक है

**सुलतानपुर (वीओएल)।** राणा प्रताप पी. जी. कॉलेज के शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा स्नातक सम सेमेस्टर परीक्षा में बहुविकल्पीय प्रश्न पद्धति की उपयोगिता एवं सीमाओं पर केंद्रित वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आलोचनात्मक चिंतन, तार्किक प्रस्तुति तथा शैक्षिक मूल्यांकन के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। इस प्रतियोगिता में बी.ए. पंचम सेमेस्टर से सृष्टि सिंह, सुप्रिया भारती, शबनम बानो, अंतिम तथा देवेंद्र तिवारी, बी.ए. तृतीय सेमेस्टर से काजल यादव, सेजल शर्मा, एवं बी.ए. प्रथम सेमेस्टर से राज सिंह, माधुरी एवं साक्षी सिंह ने बहुविकल्पीय प्रश्न प्रणाली के पक्ष एवं विपक्ष में अपने




विचार प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए। पक्ष में प्रस्तुत मुख्य विचार में बहुविकल्पीय प्रश्नों से व्यापक पाठ्यक्रम का तीव्र एवं वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन संभव होता है, यह प्रणाली मूल्यांकन में पारदर्शिता और त्रुटिरहित परिणाम प्रदान करती है। प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी के लिए यह पद्धति विद्यार्थियों को अनुकूल वातावरण प्रदान करती है। विपक्ष में रखे गए प्रमुख तर्क बहुविकल्पीय प्रश्न विद्यार्थियों की रचनात्मकता, विश्लेषणात्मक सोच और अभिव्यक्ति कौशल को कमजोर कर देते हैं। अनुमान आधारित उत्तर देने की प्रवृत्ति वास्तविक ज्ञान का सही मूल्यांकन नहीं कर पाती, यह पद्धति विषय की गहराई में जाने की प्रेरणा को सीमित करती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. शिल्पी सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्नातक स्तर पर बहुविकल्पीय प्रश्न प्रणाली तेजी से बदलते शैक्षिक परिदृश्य की मांग है, परंतु इसके साथ वर्णात्मक एवं विश्लेषणात्मक मूल्यांकन की संतुलित व्यवस्था भी आवश्यक है।

# छात्र आत्मविश्वास विकसित करें, परिस्थितिं के अनुरूप ढलने की क्षमता बढ़ायें

**सुलतानपुर (वीओएल)।** राणा प्रताप पी.जी. कॉलेज के समाजशास्त्र विभाग द्वारा आज परास्नातक प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए युवा पीढ़ी में परीक्षा के प्रति बदलते दृष्टिकोण विषय पर एक विचारोत्तेजक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कॉलेज के ही समाजशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अखिलेश सिंह रहे, जिन्होंने अपने रोचक, शोधपरक एवं समकालीन विश्लेषण से उपस्थित छात्र-छात्राओं को गहराई से अवगत कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष श्री बृजेश कुमार सिंह ने की। संचालन डॉ. बृजेश सिंह द्वारा किया गया तथा अंत में विरेन्द्र कुमार गुप्ता ने सभी अतिथियों तथा प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्य वक्ता डॉ. अखिलेश सिंह ने अपने विस्तृत व्याख्यान में कहा कि आज की युवा पीढ़ी का परीक्षा के प्रति दृष्टिकोण तेजी से बदल रहा है। उन्होंने बताया कि पहले परीक्षा को ज्ञान का मूल्यांकन माना जाता था, जबकि आज यह अधिकतर कैरियर निर्माण, प्रतिस्पर्धा और सामाजिक प्रतिष्ठा से जुड़ गया है। इस कारण छात्रों में परीक्षा को लेकर तनाव, दबाव और अति-अपेक्षा बढ़ी है, जबकि दूसरी ओर कई छात्र परीक्षा को केवल एक औपचारिकता मानकर तैयारी में सतहीपन अपनाने लगे हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि परीक्षा को लेकर युवा पीढ़ी का बदलता दृष्टिकोण केवल चुनौती ही नहीं, बल्कि अवसर भी है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि परीक्षा को भय या बोझ की तरह न लें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह ने कहा कि समाजशास्त्रीय दृष्टि से परीक्षा केवल एक शैक्षणिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक सामाजिक संरचना है जो व्यक्ति के भविष्य को आकार देती है।

# सभी लोग अपना गणना प्रपत्र अवश्य भरें : डीएम

**अमेठी।** जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी संजय चौहान ने सोमवार को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत आज तहसील अमेठी सभागार में चल रहे डिजिटलाइज्ड कार्यक्रम का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों व तकनीकी सहायकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने तहसील क्षेत्र अमेठी प्राथमिक विद्यालय कोहरा में पुनरीक्षण कार्यक्रम का औचक निरीक्षण किया।



इस दौरान उनके साथ उप जिलाधिकारी अमेठी आशीष सिंह मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कोहरा में प्रपत्र वितरण, एकत्रीकरण तथा डिजिटलाइज्ड किए जाने की समीक्षा की जिसकी असंतोष जनक प्रगति प्राप्त हुई जिसपर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी अमेठी बृजेश सिंह को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के साथ ही ग्राम सभा कोहरा ग्राम पंचायत अधिकारी कीर्ति सिंह, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, सफाई कर्मचारी व बीएलओ को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। साथ ही सुपरवाइजर ,लेखपाल को चेतावनी जारी करने के निर्देश भी दिए। जिसके क्रम में मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह द्वारा खंड विकास अधिकारी को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि देते हुए विकासखंड अमेठी के एसआईआर कार्यों को सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध ढंग से प्रगति सुनिश्चित करने हेतु प्रवीण कुमार खंड विकास अधिकारी को विशेष प्रभार सौंपा है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह अभियान तभी सफल होगा जब सभी अधिकारी कर्मचारी अपने दायित्वों का सक्रिय रूप से अपनी भूमिका निभाए। उन्होंने सभी को सख्त निर्देश दिए कि वे समयबद्ध तरीके से गणना प्रपत्र वितरित करें और मतदाताओं को प्रपत्र भरने की पूरी प्रक्रिया के बारे में स्पष्ट एवं समुचित जानकारी दें। उन्होंने चेताया कि इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को सटीक, त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाना है, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न हो और कोई अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न रह जाए। उन्होंने इसे लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। ज्ञातव्य है कि यह विशेष अभियान 4 दिसंबर तक संचालित किया जाएगा, जिसके दौरान बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करेंगे। मतदाताओं को इन प्रपत्रों को भरकर पुनः बीएलओ को जमा करना है।

संक्षेप

## किशोरी को खिलाया विषाक्त पदार्थ, मौत

**मथुरा।** मोबाइल चोरी को लेकर दो माह पूर्व हुए झगड़े के बाद रविवार सुबह दो किशोरी अपनी पड़ोसी किशोरी को बहला फुसलाकर खेत पर ले गई और उसे विषाक्त खिला दिया, जिससे दशा बिगड़ने के बाद उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को पोस्टमार्टम को भेजा है। थाना क्षेत्र के आझई खुर्द निवासी भगत सिंह की 16 वर्षीय बेटी बीनू को कल सुबह 11 बजे पड़ोस में रहने वाले किशोर कीबेटी शीतल और कुंजल बहला फुसलाकर बुला ले गई। और वहां खेत पर शीतल के पिता किशोर व सागर ने बीनू को विषाक्त खिला दिया। लगभग एक घंटे बाद जब बीनू घर लौटी तो उसकी दशा बिगड़ने लगी। उपचार के लिए उसेकेडी हॉस्पीटल में भर्ती कराया गया, जहां डाक्टरों ने बताया कि किशोरी को जहर दिया गया। कुछ देर के उपचार के बाद इसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम ग्रह पर मृतक किशोरी केपिता भगत सिंह ने बताया कि दो माह पूर्व उनका मोबाइल चोरी हो गया था, जिसे लेकर पड़ौसी किशोर से झगड़ा हुआ था। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि इसी के चलते उनकी बेटी को घर से बुलाकर मारा गया है। आरोपी घटना के बाद से फरार हैं। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है।

## सटोरिया गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना फरिहा पुलिस टीम द्वारा एक सटोरिया को सट्टा खेलते हुये गिरफ्तार किया गया है, मौके से एक सट्टा डायरी व एक डाट पैन व 720 रुपए बरामद किए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में थाना फरिहा पुलिस टीम द्वारा जुआ सट्टा अपराध की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत सोमवार को ईदगाह के सामने रोड के किनारे सट्टा खेलते हुये एक सट्टेबाज अमित जैन पुत्र कमल कुमार जैन निवासी नई बस्ती कस्बा व थाना फरिहा जिला फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया। मौके से एक सटटा डायरी व एक डॉट पैन व 720 रू0 नकद बरामद हुये, थाना पुलिस ने आवश ?क वैधानिक कार्यवाही की है।

## पंचायत सचिवों का धरना तीसरे दिन भी जारी

**मथुरा।** ग्राम पंचायत अधिकारी-ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति का धरना आज तीसरे दिन भी जारी रहा। सचिवों ने स्पष्ट कहा कि जब तक विभाग द्वारा उन पर डाले गए अत्यधिक कार्यभार, अन्य विभागों के कार्यों का जबरन बोझ, तथा स्थानीय स्तर पर उत्पीड़न और अव्यवस्थाओं पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। गत 22 नवंबर से सचिव लगातार धरने पर बैठे हैं और उनकी प्रमुख मांग है कि सचिवों को केवल अपने विभागीय कार्य दिए जायें। उन्हें कृषि, पशुपालन, राजस्व, स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, पीएचईडी, खाद्य एवं रसद, सामाजिक कल्याण, मनरेगा और अन्य कई विभागों के ऐसे कार्य दिए जा रहे हैं, जिनका पंचायत सचिवों से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं है। धरने पर बैठे सचिवों ने कहा कि अन्य विभागों के कार्यों का दबाव इतना अधिक बढ़ गया है कि नियमित ग्राम पंचायत कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जबकि हर विभाग अपने कर्मचारियों के कार्य सचिवों पर थोपकर बच निकल रहा है। इससे सचिवों में असंतोष बढ़ गया है और वे मानसिक रूप से भी अत्यधिक दबाव झेल रहे हैं। समिति का कहना है कि सचिवों को कई बार बिना उचित कारण दंडात्मक कार्रवाई, प्रताड़ना और अनावश्यक रिपोर्टिंग के नाम पर दबाव झेलना पड़ता है।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर अनियंत्रित बस पलटी, 20 सवारी घायल

## एंबुलेंस से उपचार को भिजवाये 19 भर्ती, तीन गंभीर



**मथुरा।** थाना बलदेव अंतर्गत यमुना एक्सप्रेसवे पर रविवार देर रात करीब डेढ़ बजे अनियंत्रित बस डिवाइडर से टकरा कर पलटी। इसमें सवार करीब 20 सवारी घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से उपचार को भर्ती कराया। इनमें 19 भर्ती किए। तीन की हालत चिंताजनक है। अन्य प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी। रविवार देर रात बलदेव क्षेत्र में एक्सप्रेस वे पर बड़ा सड़क हादसा हो गया। माइलस्टोन 127 पर नोएडा आगरा मार्ग पर यात्रियों से भरी बस अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। इससे सवारियों में चीख पुकार मच गई। इसकी जानकारी राहगीरों द्वारा पुलिस को दी गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने टोल कर्मियों की मदद से घायल सवारियों को निकलवा कर 108 एंबुलेंस की मदद से घायल यात्रियों को हॉस्पिटल भेजा। वहां से उपचार के बाद 19 को भर्ती किया वहीं इन्होंने तीन के हाथ गंभीर है। अन्य को प्राथमिक उपचार में छुट्टी दे दी गई। कुछ घायल आगरा रेफर कर दिए हैं। बताते हैं कि रविवार रात बस 55 से 60 सवारियां लेकर नोएडा से लखनऊ जा रही थी। तभी हादसे हो गया। हादसे में 20 से अधिक यात्री घायल हो गए। तीन बस में ही फंस गए। चीख पुकार सुनकर राहगीरों ने पुलिस को सूचना यात्रियों ने बताया कि हादसे से करीब 10 मिनट पहले ही बस के चालक बदले गए थे। बस अपनी गति से जा रही थी लेकिन तभी अचानक हादसा हो गया वहीं बस को क्रेन और हाइड्रा की मदद से एक तरफ हटवाकर कर यातायात चालू कराया गया। एसपी देहात सुरेश चन्द्र रावत ने बताया कि रात्रि करीब डेढ़ बजे प्रतिदिन आवागमन करने वाली एक यात्री बस जो कि दिल्ली छतरपुर से महाराजगंज जनपद रायबरेली के लिए जा रही थी, जो कि दिल्ली से आगरा की तरफ यमुना एक्सप्रेस-वे पर माइल स्टोन 127 व 128 के बीच में रात्रि के समय पलट जाने, जिसमे सवार 50 से 60 यात्रियो में से कुल 16 लोगो के घायल होने व 03 लोगो के गंभीर रूप से घायल हो जाने जिन्हे उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराये जाने व घटना को गहनता से जाच के आदेश दिये गये हैं।

## धर्मेंद्र देओल के निधन पर मथुरा में शोक की लहर

मथुरा। सांसद मथुरा हेमा मालिनी के पति एवं हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र देओल के 89 वर्ष की आयु में निधन की खबर से मथुरा में शोक की गहरी लहर दौड़ गई। भारतीय जनता पार्टी जिला महानगर के पदाधिकारियों ने इसे कला जगत व समाज दोनों के लिए अविस्मरणीय क्षति बताया है उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चैधरी, पूर्व ऊर्जा मंत्री पंडित श्रीकांत शर्मा, महापौर विनोद अग्रवाल, राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, विधायक मेघश्याम सिंह, विधायक राजेश चैधरी, विधान परिषद सदस्य ठाकुर ओम प्रकाश सिंह,




पूर्व विधायक श्याम सिंह अहेरिया, पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह, पूर्व विधायक कारिंदा सिंह, जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे, महानगर अध्यक्ष हरिशंकर ह्यराजू यादवह्ल, सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा महानगरमत्रीमी कुंज बिहारी चतुर्वेदी महानगर मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा सहित समस्त पदाधिकारियों ने श्रद्धांजलि व्यक्त की। नेताओं ने कहा कि धर्मेंद्रजी का व्यक्तित्व सादगी, विनम्रता और जनसंपर्क की अद्भुत मिसाल था। सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा ने याद करते हुए कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में धर्मेंद्रजी ने मथुरा में तीन विशाल सभाएँ की थीं, जिनमें भारी भीड़ उमड़ी थी। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्रजी का मथुरा से भावनात्मक लगाव हमेशा विशेष रहा। जिला महानगर मंत्री कुंज बिहारी चतुर्वेदी ने कहा कि धर्मेंद्र जी का सांसद हेमा मालिनी के प्रति सहयोग और मथुरा के प्रति आत्मीयता उन्हें जनता के और निकट लाती थी। वे सदैव सरल, सहज और जमीन से जुड़े रहे ।महानगर मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने कहा कि धर्मेंद्र जी केवल महान कलाकार ही नहीं, बल्कि संवेदनशील और सामाजिक रूप से प्रतिबद्ध व्यक्तित्व थे ।उन्होंने कहा कि चुनावी दौर हो या सांस्कृतिक कार्यक्रम धर्मेंद्रजी हमेशा मथुरा को स्नेह और आत्मीयता से अपनाते रहे ।श्याम शर्मा सहित भाजपा कार्यकताओं ने निधन को मथुरा तथा फिल्म जगत दोनों के लिए गंभीर क्षति बताते हुए दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को धैर्य की कामना की।

## भाजपाइयों ने एसआईआर को लेकर की बैठक



**टूंडला।** भाजपा पदाधिकारियों ने पचोखरा मण्डल के कोटकी शक्ति केंद्र एटा रोड स्थित कोटकी फार्म हाउस पर पचोखरा मण्डल के शक्ति केंद्र संयोजक व प्रवासी मतदाता गहन पुनरीक्षण एस आई आर में लगे प्रमुख कार्यकताओं के साथ बैठक आयोजित की, बैठक में बतौर मुख्य वक्ता जिला प्रवासी गिर्राज सिंह कुशवाह पूर्व जिलाध्यक्ष आगरा उपस्थित रहे। बैठक की शुरूआत सर्वप्रथम जिला प्रवासी गिर्राज कुशवाह का माला पटका पहनाकर स्वागत कर किया गया। जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने बैठक की प्रस्तावना रखते हुए 4 नवंबर से चल रहे मतदाता पुनरीक्षण अभियान के सभी विषयों की बिन्दुबार चर्चा करते हुए कहा कि सभी को सबसे पहले अपने बूथ के बी एल ओ से संपर्क कर अपना गणना फॉर्म भरकर जमा करना है, तत्पश्चात अपने बूथ पर सबका फॉर्म भरवाना है। बतौर मुख्य वक्ता उपस्थित जिला प्रवासी गिर्राज सिंह ने कहा कि सभी कार्यकर्ता सभी बूथों पर बी एल ओ द्वारा कितने गणना प्रपत्र बांटे गए, कितने भरकर वापस वापस आ गए इसकी पूरी चिंता हमे करनी है व पूरा सहयोग करना है। व जितने भी मतदाता गणना प्रपत्र भरने से अभी वंचित हैं उनका गणना प्रपत्र जल्द से जल्द भरवाना है। बूथ अध्यक्ष व बी एल ओ का आपसी सामंजस्य बने जिससे अभियान को गति मिले ऐसे सभी विषयों की विस्तृत चर्चा बैठक में की। बैठक में विधानसभा संयोजक शिव शंकर शर्मा मण्डल प्रभारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह, मण्डल अध्यक्ष महावीर सिंह बघेल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सचिन जैन, मण्डल महामंत्री ब्रजवीर सिंह, अजीत सिंह जुरैल, उपेन्द्र बघेल, विकाश जैन, संतोष तोमर सतेंद्र बघेल, सुनील पाठक, हरि प्रसाद बघेल, राजीव गंगवार व कई अन्य प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राष्ट्र सेविका समिति की प्रमुख संचालिका किया श्रीकृष्ण जन्मभूमि का भ्रमण



**मथुरा।** राष्ट्र सेविका समिति की वंदनीय प्रमुख संचालिका माननीया शान्ताक्का ने आज प्रातः काल श्रीकृष्ण जन्मभूमि पहुंचकर परिसर का भ्रमण करते हुए दर्शन पूजन कर भगवान केशवदेव को पुष्पांजलि अर्पित की तथा शीघ्र जन्मस्थान परिसर की संपूर्ण मुक्ति के उपरान्त भव्य विशाल मंदिर निर्माण की कामना की। इस अवसर पर संस्थान की प्रबंध - समिति के वरिष्ठ सदस्य व हिंदूवादी नेता गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी ने प्रसादी पटुका भेंट कर उनकी अगवानी करते हुए जन्मभूमि के पौराणिक व ऐतिहासिक महत्व की जानकारी देते हुए ट्रस्ट द्वारा लोकहित में संचालित प्रकल्पों की जानकारी प्रदान की। प्रमुख संचालिका जी द्वारा वर्तमान में चल रहे न्यायिक विवादों के प्रति जिज्ञासा प्रकट करने पर श्री चतुर्वेदी द्वारा उन्हें तथ्यात्मक जानकारी देते हुए मुकदमों में विजय मिलने के प्रति आश्वस्त किया, जिस पर सभी ने प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर राष्ट्र सेविका समिति की प्रांत कार्यवाहिका श्रीमती ललिता, विभाग प्रचारिका सुश्री सविता, सहायिका सुश्री अदिति राठौड़, संघ के महानगर प्रचारक सचिन, विभाग सह कार्यवाह डा. संजयजी व संस्थान के जनसंपर्क अधिकारी विजय बहादुर सिंह की उपस्थिति रही।

## भाजपा नेताओं ने दिया एकजुटता व जनसेवा का मंत्र

**मथुरा।** भाजपा महानगर इकाई द्वारा गोवर्धन विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को भव्य एकता पद यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का शुभारंभ दिल्ली वाली धर्मशाला से हुआ, जो छोटी परिक्रमा मार्ग से होते हुए पुनः दिल्ली वाली धर्मशाला पर समाप्त हुई। पद यात्रा के दौरान कार्यकताओं ने पूरे मार्ग में राष्ट्रभक्ति के नारे लगाए, जिससे वातावरण उत्साह और ऊर्जा से भरा रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रदेश संयोजक रामप्रताप सिंह चैहान ने पद यात्रा के समापन कहा कि भाजपा की पहचान एकता, संगठन और सेवा है। उन्होंने कहा पद यात्राएँ भाजपा की कार्यशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इनके माध्यम से न केवल जनता तक सरकार की योजनाएँ पहुँचती हैं, बल्कि संगठन का आधार भी मजबूत होता है। गोवर्धन की पवित्र धरती से दिया गया यह संदेश समाज में सामूहिकता और राष्ट्र निर्माण की भावना को और अधिक प्रबल करेगा। उन्होंने युवा शक्ति को राष्ट्र की ऊर्जा



बताते हुए बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया ।भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर शर्मा ह्यराजू यादवह्ल ने कहा कि पद यात्रा का मूल उद्देश्य जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है ।उन्होंने कहा पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता समाजहित में एक परिवार की तरह काम कर रहा है। आने वाले कार्यक्रमों व अभियानों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए संगठनात्मक मजबूती अत्यंत आवश्यक है और यह पद यात्रा उसी दिशा में सार्थक कदम है। वहीं विधायक गोवर्धन ठाकुर मेघ श्याम सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने गोवर्धन क्षेत्र में सड़क, सौंदर्यीकरण एवं परिक्रमा मार्ग के उन्नयन पर विशेष ध्यान दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकताओं की सक्रियता ही योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाती है। वहीं महानगर मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा कहा कि भाजपा की शक्ति उसका कार्यकर्ता है। हमारा लक्ष्य जनसेवा को सही सूचना और विश्वसनीय संवाद के साथ जनता तक पहुँचाना है। मीडिया विभाग संगठन और जनता के बीच सेतु की भूमिका निभाता है। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता ज्ञानेंद्र राणा, चन्द्रपाल कुंतल, किसान मोर्चा महानगर अध्यक्ष ठाकुर सुरेंद्र प्रधान, पूर्व नगर महामंत्री संजय शर्मा, मनीष लंबरदार, मंडल अध्यक्ष कान्हा शर्मा, प्रकाश गौड़ आदि मौजूद रहे।

## फिरोजाबाद स्टेशन पर जम्मू तवी एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग

**टूंडला।** क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति उत्तर मध्य रेलवे के सदस्य श्रीकृष्ण गौतम ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव अध्यक्ष एवं सीईओ रेलवे बोर्ड महाप्रबंधक तथा मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज को पत्र के माध्यम से संबलपुर जम्मू तवी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18309/18310 का ठहराव फिरोजाबाद रेलवे स्टेशन पर पुनः आरंभ कराई जाने का अनुरोध किया है। अपने पत्र में उन्होंने उल्लेखित किया है कि टाटानगर जम्मू तवी एक्सप्रेस जो सप्ताह में तीन दिन संचालित होती है, का ठहराव 22 नवंबर 2025 से फिरोजाबाद रेलवे स्टेशन पर बहाल कर दिया गया है। जबकि समान समय-सारिणी एवं रूट पर सप्ताह में चार दिन चलने वाली संबलपुरझजम्मू तवी एक्सप्रेस 18309/18310 का ठहराव अभी तक प्रदान नहीं किया गया है। इस गाड़ी का ठहराव पुनः बहाल हो जाए तो यात्रियों को प्रतिदिन यात्रा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। फिरोजाबाद जिला अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काँच उद्योग के लिए प्रसिद्ध है तथा उत्तर प्रदेश सरकार की ओडीओपी योजना के अंतर्गत उत्पादों के लिए चयनित भी है। जिले के नजदीक हजरतपुर में रक्षा मंत्रालय की ऑर्डिनेंस फैक्ट्री भी लंबे समय से स्थापित है। साथ ही औद्योगिक गलियारे का विकास भी तेजी से जनपद में किया जा रहा है। फिरोजाबाद रेलवे स्टेशन से विभिन्न शहरों के लिए रेल यात्रा की माँग लगातार बढ़ रही है। कोविड-19 से पहले कई प्रमुख ट्रेनों का ठहराव फिरोजाबाद स्टेशन पर था।परंतु महामारी के दौरान उन्हें स्थगित कर दिया गया। उनमें से केवल टाटानगरझजम्मू तवी ट्रेन का ठहराव ही अब तक बहाल किया गया है, जबकि सप्ताह में चार दिन चलने वाली संबलपुरझजम्मू तवी एक्सप्रेस का ठहराव अब भी बहाली की प्रतीक्षा में है। उद्योगपतियों, व्यवसायियों तथा आम यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए संबलपुरझजम्मू तवी एक्सप्रेस (18309/18310) का ठहराव फिरोजाबाद रेलवे स्टेशन पर शीघ्र प्रदान किया जाए।

## संस्कृति इंडस्ट्री टेक कॉन्क्लेव को मिली बहुउद्देशीय सफलता

**मथुरा।** संस्कृति विवि के संतोष मैमोरियल आडिटोरियम में मंथन इंडियारू इंडस्ट्री-टेक कॉन्क्लेव 2025 के चरणबद्ध सेशनों में जहां एक ओर इनोवेशन मॉडल, फंडिंग के तरीके, मार्केट एक्सेस स्ट्रैटेजी और नए एंटरप्रेन्योर्स के लिए उपलब्ध पॉलिसी सपोर्ट के बारे में विस्तार से बताया गया तो वहीं एक सेशन भविष्य की वर्कफोर्स क्षमताओं को बनाने और एग्री-टेक में तरक्की को तेज करने में उभरती टेक्नोलॉजी की बदलाव लाने वाली भूमिका पर फोकस था।




मंथन का महत्वपूर्ण दूसरा सेशन स्टार्ट-अप इनोवेशन द्द भारत के टेक एंटरप्रेन्योरशिप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने से जुड़ा हुआ था। इस सेशन में एक्सपर्ट्स का एक जाना-माना पैनल, जिन्होंने भारत के तेजी से बढ़ते स्टार्ट-अप इकोसिस्टम पर बात की। चर्चा में इनोवेशन मॉडल, फंडिंग के तरीके, मार्केट एक्सेस स्ट्रैटेजी और नए एंटरप्रेन्योर्स के लिए उपलब्ध पॉलिसी सपोर्ट शामिल थे। इस सेशन में टेन एक्स ग्रोथ सोल्युशन की फाउंडर सुश्री रुचिता अग्रवाल, जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद (बीआईआरएसी) जैव प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार की सीनियर मैनेजर डा. प्राची कौशिक, विज्ञान वप्रौद्योगिकी विभाग(डीएसटी) के प्रोजेक्ट कंसल्टेंट मनु अहूजा, नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज कंपनीज (एनएएसएससीओम) रीजनल हेड अंकित सिन्हा जैसे जाने माने विशेषज्ञ वक्ताओं ने विद्यार्थियों को विस्तार से समझाया कि इनोवेशन, टेक्नोलाजी और पालिसी भारत उद्यमी क्षेत्र को मजबूत करने के लिए एक साथ काम करते हैं। तीसरे सेशन में एग्री-टेक इनोवेशन में रीस्किलिंग, अपस्किलिंग और एआई-रेडी वर्कफोर्स बनाने में कैसे मदद करते हैं। यह सेशन भविष्य की वर्कफोर्स क्षमताओं को बनाने और एग्री-टेक में तरक्की को तेज करने में उभरती टेक्नोलॉजी की बदलाव लाने वाली भूमिका पर केंद्रित था। चर्चा एआई-ड्रिवन स्किल डेवलपमेंट के महत्व, खेती में डिजिटल टूल्स के इंटीग्रेशन और तेजी से बदलते जॉब मार्केट में लगातार सीखने की जरूरत पर केंद्रित थी। इस सेशन को आईआईटी रुड़की के गोल्ड मेडलिस्ट आटोमोटिव एक्सपर्ट प्रभात खरे, फ्रेटबाक्स के फाउंडर आशीष गुप्ता, बायर क्राप साइंस लिमिटेड, रेगुलेटरी एडवोकेसी और साइंटिफिक अफेयर्स के विशेषज्ञ पीजे सुरेश, इंडिया मार्ट के असिस्टेंट वाइस प्रेसीडेंट अविनाश जैसे दिग्गजों ने अपने संबोधन से विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं को शांत किया। उनके नजरिए ने भारत के भविष्य के विकास के लिए जरूरी टेक्नोलॉजी, इनोवेशन व ह्यूमन कैपिटल डेवलपमेंट के मेल पर जोर दिया। मंथन इंडिया इंडस्ट्री-टेक कॉन्क्लेव 2025 ने इनोवेशन और स्किल-बेस्ड एजुकेशन के लिए एक कैटलिस्ट के तौर पर संस्कृति यूनिवर्सिटी के इरादों को फिर से जाहिर किया। सरकारी विभागों के साथ इंडस्ट्री व अकादमी के एक्सपर्ट्स की एक्टिव भागीदारी के साथ, इस कॉन्क्लेव ने विद्यार्थियों को आइडिया, कोलेबोरेशन व स्टार्ट-अप ग्रोथ के लिए एक प्रभावशाली प्लेटफॉर्म दिया।

## चाचा की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**मथुरा।** थाना बलदेव क्षेत्र में भतीजी की आने बारात आने से पूर्व चाचा की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने से पूरे परिवार की खुशी गम में बदल गई। बल्देव थाना क्षेत्र के कठैला गांव निवासी राजू (32) पुत्र बच्चू सिंह की भतीजी की आज बारात आने वाली थी, जिसे लेकर धर्मशाला मे तैयारियां चल रही थीं। इसी दौरान राजू किसी काम से निकल आया और देर रात पता लगा कि उसकी दुर्घटना में मौत हो गयी है। पुलिस से मिली सूचना के बाद पूरे परिवार में कोहराम मच गया। बताया गया कि राजू की भतीजी की सादाबाद में शादी तय हुयी थी। बारात आने की तैयारियां चल रही थीं कि एक दिन पूर्व ही यह हादसा हो गया। बताते हैं कि देर रात उसका शव मडौरा गांव के शराब ठेके से ढाई किलोमीटर की दूरी पर मिला।

## यातायात माह जागरूकता अभियान के तहत जागरूक किया



**फिरोजाबाद।** यातायात माह जागरुकता अभियान के अन्तर्गत यातायात पुलिस टीम द्वारा थाना लाइनपार क्षेत्रान्तर्गत श्री छोटेलाल इंटर कॉलेज नगला विष्णु व जैन मंदिर चौराहा पर जागरुकता अभियान चलाया गया। जागरुकता अभियान के दौरान यातायात पुलिस टीम द्वारा छात्र छात्राओं अध्यापक बंधुओं एवं वाहन चालकों को यातायाय नियमों के पालन करने हेतु शपथ दिलाई गई, व पम्पलेट, बैनर पोस्टर रैली नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से आपातकालीन वाहनों को रास्ता देने यातायात संकेतों सड़क संकेतों की जानकारी हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने गलत दिशा में वाहन न चलाने, गति सीमा के अन्तर्गत वाहन चलाने लेन अनुशासन आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

## गौमाता सेवा महासंघ ने घायल नीलगाय का इलाज कराया

टूंडला। अंतर्राष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ के पदाधिकारीयो ने नगर के एटा रोड पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गम्भीर रूप घायल हुई जंगली नील गाय का उपचार कराया, इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन लोकेंद्र सिंह पोनियां ने बताया कि आज रात्रि किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक नील गाय गम्भीर रूप से घायल हो गई है ।इसकी जानकारी स्थानीय लोगों द्वारा हम लोगों को सुबह दी गई तो तुरन्त हम लोग पशु चिकित्सक को लेकर उक्त स्थान पर पहुंचे तो वहां देखा तो उक्त नील गाय गम्भीर रूप से घायल मिली तो उसका उपचार कराया और वन विभाग की टीम को बुला कर नील गाय को सुपुर्द किया ।इस दौरान प्रदेश महामंत्री संगठन रामतीर्थ सिंह चक, पशु चिकित्सक डॉ सत्येंद्र निगम, पिंकी चौधरी, सुभाष गर्ग मौजूद रहे।

## अवैध शराब बनाते दो लोगों को पकड़ा, 29 लीटर शराब, 50 लीटर लहन बरामद

**फिरोजाबाद/शिकोहाबाद।** आबकारी विभाग ने कच्ची शराब कारोबारियों के खिलाफ अभियान चलाकर लहन को नष्ट करा दिया जबकि मौके से कच्ची शराब को जब्त कर लिया। आबकारी इंस्पेक्टर गणेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में सोमवार को गिहार कॉलोनी में छापेमार कार्यवाही की। आवकारी विभाग की कार्यवाही से गिहार बस्ती में अफरा तफरी मच गई। गिहार समुदाय के पुरुष घरों को छोड़कर भागने लगे वहीं महिलाए, बच्चे घरों को छोड़कर रोड पर आ गए। इस दौरान घर घर तलाशी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान घरों की तलाशी में 50 लीटर से अधिक लहन, 29 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। लहन को मौके पर नष्ट किया गया। आबकारी निरीक्षक ने कच्ची शराब बनाने वाले 2 लोगों को गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया है। इस बारे में आवकारी निरीक्षक गणेश कुमार वर्मा ने बताया कि अवैध रूप से शराब बनाने वालों पर कार्यवाही के दौरान 29 लीटर शराब, 50 लीटर लहन बरामद हुआ है। दो लोगों को मौके से पकड़ा गया है उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की गई है।

## हिंदूवादी संगठनों ने लगायी दिनेश फलाहारी महाराज की सुरक्षा की गुहार

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर एवं ईदगाह विवाद मामले में हिंदू पक्षकार दिनेश फलाहारी महाराज की सुरक्षा के लिए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर गुहार लगाई है। विश्व हिंदू परिषद नेता पं जयराम शर्मा के नेतृत्व में सभी हिंदूवादी जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचे हिंदू वादीयो ने कहा कि दिनेश फलाहारी श्री कृष्ण जन्मभूमि ईदगाह विवाद में मुख्य हिंदू पक्षकार हैं तथा समय समय पर वैदिक जन जागरण के माध्यम से हिंदू जनमानस की आवाज को उठते रहते हैं ।इसके कारण कुछ असामाजिक तत्व एवं इस्लामी कट्टरपंथी उनकी जान के दुश्मन बने हुए हैं, कई बार उनको पत्रों एवं प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से धमकियां मिलती रहती रही है अब उनकी हिम्मत और भी बढ़ गई है वह हमला करने में भी नहीं चुक रहे इसका उदाहरण 17 नवंबर को मुंबई में वैश्विक नारायण महायज्ञ के आयोजन में व्यवधान डालकर दिनेश फलाहारी पर प्राण घातक हमला करने का प्रयास किया गया आयोजन स्थल पर काफी पत्थरबाजी की गई महाराष्ट्र पुलिस द्वारा उन्हें सुरक्षा प्रदान कर उचित सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया तब उनकी जान बच सकी, महाराज जी को कई बार कुछ मुस्लिम युवकों द्वारा पीछा करते हुए भी पाया गया है दूसरा कारण यह भी है। कुछ इस्लामी कट्टरपंथी जब टीवी चैनलों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से हिंदू समाज को नीचा दिखाने के उद्देश्य से कोई बात कहते हैं तो दिनेश फलाहारी महाराज उसका उसी के अनुरूप हिंदू जनमानस का पक्ष रखते हुए मीडिया के माध्यम से करारा जवाब देने में पीछे नहीं रहते और जवाब देते हैं जो भारतवर्ष के सम्मान टीवी चैनलों पर समय-समय पर टेलीकास्ट के माध्यम से वायरस होता रहता है इसलिए यह लोग उन्हें कट्टर दुश्मन मानते हैं, महाराज जी को श्री कृष्ण जन्म स्थान कैस की सुनवाई के लिए प्रयागराज हाई कोर्ट, दिल्ली सुप्रीम कोर्ट भी जाना होता है इस कारण उनकी जान का खतरा हर समय बना रहता है हम चाहाते हैं भविष्य में किसी प्रकार से कोई घटना घटित ना हो इसके लिए दिनेश फलाहारी को उचित सुरक्षा प्रदान करने की कृपा करें जिससे उनका जीवन सुरक्षित हो सके।

## गणना प्रपत्र भरवाने को लेकर अधिकारी गंभीर

**मथुरा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर वर्तमान में गतिशील निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित किए जाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी/ डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने तहसील छाता के सभागार में बैठक ली। विधानसभा छाता 81 में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में लगाए गए बीएलओ, सुपरवाइजर तथा अन्य नोडल व सह नोडल अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी ने कार्यों की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

बैठक के दौरान डीएम ने उपस्थित सुपरवाइजरों को निर्देशित किया कि बीएलओ के माध्यम से गणना प्रपत्रों का वितरण एवं संग्रहण समयबद्ध रूप से सुनिश्चित कराया जाए। साथ ही प्राप्त अभिलेखों की पोर्टल पर शत-प्रतिशत



त्रुटिरहित फीडिंग कराए जाने पर विशेष बल दिया गया। उन्होंने एसडीएम छाता वैभव गुप्ता को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत संचालित कार्यों की सतत निगरानी करते हुए समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बी0एल0ओ0 को मतदाताओं से गणना प्रपत्र ससमय एकत्रीकरण करने हेतु प्रेरित किया। डीएम ने अवगत कराया है कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में स्कूल व कॉलेजों के प्रधानाचार्यों, शिक्षकों, छात्र छात्राओं आदि का सहयोग भी लिया जा रहा है। प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों द्वारा बच्चों के अभिभावकों को गणना प्रपत्र ससमय भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। छात्र छात्राओं द्वारा अपने घरवालों, पड़ोसियों, रिश्तेदारों तथा आस पास के क्षेत्र के लोगों को गणना प्रपत्र भरने में मदद की जा रही है। डीएम ने कहा है कि गणना प्रपत्र भरवाने में मदद करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशासन द्वारा फ्री मूवी दिखवाई जाएगी तथा एक टी शर्ट दिलवाई जाएगी। डीएम ने तहसील सभागार में विभिन्न कॉलेजों से आए बच्चों को 40000 गणना प्रपत्र भरवाने में मदद करने हेतु प्रोत्साहित किया तथा बीएलओ को एकत्रीकृत कराने का लक्ष्य दिया। डीएम ने उप जिलाधिकारी छाता वैभव गुप्ता को कहा कि यदि वे प्रतिदिन 40000 गणना प्रपत्र का कार्य पूर्ण करते हुए फीडिंग कराना सुनिश्चित करेंगे तो, जिलाधिकारी द्वारा अपने वेतन से रुपए 5100 उन्हें दिए जायेंगे। डीएम ने स्पष्ट किया है कि कार्य में लापरवाही या शिथिलता पाने पर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों की जवाबदेही तय कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बैठक में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, उप जिलाधिकारी छाता वैभव गुप्ता, डीसी मनरेगा विजय कुमार पाण्डेय सहित संबंधित बीएलओ, सुपरवाइजर तथा अन्य नोडल व सह नोडल अधिकारी मौजूद रहे।

संक्षेप

## बड़ौदा किसान पखवाड़ा के 8वें संस्करण का आयोजन

लखनऊ। बैंक ऑफ बड़ौदा ने आत्मनिर्भरता की ओर थीम के तहत बड़ौदा किसान पखवाड़ा के 8वें संस्करण के एक भाग के रूप में लखनऊ जिले के मलिहाबाद, उत्तर प्रदेश में एक विशाल किसान मेले का आयोजन किया। यह वार्षिक पहल, जागरूकता, समावेश और नवाचार के माध्यम से भारत के कृषि और ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने और आत्मनिर्भरता की दिशा में उनकी यात्रा में सहयोग प्रदान करने के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। कार्यक्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य महाप्रबंधक शैलेंद्र सिंह लखनऊ अंचल के महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख शैलेन्द्र कुमार सिंह के साथ-साथ अन्य उच्चाधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज ने किया रेनालिक्स का अधिग्रहण

नयी दिल्ली। लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड, एक विविधीकृत हेल्थकेयर और टेक्नोलॉजी-आधारित समूह, ने बेंगलुरु स्थित मेड-टेक इनोवेटर रेनालिक्स हेल्थ सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड में 85% हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने की घोषणा की है। रेनालिक्स भारत की पहली पूर्णतः स्वदेशी, एआई और क्लाउड-सक्षम स्मार्ट हीमोडायलिसिस मशीन का विकासकर्ता है। इसके साथ ही, रेनालिक्स अब लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज का आर एंड डी आर्म बनेगा और किडनी तथा लिवर से संबंधित मेडिकल डिवाइस के क्षेत्र में आगे शोध कार्य जारी रखेगा।यह अधिग्रहण भारत में बढ़ते क्रॉनिक किडनी डिजीज के बोझ को कम करने के उद्देश्य से, अगली पीढ़ी की मेडिकल टेक्नोलॉजी में लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज के विस्तार की एक महत्वपूर्ण रणनीतिक पहल है। रेनालिक्स की प्रमुख हीमोडायलिसिस मशीन रियल-टाइम रिमोट मॉनिटरिंग, क्लाउड-आधारित क्लिनिकल कनेक्टिविटी और इंटेलिजेंट एनालिटिक्स को एकीकृत करती है।

## सैमसंग ने नया बीस्पोक एयरड्रेसर किया लॉन्च

नयी दिल्ली। सैमसंग ने अपने नए स्मार्ट कपड़े-देखभाल उपकरण बीस्पोक एयरड्रेसर को लॉन्च किया है। आधुनिक भारतीय घरों को ध्यान में रखते हुए तैयार यह नया मॉडल रोजमर्रा के कपड़ों को साफ, फ्रेश, रिंकल-फ्री और पहनने के लिए तुरंत तैयार रखने का वादा करता है। हाईजीन और पर्यावरण संबंधी बढ़ती चिंताओं के साथ, आज उपभोक्ता फैब्रिक केयर के प्रति अधिक सजग हो गए हैं। सुविधा भी एक प्रमुख प्रेरक बन गई है, क्योंकि लॉन्ड्री दुकानों पर बार-बार जाना हमेशा संभव नहीं होता, विशेष रूप से उन कपड़ों के लिए जिन्हें नाजुक हैंडलिंग की जरूरत होती है। सैमसंग बीस्पोक एयरड्रेसर आधुनिक जीवनशैली के लिए एक सरल समाधान प्रदान करता है और आपको हर दिन फ्रेश, रेडी-टु-वियर कपड़े मिलते हैं। सैमसंग में, हम नए आइडियाज से लोगों की रोज की जिंदगी को आसान और बेहतर बनाने के लिए पूरी कोशिश करते हैं।

## बजट फोन मोटो जी57 पॉवर लॉन्च

बंगलुरु। मोटोरोला ने आज 12,999 रुपये में अपना सर्वश्रेष्ठ बजट मोटो जी57 पॉवर लॉन्च करने की घोषणा की। यह डिवाइस शक्तिशाली दुनिया के पहले स्नैपड्रैगन 6एस जेन 4 प्रोसेसर के साथ बजट श्रेणी को फिर से परिभाषित करता है, जो श्रेणी में सर्वोत्तम परफॉर्मेंस और मल्टी-टास्किंग के लिए है, इसमें बेहतरीन फोटोग्राफी अनुभव के लिए सेगमेंट का सर्वश्रेष्ठ 50 एमपी सोनी लिटिया 600 कैमरा, स्लिमर डिजाइन के लिए सेगमेंट की सबसे अधिक 7000 एमएएच सिलिकॉन कार्बन बैटरी दी गई है। साथ ही, सेगमेंट का सबसे अधिक टिकाऊपन कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास 7आई और एमआईएल-810एच के साथ दिया गया है।

## निवेशकों को किया सतर्क

मुरादाबाद। एंजल वन लिमिटेड ने निवेशकों को चेतावनी जारी की है कि हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर ऐसे फर्जी ग्रुप्स की संख्या बढ़ी है जो कंपनी और उसके वरिष्ठ अधिकारियों के नाम का दुरुपयोग कर रहे हैं। कंपनी ने पाया है कि व्हाट्सऐप, टेलीग्राम और अन्य मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स पर कई अनधिकृत ग्रुप बनाए गए हैं, जो एंजल वन लिमिटेड का नाम, लोगो और वरिष्ठ अधिकारियों की तस्वीरों का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। ये ग्रुप बिना किसी सेबी पंजीकरण के सिक्योरिटीज से जुड़े टिप्स और सलाह दे रहे हैं तथा रिटर्न को लेकर झूठे और भ्रामक दावे कर रहे हैं—जो पूरी तरह अवैध है।

# सेंसेक्स में 331 अंकों की गिरावट



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। सतर्क निवेशकों की अंतिम समय में बिकवाली और किसी ठोस संकेतक के अभाव में सेंसेक्स 331 अंक गिर गया जबकि एनएसई निफ्टी 26,000 अंक के नीचे आ गया।

तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स शुरुआती बढ़त गंवाते हुए 331.21 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 85,000 के नीचे 84,900.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 521.81 अंक तक लुढ़क गया था। इसी तरह, पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 108.65 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,959.50 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, एशियन पेंट्स, इन्फोसिस, अदाणी पोर्ट्स, सन फार्मा और एचडीएफसी बैंक लाभ में रहे। एक सीमित दायरे में कारोबार करने के बाद, सोमवार को बाजार आखिरी आधे घंटे में बिकवाली के कारण गिरावट के साथ बंद हुआ। निफ्टी सूचकांक 26,000 अंक की महत्वपूर्ण सीमा से ऊपर नहीं टिक सका। अमेरिका-भारत के बीच अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में देरी जैसी चीजों को देखते हुए निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। आईटी शेयरों में चुनिंदा लिवाली से कुछ समर्थन मिला। अच्छी बात यह है कि दिसंबर में फेडरल रिजर्व की ब्याज दर में कटौती की नई उम्मीद और अमेरिकी रोजगार आंकड़ों में गिरावट के जोखिम के बीच वैश्विक बाजार में उम्मीद बनी हुई है। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.83 प्रतिशत नीचे आया जबकि मझोली कंपनियों से संबंधित मिडकैप सूचकांक 0.27 प्रतिशत टूटा। बीएसई में सूचीबद्ध 3,033 शेयरों में गिरावट रही जबकि 1,209 लाभ में रहे। वहीं 207 शेयरों के भाव अपरिवर्तित रहे। मानक सूचकांक कारोबार के अधिकांश समय एक दायरे में रहे। हालांकि, कारोबार के अंतिम घंटे में भारी बिकवाली के कारण सूचकांक वायदा एवं विकल्प खंड में सौदों की मासिक समाप्ति से पहले 0.5 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। ब्याज दर नीति, लगातार विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली, व्यापार और शुल्क मुद्दे पर अनिश्चितता तथा व्यापक बाजार (अधिक शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाले सूचकांक) को लेकर चिंता के बीच बाजार में गिरावट आई।

# रुपया 46 पैसे की तेजी के साथ 89.20 प्रति डॉलर पर



मुंबई। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बीच रुपया सोमवार को 46 पैसे की तेजी के साथ 89.20 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 89.46 प्रति डॉलर पर मजबूती के साथ खुला।

कारोबार के दौरान 89.05 से 89.50 प्रति डॉलर के दायरे में रहा। अंत में यह 89.20 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 46 पैसे की बढ़त है। स्थानीय एवं वैश्विक शेयर बाजारों में व्यापक बिकवाली दबाव और व्यापार संबंधी अनिश्चितताओं के बीच विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर की भारी मांग के कारण रुपया शुक्रवार को 98 पैसे टूटकर अपने सर्वकालिक निचले स्तर 89.66 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.02 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 100.15 पर आ गया। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 331.21 अंक टूटकर 84,900.71 अंक पर जबकि निफ्टी 108.65 अंक फिसलकर 25,959.50 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.78 प्रतिशत की गिरावट के साथ 62.07 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) शुक्रवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 1,766.05 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। इससे पहले भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 14 नवंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 5.54 अरब डॉलर बढ़कर 692.57 अरब डॉलर पर पहुंचने की शुक्रवार को जानकारी दी थी।

## फोन पर नंबर ब्लॉक करने से नहीं रुकेगी स्पैम कॉल, डीएनडी ऐप से करें शिकायत

नयी दिल्ली। दूरसंचार नियामक ट्राई ने सोमवार को कहा कि मोबाइल फोन पर केवल नंबर ब्लॉक करने से स्पैम कॉल और धोखाधड़ी वाले संदेशों पर रोक नहीं लगती है।

इसके लिए ग्राहकों को ट्राई डीएनडी ऐप के जरिये ही स्पैम की शिकायतें दर्ज करानी चाहिए। ट्राई डीएनडी ऐप भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) का आधिकारिक मंच है, जिसके जरिये मोबाइल उपभोक्ता स्पैम कॉल और स्पैम संदेश की शिकायतें दर्ज कर सकते हैं। यहां पर डीएनडी का मतलब डू नॉट डिस्टर्ब से है। ट्राई ने बयान में कहा कि उपभोक्ताओं की शिकायतों के आधार पर स्पैम और फर्जीवाड़े वाले संदेश भेजने पर अब तक 21 लाख से अधिक मोबाइल नंबर काटे जा चुके हैं और लगभग एक लाख इकाइयों को काली सूची में डाला जा चुका है। नियामक ने कहा कि ट्राई ने एक परामर्श जारी किया है जिसमें लोगों से ट्राई डीएनडी ऐप के जरिये स्पैम कॉल। फर्जी संदेश की सूचना देने की अपील की गई है। इसमें बताया गया है कि सिर्फ अपने फोन पर नंबर ब्लॉक करने से स्पैम नहीं रुकता है। नियामक ने कहा कि सामूहिक शिकायतों से ऐसे नंबरों की पहचान कर कार्रवाई करना संभव होता है। फोन में नंबर ब्लॉक करने का मतलब सिर्फ यह है कि वह कॉल आपके फोन पर नहीं आएगी लेकिन फर्जीवाड़ा करने वाला उसी या नए नंबरों से बाकी लोगों को कॉल करते रहते हैं।

## सोना 700 रुपये टूटा, चांदी भी कमजोर



नयी दिल्ली। रुपये में मजबूती और कमजोर वैश्विक रुख के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें 700 रुपये घटकर 125,400 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं।

बाजार के लोगों ने यह जानकारी दी है। लगातार तीसरे सत्र में गिरावट जारी रखते हुए, 99.5 शुद्धता वाले सोने की कीमत 700 रुपये घटकर 124,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) रह गयी। चांदी भी लगातार तीसरे दिन बिकवाली के दबाव में रही, और 1000 रुपये टूटकर 155,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर मिलाकर) रह गई। सोमवार को, वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बीच बैंकों और आयातकों द्वारा डॉलर की बिकवाली से रुपया 50 पैसे की तेज बढ़त के साथ 89.16 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। रुपये के मजबूत होने और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में नरमी की वजह से घरेलू कीमतों पर दबाव पड़ने के कारण सोने की कीमतें कमजोर खुलीं। रुपये में तेज उतार-चढ़ाव के कारण वैश्विक मानक की तुलना में सोने में थोड़ी ज्यादा घट-बढ़ देखी गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना थोड़ा घटकर 4,064.35 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जबकि चांदी 0.12 प्रतिशत बढ़कर 50.09 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। निवेशक अब आगे की दिशा के लिए इस सप्ताह के मुख्य अमेरिकी वृहद आर्थिक आंकड़ों, जिसमें खुदरा बिक्री, उत्पादक महंगाई और बेरोजगारी दावे शामिल हैं, पर नज़र रख रहे हैं।

## सरकार एसी के क्षेत्र में ऊर्जा खपत कम करने को उपायों पर कर रही काम

नयी दिल्ली। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को कहा कि सरकार एयर कंडीशनर (एसी) क्षेत्र में ऊर्जा खपत को कम करने के उपायों पर गौर कर रही है। इसका कारण आने वाले वर्षों में इस क्षेत्र में काफी मांग बढ़ने की संभावना है।

उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने कहा कि इस क्षेत्र में सरकार न केवल नई प्रौद्योगिकियों को लागू करने पर विचार कर रही है, बल्कि घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकियों के हस्तांतरण पर भी बात कर रही है। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम में कहा, जहां तक ऊर्जा खपत का सवाल है, ऐसे कई क्षेत्र हैं जहां आप ऊर्जा की खपत कम कर सकते हैं। इसलिए हम कई कदम उठाने पर विचार कर रहे हैं...। आने वाले समय में एसी क्षेत्र में हमारी ऊर्जा खपत की मांग बहुत अधिक होने वाली है। भाटिया ने कहा कि इन उपायों का उद्देश्य देश में ऊर्जा खपत को कम करना है। उन्होंने कहा कि इसलिए हम इस पर काम कर रहे हैं। हम इस पर विश्व बैंक के साथ काम कर रहे हैं। हम न केवल नई प्रौद्योगिकियों को लागू करने पर विचार कर रहे हैं, बल्कि प्रौद्योगिकियों के हस्तांतरण पर भी बात कर रहे हैं। सरकार कोयला गैसीकरण यानी कोयले से गैस बनाने जैसे बेहतर तरीकों से ईंधन के बेहतर उपयोग के तरीके तलाश रही है।

# भारत की अर्थव्यवस्था 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान




नयी दिल्ली। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की अर्थव्यवस्था के 6.5 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष 2026-27 में 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान व्यक्त किया है।

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि कर कटौती और मौद्रिक नीति में ढील से उपभोग आधारित वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। भारत का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) चालू वित्त वर्ष की अप्रैल से जून अवधि में पांच तिमाहियों में सबसे तेज 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) के जीडीपी वृद्धि अनुमानों के आधिकारिक आंकड़े 28 नवंबर को जारी होने वाले हैं। एसएंडपी ने अपनी इकोनॉमिक आउटलुक एशिया-पैसिफिक रिपोर्ट में कहा, हमारा अनुमान है कि भारत की जीडीपी वित्त वर्ष 2025-26 (मार्च 2026 को समाप्त) में 6.5 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2026-27 में 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी, जिसमें जोखिम दोनों ओर संतुलित होंगे। अमेरिकी शुल्क के प्रभाव के बावजूद मजबूत खपत से प्रेरित घरेलू वृद्धि मजबूत बना हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है जो गत वित्त वर्ष 2024-25 की 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर से बेहतर है। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की कम दरें मध्यम वर्ग के उपभोग को बढ़ावा देंगी और इस वर्ष शुरू की गई आयकर कटौती एवं ब्याज दरों में कटौती का पूरक बनेंगी। इन बदलावों से चालू वित्त वर्ष और अगले वित्त वर्ष में निवेश की तुलना में उपभोग वृद्धि का एक बड़ा चालक बन सकता है। सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में आयकर छूट को सात लाख रुपये से बढ़ाकर 12 लाख रुपये कर दिया है, जिससे मध्यम वर्ग को एक लाख करोड़ रुपये की कर राहत मिली है। इसके अलावा आरबीआई ने जून में प्रमुख नीतिगत दरों में 0.5 प्रतिशत की कटौती करके उन्हें तीन साल के निचले स्तर 5.5 प्रतिशत पर ला दिया था। वहीं, 22 सितंबर से करीब 375 वस्तुओं पर जीएसटी दरें घटा दी गईं जिससे दैनिक उपभोग की वस्तुएं सस्ती हुई हैं। भारत पर प्रभावी अमेरिकी शुल्क में बढ़ोतरी से देश में निर्यातोन्मुखी विनिर्माण के विस्तार पर असर पड़ रहा है। ऐसे संकेत हैं कि अमेरिका भारतीय उत्पादों पर शुल्क कम कर सकता है। व्यापार नीति के प्रति अमेरिका के नए दृष्टिकोण के कारण सरकारें और कंपनियां छूट के लिए बातचीत करने में समय एवं पैसा खर्च कर रही हैं जिसके परिणामस्वरूप उत्पादकता बढ़ाने के प्रयासों से ध्यान हट रहा है।

# भारत, कनाडा एफटीए वार्ता फिर शुरू करने पर सहमत: गोयल



नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और कनाडा मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत फिर से शुरू करने पर सहमत हो गए हैं। इसका मकसद 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डॉलर तक बढ़ाना है।

गोयल ने सोमवार को यहां एक कार्यक्रम में कहा कि एफटीए या व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) में कई रणनीतिक पहलू होते हैं और यह दोनों देशों के बीच विश्वास को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस समझौते से दोनों पक्षों के निवेशकों और कारोबारियों का विश्वास बढ़ेगा। हम उच्च-महत्वाकांक्षी सीईपीए पर वार्ता शुरू करने और 2030 तक दोनों देशों के बीच व्यापार को दोगुना करने पर सहमत हुए हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देश स्वाभाविक सहयोगी हैं और एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं करते हैं। गोयल ने कहा कि भारत और कनाडा की ताकतें व्यवसायों एवं निवेशकों के लिए एक महत्वपूर्ण शक्ति बन सकती हैं। मंत्री ने कहा कि हम कनाडा से बहुत कुछ सीख सकते हैं और कनाडा को बहुत कुछ दे सकते हैं। महत्वपूर्ण खनिजों और महत्वपूर्ण खनिजों की प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों में अपार संभावनाएं हैं। परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में, खासकर यूरेनियम आपूर्ति के क्षेत्र में कनाडा के साथ हमारे सहयोग को लेकर अच्छी संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि हम दोनों ओर अपनी आपूर्ति शृंखलाओं में विविधता ला सकते हैं। कनाडा ने 2023 में भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत रोक दी थी। 2023 में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत के संभावित संबंध होने के कनाडा के तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों के बाद दोनों देशों के संबंधों में तनाव उत्पन्न हुआ था। भारत ने ट्रूडो के आरोपों को बेतुका बताते हुए खारिज कर दिया था।

## पेज एक का शेष

### नहीं रहे हिंदी

शोक व्यक्त किया। करण जौहर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह एक युग का अंत है, एक दिग्गज अभिनेता, मुख्यधारा सिनेमा में एक नायक का अवतार... अविश्वसनीय रूप से सुंदर और पर्दे पर सबसे गूढ़ उपस्थिति... वह भारतीय सिनेमा की एक वास्तविक किंवदंती हैं और हमेशा रहेंगे... सिनेमा के इतिहास के पन्नों में परिभाषित और समृद्ध रूप से मौजूद हैं... लेकिन सबसे बढ़कर वह सबसे अच्छे इंसान थे... हमारे फिल्म उद्योग में हर कोई उन्हें बहुत प्यार करता था।

### राम मन्दिर

मोरवाल, अमित मिश्रा, प्रकृति यादव ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में ब्रज के लोकगायन, कथक नृत्य और लोकनृत्य प्रस्तुत किया गया।

वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कानून-व्यवस्था की दृष्टि से भारी पुलिस बल तथा विभिन्न विशेष इकाइयों की तैनाती की गई है। वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर फील्ड टीम तक का समन्वित प्रबंधन सुनिश्चित किया गया है। आधिकारिक बयान के अनुसार, सुरक्षा योजना के तहत उच्च अधिकारियों को रणनीतिक नेतृत्व के लिए तैनात किया गया है जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, क्षेत्रीय अधिकारी और निरीक्षकों की बड़ी संख्या शामिल है। बयान में कहा गया सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस अधीक्षक स्तर के 30 अधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक स्तर के 90 अधिकारी, 242 उपनिरीक्षक, 1060 निरीक्षक (पुरुष), 80 महिला उपनिरीक्षक, 3090 पुरुष हेड कांस्टेबल, 448 महिला हेड कांस्टेबल तैनात किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, यातायात विभाग के 800 से अधिक कर्मी भी ड्यूटी पर रहेंगे। इसमें कहा गया कि सुरक्षाकर्मी भीड़ नियंत्रण, तलाशी, जांच और आपात प्रतिक्रिया जैसे दायित्व निभाएंगे।

### कालीन फैक्ट्री

लिए तीन अन्य मजदूर एक-एक कर नीचे उतरे, लेकिन उन सभी की दम घुटने से मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान शिवम दुबे (38), राम सूरत यादव (55) और शीतला प्रसाद (50) के रूप में की गई है। तीनों भदोही जिले के निवासी थे। इसके अलावा, मध्यप्रदेश के सीधी जिले के निवासी राज किशोर (48) को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसकी हालत स्थिर बताई गई है। घटना के बाद श्रमिकों को कंपनी के कर्मचारियों द्वारा कालीन इकाई के मालिक सूर्य मणि तिवारी के स्वामित्व वाले सूर्या अस्पताल में ले जाया गया।

जिलाधिकारी शैलेश कुमार और पुलिस अधीक्षक मांगलिक ने मौके का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने बताया कि मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए गए हैं और मृतक परिवारों को पर्याप्त मुआवजा दिया जाएगा। श्रम विभाग, कारखाना विभाग और फॉरेंसिक टीम जहरीली के फैलने के कारणों की जांच कर रही है।

पुलिस अधीक्षक मांगलिक ने बताया कि मृतक मजदूरों के परिवारों की शिकायत के आधार पर सूर्या कालीन कंपनी के प्रबंधक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 125 (दूसरों की जान या सुरक्षा को खतरे में डालने वाला कार्य) और धारा 106 (लापरवाही से मौत) के तहत प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।

### पीएम मोदी

द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि इसके बाद वे शेषावतार मंदिर जाएंगे। सुबह करीब 11 बजे प्रधानमंत्री माता अन्नपूर्णा मंदिर जाएंगे, इसके बाद वह राम दरबार गर्भगृह में दर्शन और पूजा करेंगे, जिसके बाद रामलला गर्भगृह में दर्शन करेंगे। बयान में कहा गया है कि दोपहर करीब 12 बजे प्रधानमंत्री श्री राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर भगवा झंडा फहराएंगे, जो मंदिर के निर्माण के पूरा होने और सांस्कृतिक उत्सव और राष्ट्रीय एकता के एक नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के एक बयान में कहा गया है कि समकोण त्रिभुजाकार ध्वज की ऊंचाई 10 फुट और लंबाई 20 फुट है। इस पर एक दीप्तिमान सूर्य की तस्वीर है जो भगवान राम के तेज और वीरता का प्रतीक है। इस पर ॐ अंकित है और कोविदार वृक्ष की तस्वीर भी है। पीएमओ ने कहा कि पवित्र भगवा ध्वज गरिमा, एकता और सांस्कृतिक निरंतरता का संदेश देगा और राम राज्य के आदर्शों का प्रतीक होगा।

### आज होगा

संचालित की जाने वाली चारधाम यात्रा को प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है। इस वर्ष अब तक चारधाम यात्रा में देश-विदेश से करीब 51 लाख श्रद्धालु पहुंच चुके हैं, जिनमें हेमकुंड साहिब गुरुद्वारे में मत्था टेकने आए 2.74 लाख श्रद्धालु भी शामिल हैं। प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इस बार यमुनोत्री में 6.44 लाख, गंगोत्री में 7.58 लाख, केदारनाथ में 17.68 लाख तीर्थयात्रियों ने दर्शन किया, जबकि बदरीनाथ में रविवार तक 16.47 लाख श्रद्धालु पहुंचे।

### भारतीय नौसेना

क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। सेना प्रमुख ने कहा कि यह नौसेना में निरंतर परिवर्तन की भी पुष्टि करता है, जो अपने लड़ाकू प्लेटफ़ॉर्म का डिज़ाइन, निर्माण और रखरखाव स्वयं करती है। एक अधिकारी ने बताया कि यह पहली बार था कि नौसेना के किसी जहाज के जलावतरण के अवसर पर सेना प्रमुख मौजूद थे। अधिकारी ने बताया कि समारोह के बाद जनरल द्विवेदी ने जहाज को नौसेना में शामिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले नौसेना कर्मियों को चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया। उन्होंने कहा कि यह एक दुर्लभ उपलब्धि है, जो आने वाले दिनों में और अधिक देखने को मिलेगी, क्योंकि सेना के तीनों अंगों के बीच तालमेल का स्तर बढ़ रहा है। जनरल द्विवेदी ने कहा कि भारतीय नौसेना पड़ोस के साथ-साथ दूर-दराज के देशों में वैश्विक परिवेश में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जहां सेना के प्रयास सौम्य और कठोर कूटनीति में पूरक और सहयोगी दोनों भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने इसे स्मार्ट कूटनीति बताया। माहे श्रेणी का पोत तटीय रक्षा की पहली पंक्ति का निर्माण करेगा, जो बड़े लड़ाकू जहाजों, पनडुब्बियों और विमानन परिसंपत्तियों के साथ एकीकृत होकर भारत के समुद्री परिचालन क्षेत्रों पर निरंतर निगरानी बनाए रखेगा। नौसेना ने कहा कि कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) द्वारा निर्मित आईएनएस माहे नौसैनिक जहाज के डिजाइन और निर्माण में देश की आत्मनिर्भर भारत पहल का एक अत्याधुनिक उदाहरण है।

### छत्तीसगढ़ : 15

कुहराम हुंगी (35) और मड़कम पांडू (30) पर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम घोषित था। इसके अलावा तीन अन्य नक्सलियों पर तीन से एक लाख रुपये तक का इनाम घोषित था।

अधिकारियों ने बताया कि नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर तथा माओवादियों की अमानवीय और आधारहीन विचारधारा, शोषण एवं अत्याचार से तंग आकर आत्मसमर्पण करने का निर्णय लिया। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को सरकार की नई पुनर्वास नीति के तहत प्रत्येक को 50-50 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दी गई है तथा अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। अधिकारियों ने बताया कि पिछले 23 महीनों में छत्तीसगढ़ में नक्सली नेताओं समेत 2,150 से अधिक नक्सली आत्मसमर्पण कर चुके हैं।

### न्यायमूर्ति सूर्यकांत

समारोह में शामिल हुआ। उनके आगे के कार्यकाल के लिए उन्हें शुभकामनाएं। समारोह में राष्ट्रपति मुर्मू, उप राष्ट्रपति राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री मोदी, प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, पूर्व प्रधान न्यायाधीश गवई और कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल की एक तस्वीर भी खींची गई। इस दौरान पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी मौजूद थे और उन्होंने भी न्यायमूर्ति सूर्यकांत को बधाई दी। हरियाणा के हिसार जिले में 10 फरवरी, 1962 को मध्यमवर्गीय परिवार में जन्मे न्यायमूर्ति सूर्यकांत एक छोटे शहर के वकील से देश के सर्वोच्च न्यायिक पद तक पहुंचे हैं। वह राष्ट्रीय महत्व और संवैधानिक मामलों के कई फैसलों और आदेशों का हिस्सा रहे। उन्हें कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से कानून में स्नातकोत्तर में प्रथम श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त करने का गौरव भी प्राप्त है।

### सैयद मोदी

थारुण मन्नपल्ली हमवतन सतीश कुमार करुणाकरण से भिड़ेंगे। वहीं घुटने की चोट के चलते काफी समय से कोर्ट से दूर रहे भारत के ही प्रियांशु राजावत क्वालीफायर के खिलाफ अपनी चुनौती पेश करेंगे। महिला एकल में शीर्ष वरीय भारत की उन्नति हुड्डा, आकर्षी कश्यप के खिलाफ जबकि दूसरी वरीय जापान की नोजोमी ओकुहारा क्वालीफायर के खिलाफ अभियान शुरू करेंगी। चूंकि इस चैंपियनशिप में भारतीय दल सबसे बड़ा है तो भारतीय खिलाड़ियों से सभी वर्गो में दमदार प्रदर्शन की उम्मीद है। यहां भारतीय खिलाड़ियों को अपनी तैयारियों की परख का मौका मिलेगा जहां वह अपने खेल में प्रदर्शन से सुधार कर महत्वपूर्ण रैंकिंग प्वाइंट अर्जित कर सकते हैं जो आने वाले समय में बड़े टूर्नामेंट में फायदेमंद भी हो सकती है। इतना ही नहीं, भारतीय खिलाड़ी आपस में खेलकर एक-दूसरे की परख कर सकते हैं। जापान की नोजोमी ओकुहारा मोदी बैडमिंटन में 2023 में महिला एकल चैंपियन रह चुकी है। ओलंपिक 2016 की कांस्य विजेता व पूर्व विश्व चैंपियन जापानी खिलाड़ी ने प्रैक्टिस के बाद लखनऊ को अपना पसंदीदा शहर बताया। उन्होंने कहा कि कि मुझे इस टूर्नामेंट से खास लगाव है और कोशिश करती हूं कि कभी यह टूर्नामेंट मिस न करूं। मैंने लखनऊ के नानवेज खाने के बारे में काफी सुना है और जरूर उसका लुत्फ उठाना चाहूंगी। उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव और आयोजन सचिव सुधर्मा सिंह ने बताया कि चैंपियनशिप में क्वालीफाइंग मुकाबले 25 नवंबर को सुबह नौ बजे से खेले जाएंगे। वहीं मुख्य ड्रॉ के कुछ मैच 25 नवंबर को भी खेले जाएंगे। चैंपियनशिप को कई प्रमुख कॉरपोरेट्स का सहयोग प्राप्त है, जिनमें अडानी, इन्वेस्ट यूपी, मिगसन, एपको, ओमैक्स और विराज ग्रुप मुख्य प्रायोजक के रूप में शामिल हैं। इसके अतिरिक्त इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड, क्लियो काउंटी ग्रुप, रेडिको खेतान, सिडबी, एंबर ग्रुप, पीआईसीएल और बिग एफएम जैसे प्रायोजकों का सहयोग भी आयोजन के स्तर और अनुभव को और बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### टिहरी : खाई में

घटना की जानकारी प्राप्त होते ही राहत बचाव की कमान स्वयं सभांली। मुख्यमंत्री ने टिहरी जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि घायलों के इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और जरूरत पड़ने पर उन्हें उच्च स्तरीय इलाज के लिए तुरंत रेफर किया जाए। सीएम धामी ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने दिवंगतों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह हादसा बेहद पीड़ादायक है और राज्य सरकार हर संभव तरीके से पीड़ित परिवारों की सहायता करेगी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस एक तीखे मोड़ पर पहुंचते ही अचानक बेकाबू होकर सड़क किनारे बने सुरक्षा पैरापेट को तोड़ते हुए नीचे जा गिरी। फिलहाल बस चालक के घायल होने की सूचना है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। प्राथमिक अनुमान है कि वाहन के ब्रेक फेल होने या चालक के नियंत्रण खोने से बस हादसे का शिकार हुई। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने इलाके में वाहनों की आवाजाही कुछ समय के लिए रोक दी है। कुंजापुरी मंदिर उत्तराखंड का प्रमुख धार्मिक स्थल है, जहां रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

# धर्मेंद्र के निधन से उनके पैतृक गांव में शोक





लुधियाना। पंजाब के लुधियाना जिले में एक-दूसरे से 30 किलोमीटर से भी अधिक दूर होने के बावजूद डांगो तथा साहनेवाल दो गुमनाम गांवों में एक बात समान है और वो है बॉलीवुड के ही-मैन धर्मेंद्र। इस समय इन दोनों गांव में लोकप्रिय अभिनेता के निधन के कारण शोक लहर फैल गयी है।

धर्मेंद्र का सोमवार को 89 वर्ष की आयु में मुंबई में निधन हो गया। उन्होंने 65 साल के अपने फिल्मी करियर में 300 फिल्में की थीं। समाचार चैनलों पर इस महान कलाकार के निधन की खबर फैलते ही डांगो और साहनेवाल में गहरा शोक छा गया। धर्म सिंह देओल का जन्म 1935 में नसरेली गांव में हुआ और उनके पिता केवल किशन सिंह देओल शिक्षक थे, जिनका तबादला होने के बाद वह परिवार के साथ साहनेवाल आकर बस गए थे। डांगो धर्मेंद्र का पैतृक गांव में जहां उनके निधन की खबर मिलने पर शोक की लहर दौड़ गयी। धर्मेंद्र के मित्र परमिंदर सिंह के मुताबिक, अभिनेता यहां लोगों से एक आम ग्रामीण की तरह मिलते थे और बॉलीवुड के किसी बड़े सितारे जैसी कोई चमक-धमक नहीं दिखाते थे। धर्मेंद्र के मित्र ने कहा, उन्होंने हमें ऐसा महसूस कराया कि वे भी हममें से ही एक हैं। लुधियाना में एक बार अभिनेता के परिवार की जमीन पर अवैध रूप से कब्ज़ा कर लिया गया था हालांकि, स्थानीय प्रशासन के सहयोग से वह उसे खाली करवाने में कामयाब रहे। हालांकि धर्मेंद्र अपनी बढ़ती उम्र के कारण इन स्थानों पर बहुत ज्यादा नहीं जाते थे लेकिन गांव वालों का कहना है कि अगर इन गांवों से कोई भी व्यक्ति मुंबई में उनसे मिलने की कोशिश करता था, तो अभिनेता उनसे खुशी-खुशी मिलते थे। धर्मेंद्र पिछले कुछ वक्त से बीमार थे और मुंबई के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। परिवार ने इस महीने की शुरुआत में घर पर ही उनका इलाज जारी रखने का निर्णय लिया था। वह आठ दिसंबर को 90 वर्ष के हो जाते। धर्मेंद्र की शादी प्रकाश कौर से हुई थी, जिससे उनके चार बच्चे हैं। इनमें दो बेटे अभिनेता बॉबी और सनी देओल तथा दो बेटियां विजेता और अजीता हैं। साल 1980 में उन्होंने मशहूर अभिनेत्री हेमा मालिनी से शादी कर ली और उस समय कथित तौर पर उनके इस्लाम धर्म अपनाकर शादी करने के दावे थे हालांकि धर्मेंद्र ने इस तरह की अटकलों को खारिज कर दिया था। धर्मेंद्र और हेमा की दो बेटियां- ईशा और अहाना देओल हैं। वह 14वीं लोकसभा में बीकानेर से भाजपा के सांसद थे।

# अधिक नहीं चला धर्मेंद्र का राजनीतिक सफर



नयी दिल्ली। दशकों तक धर्मेंद्र ने बड़े पर्दे पर राज किया लेकिन 2004 में उन्होंने फिल्म सेट की जगह राजनीतिक रैलियां कीं तथा राजस्थान के बीकानेर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार के रूप में लोकसभा चुनाव लड़ा और जीत भी हासिल की।

लुधियाना के पास साहनेवाल के मूल निवासी धर्मेंद्र के पंजाबी आकर्षण ने राजस्थान के मतदाताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके प्रचार अभियान में भारी भीड़ उमड़ती थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली भाजपा को चुनावों में हार का सामना करना पड़ा, जबकि धर्मेंद्र अपने चुनावी पदार्पण में ही सफल रहे और उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार रामेश्वर लाल डूडी को लगभग 60,000 मतों से हराया। हालांकि, संसद में पहुंचने के बाद, उनका राजनीति से जल्द ही मोहभंग हो गया। संसद में उनकी उपस्थिति कम थी और बहसों में उनकी सीमित भागीदारी पर सवाल उठे थे। वर्ष 2008 में एक साक्षात्कार में धर्मेंद्र ने राजनीति से अपने मोहभंग के बारे में बात की थी जब उन्होंने फिल्मी सितारों को एक सलाह दी थी। धर्मेंद्र ने कहा था, मैं यह नहीं कहूंगा कि राजनीति में आना कोई गलती थी, लेकिन हां, एक अभिनेता को राजनीति में नहीं आना चाहिए क्योंकि इससे दर्शकों और प्रशंसकों के बीच सामान्य स्वीकृति में विभाजन पैदा होता है। अभिनेता को हमेशा अभिनेता ही रहना चाहिए। मेरे लिए, इन सभी वर्षों में अपने प्रशंसकों से मिला प्यार और समर्थन ही सबसे बड़ी उपलब्धि है। संसद में कम उपस्थिति के बारे में पूछे जाने पर धर्मेंद्र ने कहा था कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र की समस्याओं को सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं।

# जब दिलीप कुमार के घर में घुसे धर्मेंद्र, उल्टे पांव वापस भागना पड़ा

नयी दिल्ली। धर्मेंद्र के फिल्मी दुनिया में लोकप्रिय अभिनेता के रूप में उभरने से पहले उस वक्त का दिलचस्प वाक्या सामने आया, जब धर्मेंद्र बंबई गए और हिम्मत जुटाकर अपने पसंदीदा अभिनेता दिलीप कुमार के घर के अंदर घुसकर उनके शयनकक्ष तक पहुंचे, लेकिन जब अभिनेता ने अपने घर में एक अजनबी को पाया तो धर्मेंद्र भाग खड़े हुए। वर्ष 1952 के किसी समय के इस दिलचस्प किस्से का जिक्र खुद धर्मेंद्र ने दिलीप कुमार की आत्मकथा द सब्सटेंस एंड द शैडो के स्मरण खंड में विस्तार से किया है।



धर्मेंद्र ने कहा था, 1952 में जब मैं कॉलेज के दूसरे वर्ष में था, तब मैं पंजाब के छोटे से शहर लुधियाना से बंबई आया। तब हम लुधियाना में रहते थे। उस समय अभिनेता बनने की मेरी कोई योजना नहीं थी, लेकिन मैं दिलीप कुमार से जरूर मिलना चाहता था, जिनकी फिल्म शहीद ने मेरी भावनाओं को गहराई तक छू लिया था। किसी अज्ञात कारण से मुझे लगने लगा था कि दिलीप कुमार और मैं भाई-भाई हैं। उन्होंने याद करते हुए कहा था, बंबई पहुंचने के अगले ही दिन, मैं हिम्मत करके दिलीप कुमार से मिलने बांद्रा के पाली माला इलाके में उनके घर गया। दरवाजे पर मुझे किसी ने नहीं रोका, इसलिए मैं सीधे मुख्य द्वार से घर में चला गया। ऊपर शयनकक्ष तक जाने के लिए लकड़ी की एक सीढ़ी थी। फिर भी, मुझे किसी ने नहीं रोका, इसलिए मैं सीढ़ियां चढ़कर ऊपर गया और एक कमरे के प्रवेश द्वार पर खड़ा हो गया। धर्मेंद्र ने याद किया कि एक गोरा, दुबला-पतला, खूबसूरत युवक सोफे पर सो रहा था। उन्होंने बताया था कि दिलीप कुमार ने किसी की मौजूदगी का आभास किया होगा और वे अचानक चौंककर जाग गए। धर्मेंद्र ने कहा था, मैं समझ नहीं पा रहा था कि क्या करूं, लेकिन मैं वहीं खड़ा रहा। वह सोफे पर बैठ गये और मुझे घूरने लगे, यह देखकर वह बिल्कुल हैरान रह गये कि एक अजनबी उनके शयनकक्ष के दरवाजे पर सावधानी से खड़ा उन्हें प्रशंसा भरी नजरों से देख रहा था। उनका कहना था, जहां तक मेरी बात है, मुझे अपनी आंखों पर यकीन नहीं हो रहा था - मेरे आदर्श दिलीप कुमार मेरे सामने थे। कुमार ने जोर से नौकर को आवाज दी। मैं डर के मारे सीढ़ियों से नीचे भागा और घर से बाहर निकलकर पीछे मुड़कर देखने लगा कि कहीं कोई मेरा पीछा तो नहीं कर रहा। धर्मेंद्र ने बताया था कि जब वह एक कैफे में पहुंचे और अंदर गए तो ठंडी लस्सी मांगी। उन्होंने याद करते हुए कहा था, जब मैं कैफे में बैठा अपने द्वारा उठाए गए इस कदम पर सोच रहा था, तो मुझे एहसास हुआ कि एक मशहूर अभिनेता की निजता में दखल देकर मैंने कितनी लापरवाही बरती थी। दिलीप कुमार की आत्मकथा के स्मरण खंड में, धर्मेंद्र ने यह भी याद किया कि इस घटना के छह साल बाद, वह यूनाइटेड प्रोड्यूसर्स एंड फिल्मफेयर टैलेंट कॉन्टेस्ट में हिस्सा लेने के लिए तत्कालीन बंबई लौटे। धर्मेंद्र ने बताया था, मैं अब सचमुच एक अभिनेता बनने के लिए उत्सुक था और मैंने अपने पिता को मना लिया था। मुझे विजेता घोषित किया गया और उसके बाद, मुझे फिल्मफेयर पत्रिका के कार्यालय में एक फोटोशूट के लिए आने को कहा गया। मुझे मेकअप करना नहीं आता था।

# बेटी ईशा देओल को फिल्मी दुनिया में नहीं आने देना चाहते थे धर्मेंद्र

नयी दिल्ली। अभिनेता धर्मेंद्र और अभिनेत्री हेमा मालिनी की बेटी ईशा देओल ने एक बार कहा था कि उनके पिता उन्हें फिल्मी दुनिया में शामिल होते नहीं देखना चाहते थे, बल्कि जल्द उनकी शादी करवाना चाहते थे। देओल ने 2024 में हॉटरफ्लाई से कहा, वह (धर्मेंद्र) नहीं चाहते थे कि मैं फिल्मों में आऊं। वह सही मायनों में रूढ़िवादी थे, क्योंकि वह पंजाबी थे, इसलिए वह चाहते थे कि मैं 18 साल की उम्र में शादी कर लूं और घर बसा लूं। कोई मेरे दिल से पूछे के लिए फिल्मफेयर अवार्ड में बेस्ट फीमेल डेब्यू का



पुरस्कार जीतने वाली अभिनेत्री ने कहा कि उनके परिवार में महिलाओं का पालन-पोषण इसी तरह होता है, लेकिन अपनी मां को पर्दे पर देखकर उनमें भी कुछ ऐसा ही करने की इच्छा जगी। उन्होंने कहा, उनके परिवार की महिलाओं का पालन-पोषण इसी तरह हुआ है। लेकिन मेरे घर में मेरी परवरिश बहुत अलग रही। अपनी मां को फिल्मों में अभिनय करते और उनके नृत्य को देखकर मुझे दिशा मिली। मेरे अंदर यह भावना जाग उठी कि मुझे कुछ करना है। देओल ने कहा कि उनके पिता को इस काम के लिए राजी करना कठिन था। ईशा ने कहा, उन्हें मनाने में काफी समय लगा, यह आसान नहीं था, लेकिन आज कहानी अलग है। ईशा और धर्मेंद्र ने 2011 में हेमा मालिनी द्वारा निर्देशित फ़िल्म टेल मी ओ खुदा में साथ काम किया था तथा इस फ़िल्म में दिवंगत अभिनेता विनोद खन्ना, ऋषि कपूर और फ़ारूक़ शेख भी थे।







Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com